

आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने मंगलवार को दूसरी बार राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ग्रहण की है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 78 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## आदर्श विचार



"समय और भाग्य दोनों परिवर्तनशील है इनपर कभी अहंकार नही करना चाहिए।"
भागवद्

## मन की बात



"ब्रह्मांड की सभी शक्तियां हमारे अंदर हैं।"
स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख





# 'विपक्ष हिंदू धर्म का करता है अपमान'

## इंडी गठबंधन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**साधा निशाना**

8 केएन लक्ष्मण ने पार्टी के लिए बहुत काम किया। उनका योगदान कभी नहीं भुला जा सकता: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**सलेम: प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के सलेम में एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी भावुक हो गए। पीएम मोदी ने जनसभा के दौरान अपने दिवंगत पूर्व साथियों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि केएन लक्ष्मण ने पार्टी के लिए बहुत काम किया। उनका योगदान कभी नहीं भुला जा सकता।

**ऑडिटर रमेश को याद कर भावुक हुए पीएम मोदी:** इसके साथ ही पीएम मोदी ने पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश को याद करते हुए कहा कि मैं रमेश को नहीं भूल सकता। रमेश ने पार्टी के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की और वह एक अच्छे वक्ता थे। पार्टी में उनका योगदान अतुलनीय रहा है, लेकिन आज वे हमारे साथ नहीं हैं। उनकी हत्या कर दी गई। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। श्रद्धांजलि देने के बाद पीएम मोदी थोड़ी देर के लिए रुके, फिर अपना भाषण शुरू किया।

**तमिलनाडु जानता है हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं:** पीएम मोदी ने कहा कि अभी तो चुनाव अभियान की शुरूआत हुई है। लेकिन इंडिया एलायंस के प्लान मुंबई में हुई उनकी पहली रैली में ही खुलकर सामने आ गए हैं। ये कह रहे हैं कि हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, उन्हें इस शक्ति का विनाश करना है। हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं, ये तमिलनाडु का हर व्यक्ति जानता है। इंडी गठबंधन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं नहीं लगाते। पीएम मोदी ने कहा कि ये इंडिया एलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है।

आप देखिए, और किसी धर्म का अपमान डीएमके और कांग्रेस का इंडिया एलायंस नहीं करता, किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते।

### शक्ति को खत्म करने का विचार रखने वालों का होगा विनाश: मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि हमारे शास्त्र साक्षी हैं कि विनाश उनका होता है, जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं। ऐसे खतरनाक विचार को हराने की शुरूआत 19 अप्रैल को सबसे पहले मेरा तमिलनाडु करेगा।

**भाजपा की योजनाओं में नारीशक्ति:** प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी, देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बनकर खड़ा है। महिलाओं को धुआं मुक्त जीवन देने के लिए हमने उज्ज्वला एलपीजी गैस कनेक्शन दिए, हमने फ्री मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए आयुष्मान योजना शुरू की। इन सभी योजनाओं के केंद्र में नारीशक्ति ही है। बता दें कि पीएम मोदी लोकसभा चुनाव से पहले पांच दिन के लिए दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। अजीत पवार गुट को सभी चुनाव संबंधी ऑडियो-विजुअल विज्ञापनों, बैनर और पोस्टर जैसी प्रचार सामग्री में इसी तरह की घोषणा करनी होगी।

# नायब सैनी सरकार का कुनबा बढ़ा



**विस्तार**

8 नायब सिंह सैनी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार हुआ, आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। सभी की नजरें पूर्व गृहमंत्री अनिल विज पर टिकी थी, जो इस समारोह से दूर नजर आए। शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया है। आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, बाकी सात को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

**ये है सैनी की नई टीम:** सोहना से विधायक संजय सिंह, विधायक विशंभर वाल्मीकि, सुभाष सुधा, अभय यादव, असीम गोयल, महिपाल ढांडा, बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, डॉक्टर कमल गुप्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली है। सूत्रों का दावा है कि सैनी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार पहले लोकसभा चुनाव के बाद होना था, लेकिन बाद में तय हुआ कि कैबिनेट में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बैठाने के बाद ही भाजपा लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे। अभी मंत्रिमंडल में सीएम ओबीसी, दो जाट, एक-एक एससी, गुर्जर और ब्राह्मण समाज से मंत्री हैं। पंजाबी, राजपूत, वैश्य और यादव समाज से कोई मंत्री नहीं था। इसलिए भाजपा हाईकमान ने चुनाव से पहले ही मंत्रिमंडल विस्तार को हरी झंडी दे दी। शनिवार को भी मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारियां हो गई थीं। मंत्रियों के लिए पांच गाड़ियां राजभवन के बाहर पहुंच गई थीं, लेकिन कुछ देर बाद आनन-फानन कार्यक्रम बदल दिया गया।

**नाराजगी की बात से विज का इनकार:** दो दिन पहले अंबाला छावनी में उपमंडल कार्यालय शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के अनावरण के दौरान विधायक अनिल विज ने अपनी चुप्पी तोड़ी थी।

# गृहमंत्री अमित शाह से मिले राज ठाकरे

## एनडीए में शामिल हो सकती है एमएनएस, मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट मिलने की संभावना



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उद्धव ठाकरे के भाई राज ठाकरे ने मंगलवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से करीब आधे घंटे मुलाकात की। चर्चा है कि लोकसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) भाजपा के कुनबे एनडीए में शामिल हो सकती है। राज ठाकरे को महाराष्ट्र में मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट देने की भी चर्चा है। इससे पहले दिल्ली में सुबह भाजपा महासचिव विनोद तावड़े खुद राज ठाकरे से मिलने होटल पहुंचे। कुछ देर बाद दोनों नेता वहां से बाहर निकले और अमित शाह के घर के लिए रवाना हो गए। आधे घंटे की मुलाकात के बाद राज ठाकरे वापस होटल चले गए।

**बाला नंदगांवकर को शिरडी से हो सकते हैं उम्मीदवार:** मनसे ने 3 लोकसभा क्षेत्रों में से 2 सीट दक्षिण मुंबई, नासिक या शिरडी की मांग की। ये तीनों सीटें शिंदे गुट के पास हैं। बीजेपी एक सीट देने तैयार है, इसके लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की भी सहमति ली गई, लेकिन बीजेपी दक्षिण मुंबई सीट चाहती है। शिंदे सेना नासिक नहीं छोड़ेगी। इसलिए रिजर्व सीट शिरडी से बाला नंदगांवकर को उम्मीदवार बनाने पर सहमति बन सकती है।

**कुनबा बढ़ा**

8 लोकसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी एमएनएस भाजपा के कुनबे एनडीए में शामिल हो सकती है

# वीजा रिश्वत मामले में कार्ति कोर्ट में तलब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने में रिश्वत लेने के मामले में पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने कार्ति चिदंबरम को 5 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। कोर्ट ने 26 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में ईडी ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन, पदम दुगार, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, विकास मखरिया, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और मंसूर सिद्दीकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने 25 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में सीबीआई ने मई 2022 में पी चिदंबरम के आवास पर छापा मारा था। सीबीआई के केस दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया था। सीबीआई के मुताबिक 14 मई 2022 को पी चिदंबरम के आवास पर तलाशी के बाद मामला दर्ज किया गया था। कार्ति चिदंबरम पर आरोप है कि वो 2011 में अवैध रूप से 50 लाख रुपये की रिश्वत प्राप्त करने के बाद 263 चीनी नागरिकों के वीजा की सुविधा प्रदान कर रहे थे।

# बीजेपी में शामिल हुए पूर्व आईएफएस अधिकारी तरणजीत सिंह संधू



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू भाजपा में शामिल हुए। 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी अमृतसर के रहने वाले है।

**अमृतशहर तक पहुंचना चाहिए विकास: तरणजीत सिंह संधू**

भाजपा में शामिल होने के बाद तरनजीत सिंह संधू ने कहा,"पिछले 10 वर्षों में मैंने पीएम मोदी के नेतृत्व के साथ मिलकर काम किया है, खासकर अमेरिका और श्रीलंका के साथ। आज विकास की बहुत जरूरत है और। यह विकास अमृतसर तक भी पहुंचना चाहिए। इसलिए मैं पार्टी अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे देश की सेवा के नए रास्ते पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें मैं प्रवेश कर रहा हूं।" भाजपा को अमृतसर सीट के लिए एक सिख चेहरे की तलाश थी। संधू की छवि न सिर्फ साफ-सुथरी है बल्कि राजदूत होते हुए उनके एनआरआई के साथ अच्छे संबंध भी है।

# चुनाव आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिवों के नामों को दी मंजूरी





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिव और पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटाने के बाद नए नामों पर मुहर लगा दी है। चुनाव आयोग ने बिहार में प्रत्यय अमृत, गुजरात में एके राकेश, उत्तर प्रदेश में दीपक कुमार, हिमाचल प्रदेश में ओंकार, झारखंड में वंदना डाडेल और उत्तराखंड में दिलीप जावलकर के नाम पर मोहर लगाई है। यह अब इन राज्यों के नए गृह सचिव होंगे। सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग ने संजय मुखर्जी को पश्चिम बंगाल का डीजीपी चुना है। राज्य सरकार से विवेक सहाय का नाम दिया गया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया। सहाय को इससे पहले 2021 में सुरक्षा उल्लंघन के मामले में चुनाव आयोग ने निलंबित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह राज्यों गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का निर्देश दिया था।

इसके अलावा पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को भी हटाने के निर्देश दिए थे। आयोग का मानना था कि कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय में पदभार संभाल रहे थे।

# उपेंद्र कुशवाहा की एनडीए से नाराजगी दूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** बिहार एनडीए से जुड़ी एक बड़ी खबर आई है। उपेंद्र कुशवाहा की एनडीए के साथ डील फाइनल हो गई है। उपेंद्र कुशवाहा अब एनडीए से नाराज नहीं हैं। दरअसल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े से मुलाकात की। मुलाकात को लेकर तावड़े ने कहा, "सीट बंटवारे के पहले ही कुशवाहा को बताया गया था लोकसभा की एक सीट व विधान परिषद की एक सीट दी जाएगी।" उपेंद्र कुशवाहा ने एक्स पर लिखा- आज मेरे दिल्ली आवास पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े जी से मुलाकात हुई। हमने बिहार की सभी 40 लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा की।

**बिहार एनडीए में सीटों का बंटवारा:** भाजपा खुद 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सहयोगी जदयू को 16 सीटें दी है। चाचा-भतीजा के बीच सीटों को लेकर चल रही जुबानी जंग में भतीजे की जीत हुई और चाचा पैदल हो गए। चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को पांच सीटें दी है।

# संजय सिंह ने दूसरी बार ली राज्यसभा सदस्य की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने मंगलवार को दूसरी बार राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ग्रहण की है। इस पर उनकी पत्नी ने खुशी जताई है। मालूम हो कि सदस्यता लेने के बाद आप नेता को फिर तिहाड़ जेल वापस जाना पड़ेगा। संजय सिंह के दूसरी बार राज्यसभा सदस्य बनने पर उनकी पत्नी अनीता सिंह ने प्रतिक्रया देते हुए खुशी जाहिर की है।

# सीएए पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के अमल पर फिलहाल रोक नहीं लगेगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने 9 अप्रैल को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि दोनों पक्ष 5-5 पन्ने का लिखित संक्षिप्त नोट जमा करवाएं। केंद्र सरकार 8 अप्रैल तक जवाब दे। सुनवाई के दौरान इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर इस दौरान किसी को नागरिकता मिले तो हमें सुप्रीम कोर्ट में दोबारा आने की अनुमति मिले। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि ठीक है। सुनवाई के दौरान कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील इंदिरा जय सिंह ने इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले को बड़ी बेंच के सामने भेजा जाए। कोर्ट ने पूछा कि 238 याचिकाओं में से कितने मामले में हमने नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि जिन याचिकाओं पर नोटिस जारी नहीं हुआ है उन पर नोटिस जारी करेंगे। याचिकाकर्ता ने कहा कि ऐसे में नोटिफिकेशन के लागू होने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस पर केंद्र के नोटिफिकेशन पर रोक की मांग वाली याचिका पर जवाब देने का समय मांगा है, ऐसे में उन्हें समय देना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि इस मामले से जुड़े असम से संबंधित मामले की सुनवाई हम अलग से कर सकते हैं। 16 मार्च को एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने नागरिकता संशोधन कानून के नोटिफिकेशन पर रोक लगाने की मांग करते हुए याचिका दायर की।

**आदेश**

8 दोनों पक्ष 5-5 पन्ने का लिखित संक्षिप्त नोट जमा करवाएं। केंद्र सरकार 8 अप्रैल तक जवाब दे

# बैंक ऑफ इंडिया ने होम लोन पर ब्याज दर 0.15 फीसदी घटाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को होम लोन पर मौजूदा ब्याज दर में 0.15 फीसदी की कटौती की है। बैंक की इस योजना में किसी तरह का प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा। नई दरें प्रभावी हो गई हैं। बैंक ने एक बयान में कहा कि नए आवास ऋण पर मौजूदा ब्याज दर 8.45 फीसदी को 0.15 फीसदी घटाकर 8.30 फीसदी कर दी गई है। बीओआई की यह योजना सीमित अवधि के लिए है, जो 31 मार्च 2024 तक लागू रहेगी। इसमें किसी तरह का प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा। होम लोन पर ब्याज दर में इस कटौती के बाद 30 साल के आवास ऋण पर मासिक किस्त (ईएमआई) 755 रुपये प्रति माह बैठेगी। बैंक ने कहा कि वह छत पर लगने वाले सौर संयंत्र के लिए सात फीसदी की ब्याज दर पर विशेष लोन की सुविधा दे रहा है।

**पारस खाली हाथ** बिहार में एनडीए सीट शेयरिंग में दरकिनार हुए राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस, भतीजे चिराग को 5 सीटें

# पशुपति पारस का मोदी कैबिनेट से इस्तीफा, राजद संपर्क में



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए में मेरे साथ नाइंसाफी हुई। अब मैं तय करूंगा कि कहां जाना है। मंगलवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ये ऐलान किया। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा, 5-6 दिन पहले मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि मैं तब तक इंतजार करूंगा, जब तक एनडीए सीटों की घोषणा नहीं करती। मैंने बहुत ईमानदारी से एनडीए की सेवा की। पीएम नरेंद्र मोदी देश के बड़े नेता हैं, लेकिन हमारी पार्टी और व्यक्तिगत रूप से हमारे साथ नाइंसाफी हुई। इसलिए मैं केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा देता हूं। सोमवार को बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए एनडीए ने शीट शेयरिंग की घोषणा कर दी। भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हम के बीच सीटों का बंटवारा हो गया। वहीं, इस बंटवारे में पशुपति कुमार पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोजपा को एक भी सीट नहीं मिली है। उनकी पार्टी को पूरी तरह से गठबंधन के अंदर इग्नोर कर दिया गया है। तब से वे नाराज हैं। सूत्रों के मुताबिक पशुपति पारस की पार्टी राजद के संपर्क में हैं। संभावना जताई जा रही है कि आज या कल में वे बड़ा ऐलान कर सकते हैं। पशुपति पारस ने पहले ही कह दिया है कि वो हर हाल में हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे। अब एनडीए में ये सीट चिराग को मिली है।

**तेजप्रपात बोले- साथ आएंगे तो स्वागत है:** पारस के इस्तीफे पर तेजप्रताप यादव ने कहा कि उन्होंने बहुत अच्छा फैसला लिया है। पहले ही एनडीए छोड़ देना चाहिए था।

**छूटा साथ**

8 मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि मैं तब तक इंतजार करूंगा, जब तक एनडीए सीटों की घोषणा नहीं करती

# शरद पवार गुट को मिली नए नाम और चुनावी चिह्न की परमिशन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट** ने लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल का दिया आदेश सुप्रीम कोर्ट ने शरद पवार को मंगलवार (19 मार्च, 2024) को बड़ी राहत दी है। दरअसल, कोर्ट ने शरद पवार गुट को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का और पार्टी चिन्ह 'तुरहा बजाते व्यक्ति' का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है।

**लोकसभा चुनाव में नया चिह्न होगा पहचान:** जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अनुभवी राजनेता शरद पवार गुट को 'तुरहा बजाते हुए आदमी' को अपने चुनावी चिह्न के तौर पर इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही, उन्होंने शरद पवार गुट को निर्देश दिया है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव इन्हीं चिह्न और नाम के आधार पर लड़ेंगे। पीठ ने चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और उसके चुनाव चिह्न 'तुरहा बजेता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया है।

**इजाजत**

8 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का और पार्टी चिन्ह 'तुरहा बजाते व्यक्ति' का इस्तेमाल करने की मंजूरी

# 6वीं की छात्रा से 3 महीने तक दुष्कर्म, अचानक पेट दर्द के बाद पता चली बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादनगर।** एक कॉलोनी में 13 वर्षीय छात्रा के साथ पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। तबीयत खराब होने पर जब स्वजन ने छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया जो उसके गर्भवती होने का पता चला। पड़ोसी आरोपित पिछले तीन महीने से हत्या की धमकी देकर दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को पकड़ लिया है। छात्रा का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**अचानक छात्रा के पेट में दर्द :** एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति कामगार हैं। उनकी 13 वर्षीय बेटी एक स्कूल में कक्षा छह की छात्रा हैं। पत्नी से तीन महीने पहले विवाद हुआ था। तभी से वह मायके रहने लगी। अब व्यक्ति व उनकी बेटी अकेले रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से छात्रा की तबीयत खराब थी। उनके पेट में दर्द हो रहा था। आसपास के चिकित्सक को दिखाया, लेकिन आराम नहीं लगा।

**जांच में गर्भवती निकली छात्रा :** रविवार को अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ी। पिता घबराकर अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां चिकित्सकों ने कुछ जांच कराई। इसमें पता चला कि छात्रा तो गर्भवती है। यह सुन पिता हक्के-बक्के रह गए। उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने इस बारे में जब छात्रा से पूछा तो वह सहम गई। सख्ती से पूछने पर उसने रोते हुए बताया कि पड़ोसी आरोपित ने तीन महीने पहले घर में आकर दुष्कर्म किया था। आरोपित ने धमकी दी यदि किसी से इस बारे में बताया तो पूरे परिवार को जान से मार देगा। इसके बाद जब भी पिता ड्यूटी जाते तो आरोपित घर आता। यहां उनके साथ दुष्कर्म करता। मना करने पर उन्हें कई बार पीटा भी। वह आरोपित की धमकी से घबराकर चुप रही। छात्रा की बात से गुस्सा पिता तुरंत आरोपित के घर पहुंचे और उससे गाली-गलौज की।

**दबिश के बाद आरोपित गिरफ्तार:** इस पर आरोपित ने उनसे अभद्रता की। हत्या की धमकी देकर भगा दिया। परेशान आकर थाने पहुंचे और पुलिस को सारी बताई। पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल केस दर्ज कर लिया।

# हिंडन एयरपोर्ट से आदमपुर शहर के लिए टिकट की बुकिंग

**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से जालंधर के आदमपुर के लिए सोमवार देर शाम को टिकट की बुकिंग शुरू हो गई है। आप स्टार एयर एयरलाइंस की वेबसाइट या यूपीआइ से टिकट बुक कर सकते हैं। 31 मार्च को आदमपुर के लिए पहली फ्लाइट शुरू होगी। स्टार एयर एयरलाइंस कंपनी इस फ्लाइट को शुरू कर रही है।

# नोएडा, गाजियाबाद में अब सोसायटी परिसर में ही कर सकेंगे वोट, बनेंगे वोटिंग बूथ




**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने की चिंता तो बहुत होती है, इसके लिए चुनाव आयोग की तरफ से नियम भी बने हैं। किंतु इसे धरातल पर लाने के लिए प्रयास में तेजी कुछ ही जगह दिखती है। इस बार एनसीआर के दो बड़ी आबादी वाले शहरों में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए सोसायटियों में ही बूथ बनाने की बड़ी पहल की जा रही है। अब सोसायटीवासियों को वोट डालने के लिए दूर बने केंद्रों पर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें अपने आशियाने से बाहर निकलते ही वोट डालने की सुविधा मिलेगी। ऐसी सुविधा देने का नया और ऐतिहासिक प्रयोग गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकरी मनीष कुमार वर्मा ने किया है। उन्होंने दोनों शहरों की 62 सोसायटियों में 100 मतदान केंद्र बनाए हैं।

**मत-प्रतिशत बढ़ाने की पहल को मिलेगी मदद :** जिलाधिकारी के इस निर्णय से न केवल निर्वाचन आयोग की मत-प्रतिशत बढ़ाने की पहल को भी मदद मिलेगी, बल्कि यह नवाचार दूसरों शहरों के लिए भी अनुकरणीय बनेगा। आने वाले दिनों में ऐसी व्यवस्था अन्य शहरों में भी हो सकती है। हाइराइज सोसायटियों में रहकर 24 घंटे व्यस्त रहने वाले लोगों को इस व्यवस्था से काफी सुविधा मिलेगी। कार्यों में व्यस्त रहने एवं मतदेय स्थल दूर होने की वजह से वे वोट डालने नहीं जाते हैं, लेकिन अब जबकि पास मतदान केंद्र होगा तो कुछ समय निकालकर वे देश के सबसे बड़े महापर्व में अपने मत की आहुति दे सकेंगे। पूर्व में हुए चुनावों में अक्सर देखा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में मत प्रतिशत काफी कम रहता था। लंबी लाइन, सड़क संकरी होने से मतदान केंद्रों तक वाहन के जाने की अड़चन व अन्य कारणों से सोसायटी के लोग मतदान से परहेज करते हैं। ऐसे में हाइराइज सोसायटी में मतदान केंद्र बनाना अच्छा है।

**90,000 से अधिक वोटर को होगी सुविधा:** विधानसभा क्षेत्र नोएडा व दादरी में सर्वाधिक सोसायटियां हैं। नोएडा की 31 सोसायटी में 52 व दादरी की 31 सोसायटी में 48 समेत कुल 100 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। नोएडा विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली हाइराइज सोसायटी के मतदेय स्थलों पर अभी 51,489 व दादरी विधानसभा में आने वाली हाइराइज सोसायटी के मतदेय स्थलों पर 39,288 मतदाता है। सोसायटी में बने मतदेय स्थल पर कुल मतदाताओं की संख्या 90,777 है। मतदाता बनने के लिए नए आवेदन आ रहे हैं। मतदान तक सोसायटी में एक लाख से अधिक मतदाता हो सकते हैं।

**स्कूलों की सूरत भी बदल दी:** नोएडा, ग्रेटर नोएडा में संचालित परिषदीय स्कूलों का कायाकल्प कर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर का नाम सबसे ऊपर गिना जा रहा है। प्रदेश सरकार गौतमबुद्ध नगर के स्कूलों को अन्य जिलों के सामने मॉडल की तरह प्रदर्शित कर रही है। इसका श्रेय मनीष वर्मा के नेतृत्व को है। एक साल में 300 करोड़ से स्कूलों में स्मार्ट क्लास से लेकर अन्य सुविधाएं दी गई हैं। छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार कराया। इससे प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर पहले स्थान पर पहुंच गया।

**खनन और बाढ़ रोकने के लिए भी कर चुके हैं नवाचार:** नोएडा, ग्रेटर नोएडा की सीमा से हरनंदी और यमुना दो नदियां गुजरती हैं। दोनों में पूर्व में बाढ़ से किसानों को नुकसान उठाना पड़ता था। यहां बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन भी होता था। बतौर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की तैनाती के बाद से कई अन्य बदलाव भी शहर में हुए हैं। सबसे पहले इन्होंने दो कार्यों पर नवाचार कर अवैध खनन को रोका।


## गुमशुदा महिला की तलाश


निर्मला देवी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **निर्मला देवी, पत्नी स्वर्गीय श्री हरीश,** निवासी ए-368, दुर्गा विहार, नई दिल्ली। आयु 47 वर्ष, कद 5', रंग गोरा, गोल चेहरा, मध्यम शरीर, जो सफेद रंग का सूट सलवार, मटमैले रंग का दुपट्टा तथा पैरों में सफेद रंग की जूती पहने हुए दिनांक 23.02.2024 को अपने घर से लापता है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास करने के बावजूद भी इस महिला के बारे में पता नहीं चल सका है। इस संदर्भ में डीडी नं. 102, दिनांक 14.03.2024 को थाना नेब सराय, दिल्ली में दर्ज है।


यदि किसी व्यक्ति को इस लापता महिला के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ईमेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-23011334
फोन नं.: 011-23014046, 23015218

थाना प्रभारी
थाना: नेब सराय, नई दिल्ली
फोन: 7065569305, 8010666440

DP/3212/SD/2024

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम:** रमेश, **पुत्र:** राजबीर, **पता:** पुरानी दिल्ली रेलवे पार्सल गोदाम, **उम्र:** 70–75 साल, **कद:** 5'5'', **लिंग:** पुरुष, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** सफेद रंग की जैकेट, नारंगी रंग का हाफ निकर, **बरामदी स्थल:** जिसे दिल्ली के अरुणा आसफ अली सरकारी अस्पताल में एमएलसी संख्या 338/24 के तहत भर्ती कराया गया और उसे दिल्ली के अरुणा आसफ अली सरकारी अस्पताल से दिल्ली के लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

इस सम्बंध में **DD No. 30A,** दिनांक 15.03.2024, पुलिस स्टेशन: पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन: पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011–23961522, 8130347946

DP/3281/Rly/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रशांत कुमार पुत्र श्री सुनील कुमार निवासी म. न. 9721, गली नं. 08, मुल्तानी ढांडा, पहाड़ गंज, दिल्ली** ने एफआईआर नं. 153/2019, **अन्तर्गत धारा 356/379/411 आईपीसी के तहत थाना सदर बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रशांत कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रशांत कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. 153/2019, **अन्तर्गत धारा 356/379/411 आईपीसी के तहत थाना सदर बाज़ार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रशांत कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 18.04.2024 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री गौरव गोयल**
महानगर दण्डाधिकारी
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 247,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/3185/N/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन कुमार** पुत्र **बलजोर सिंह,** निवासी G-5, संगम पार्क प्रथम पुस्ता महर्षि गार्डन न्यू एसटी के पास थॉमस पब्लिक स्कूल खोरा कॉलोनी थाना: इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यू.पी. ने **Case No. 5098/19 FIR 378/13 U/s 393/455/34 IPC. & 27/54/59 Arms Act.,** के अंतर्गत थाना: **केशव पुरम,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सचिन कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सचिन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case No. 5098/19 FIR 378/13 U/s 393/455/34 IPC. & 27/54/59 Arms Act.,** थाना: **केशव पुरम,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सचिन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिव्या अरोड़ा, **MM,**
(NW) कमरा नंबर 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3228/NW/2024


# नोएडा में एक्सप्रेस-वे पर पीछे से आ रही गाड़ी ने मारी टक्कर

**नोएडा।** कोतवाली फेज-दो क्षेत्र में चार दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में बाइक सवार सास और दामाद की मौत हो गई। दामाद की उसी समय मौत हो गई थी, जबकि सास ने उपचार दौरान दिल्ली में दम तोड़ा। पुलिस ने मृतका के भतीजे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**कट के पास पीछे से गाड़ी ने मारी टक्कर :** कोतवाली फेज-वन क्षेत्र के सेक्टर-पांच स्थित जेजे कॉलोनी के जितेंद्र ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि

चाची राजवती 16 मार्च को बाइक द्वारा नोएडा से ग्रेटर नोएडा जा रही थीं। बाइक को उनके दामाद धीरज सिंह निवासी गांव गाढ़ा चला रहे थे।

# 10 हजार लोगों के साथ 'हेरा-फेरी', 20 करोड़ रुपये लेकर चिटफंड कंपनी के मालिक फरार



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** छोटी बचत पर ज्यादा ब्याज का लालच देकर प्रताप विहार में रायल फाइन इंडिया निधि लिमिटेड के नाम से चल रही चिटफंड कंपनी के संचालक करीब दस हजार लोगों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गए। सुबह ब्रांच पर ताला लगा होने की सूचना मिलने पर लोग एकत्र होने शुरू हुए। विजयनगर थाने पर पहुंचे जमाकताओं ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस कंपनी के तीन कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है।

**तीन-चार साल पहले खुली थी कंपनी :** विजयनगर थाने के सामने प्रताप विहार सेक्टर-12 में रायलफाइन इंडिया निधि लिमिटेड के नाम से तीन-चार वर्ष पूर्व चिटफंड कंपनी का दफ्तर खुला। कंपनी ने जिलेभर में एक हजार से ज्यादा कलेक्शन एजेंट रखे। कलेक्शन एजेंट लोगों को छोटी बचत पर बड़े ब्याज का झांसा देकर रोजाना उनके दरवाजे से ही धनराशि एकत्र करते और पासबुक में भी एंट्री करते। कंपनी ने मोबाइल एप भी बनाया हुआ था। इसमें बचतकर्ता अपनी जमा धनराशि की जानकारी प्राप्त कर सकें। पूरे जिले में ठेली, खोमचा, दुकान समेत अन्य छोटे व्यापारियों से कंपनी ने 20 करोड़ रुपये से ज्यादा एकत्र किए और सोमवार सुबह आफिस पर ताला डालकर फरार हो गए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **(1) इस्माइल,** पुत्र स्वर्गीय अब्दुलगंज, निवासी एच-215, शहीद नगर, पुलिस चौकी ईदगाह के पास, साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद, उ.प्र. **(2) फिरदोश,** पुत्र इस्माइल, निवासी उपरोक्त अनुसार, **(3) सितारा नाज,** पुत्र इस्माइल, निवासी उपरोक्त अनुसार, ने **एफआईआर संख्या 30/2017, धारा 498ए/406/34 आईपीसी, पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इस्माइल, फिरदोश** और **सितारा नाज,** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **इस्माइल, फिरदोश** और **सितारा नाज,** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **इस्माइल, फिरदोश** और **सितारा नाज,** केस **एफआईआर संख्या 30/2017, धारा 498ए/406/34 आईपीसी, पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**नवदीप गुप्ता,**
महानगर दण्डाधिकारी,
कमरा नं. 109, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2645/RD/2024
(Court Matter)

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 15/2023/2024 — दिनांक: 14.03.2024

### ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 19.04.2024 को 13.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.:** 416 | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 2,34,96,000.00 |
| **जेम बिड नं:** GEM/2024/B/4762169 Dated 14.03.2024 | |
| **कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के अनुभाग में पाँच वर्ष तक ट्रैक आधारित फेज गेज लुब्रिकेटर से सप्लाई एवं इंस्टालेशन का कार्य। | |
| **बयाने की रकम (रू.):** ₹ 2,67,480.00 | **कार्य समापन की अवधि :** 05 वर्ष |
| **निविदा नं.:** 417 | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 56,38,500.00 |
| **जेम बिड नं:** GEM/2024/B/4776575 Dated 14.03.2024 | |
| **कार्यों का विवरण:** वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के अन्तर्गत सहायक मण्डल इंजीनियर चुनार एवं सहायक मंडल इंजीनियर मिर्जापुर के अधीन वरिष्ठ खण्ड इंजीनियर चुनार, चुर्क एवं वरिष्ठ खण्ड इंजीनियर मिर्जापुर के लिए 9 टन क्षमता वाले 3 नं0 ट्रक वाहन की आपूर्ति का कार्य। | |
| **बयाने की रकम (रू.):** ₹ 1,12,780.00 | **कार्य समापन की अवधि :** 02 वर्ष |
| **निविदा खुलने की तिथि:** दोनों निविदाओं के लिये '19.04.2024' | |
| **इलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य:** निविदा नं. 416 के लिये **'मिल'** एवं निविदा नं. 417 के लिये **'सप्लाई आफ रोड वेहिकल्स आन हायरिंग बेसिस टू सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेन्ट सेमी गवर्नमेन्ट बाडीज आफ सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेन्ट एवं पब्लिक सेक्टर अन्डर टेकिंग आफ सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेन्ट'**। | |

नोट:- (1) आन लाइन निविदा खुलने की तिथि को 13:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। (2) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। **501/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त सत्य प्रकाश, पुत्र राम मूर्ति,** पता: कृष्णा नगर, थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद, उ.प्र., ने **E-FIR No. 765/2018 dated 07.01.2018, U/s 379 IPC** थाना गाजीपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सत्य प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सत्य प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 765/2018, dated 07.01.2018 U/s 379 IPC** थाना गाजीपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सत्य प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2024** को या इससे पूर्व हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री हिमांशी त्यागी,**
महानगर दण्डाधिकारी– 03,
कमरा नं. 16, पूर्वी जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3130/ED/2024


# कार भिड़ंत के बाद बीच सड़क पर दंपती को पीटा

**नोएडा।** कोतवाली फेज-वन क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ युवकों पर मारपीट का आरोप लगा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया है।

महिला के पति राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि सेक्टर-दो स्थित वेंडिंग जोन में उनका फूड कोर्ट है। मंगलवार को फूड कोर्ट के नजदीक उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की हुई थी। इस दौरान एक कार में उनकी खड़ी बाइक हल्की सी छू गई। तभी वाहन मालिक ने अपने साथियों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## Change of Name

I Jatinder Singh S/o Krishan R/o Dauhla (80), PO- Dyohla Dist- Jind, Haryana- 126125 have changed my name to Bittu.

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# भाजपा सांसदों की कलई खोलने वाली पेश करेंगे चार्जशीट

## बीजेपी के सातों प्रत्याशियों के एजेंडे पर कांग्रेस ने किया वारः दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अरविंदर सिंह लवली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अरविंदर सिंह लवली ने मंगलवार को प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि भाजपा के सातों प्रत्याशियों ने चुनाव जीतने के बाद आगामी 100 दिन का एजेंडा साझा किया। बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि जिस पार्टी के सांसद 10 वर्ष से लोकसभा में दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लेकिन उन 10 सालों का रिपोर्ट कार्ड जारी करने के बजाए आगे की बात कर रहे हैं। जल्द ही कांग्रेस सभी भाजपा सांसदों की कलई खोलने वाली एक चार्जशीट जनता के बीच में लाएगी। भाजपा ने वादा किया है कि नई दिल्ली की तरह दिल्ली के अन्य हिस्सों में भी केंद्रीय अस्पताल खोले जाएंगे। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि 10 साल बाद भी क्या सिर्फ प्रयास करेंगे?

**यमुना पर तो मैं क्या ही बोलूं? 'दशकों से चले आ रहे वही वादे':** दक्षिणी दिल्ली से प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी तो जो वादे कर रहे हैं, वो दशकों से चले आ रहे हैं। उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद और प्रत्याशी मनोज तिवारी अभी तक भी एक सेंट्रल स्कूल चालू नहीं करवा पाए। आचार संहिता लगने से दो घंटे पहले इन्होंने एक आधे अधूरे स्कूल का उदघाटन किया, हालांकि स्कूल कब शुरू होगा, पता नहीं।

**प्रदूषण रोकने और मेट्रो विस्तार की बातें हवा हवाईः** भाजपा वायु प्रदूषण से लड़ने और नए उपकरण लगाने की बात कर रही है। जबकि पहले लगे हुए उपकरण स्मारक बन गए हैं। सातों प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्र में मेट्रो के विस्तार की बात कर रहे हैं, लेकिन पुराने फेज भी अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं। भाजपा सांसदों ने 2014 में गांव गोद लेने की घोषणा भी की थी, लेकिन 56 की जगह 12 गांव गोद लिए, उन में भी कुछ खास काम नहीं हुआ। भाजपा सांसदों ने दिल्ली वालों के साथ जो किया है, वो आपराधिक कृत्य है। पूर्व मंत्री हारून यूसुफ ने कहा क भाजपा 10 साल से दिन में तारे दिखा रही है। हर बार प्रत्याशी बदल देती है। हर चुनाव में नए वादे, नई घोषणाएं, नए लोग। मैं कहना चाहूंगा कि राजधानी का मजाक न बनाएं। आने वाले वक्त में कांग्रेस भाजपा के इन सभी कारनामों को उजागर करती रहेगी।






### अलका लांबा-उदित राज...3 सीटों पर कांग्रेस से किसे मिलेगा टिकट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और आप ने भले ही राजधानी की चुनावी रणभूमि में अपने योद्धा उतार दिए हों, लेकिन कांग्रेस अभी ऐसा नहीं करेगी। रणनीति के तहत पार्टी अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा और टाल सकती है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में भी राजधानी को लेकर कोई निर्णय या घोषणा होने के आसार कम ही हैं। गौरतलब है कि इस बार दिल्ली में कांग्रेस पहली बार गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। आप से गठबंधन में उसे तीन और आप को चार सीटें मिली हैं। आप अपने हिस्से की चारों सीटों पर उम्मीदवार तय और घोषित कर चुकी है, लेकिन कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पहले उम्मीदवारों के नाम इसलिए तय और घोषित नहीं हुए क्योंकि दिल्ली इकाई की स्क्रीनिंग कमेटी ने सीईसी को हर सीट पर तीन तीन नामों का पैनल भेजा था। इस पर सीईसी ने स्क्रीनिंग कमेटी को अपने स्तर पर ही एक एक नाम तय करके भेजने को कहा, लेकिन सीईसी के निर्देश पर उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ती, उससे पूर्व ही चुनाव का शेडयूल घोषित हो गया। दिल्ली में मतदान छठे चरण में 25 मई को होना है। यानी अभी दो महीने से भी अधिक समय है। ऐसे में पार्टी अब दिल्ली के संदर्भ में थोड़ी ढीली पड़ गई है। वरिष्ठ पार्टी नेताओं का कहना है कि इतने लंबे समय तक प्रचार कर पाना किसी भी उम्मीदवार के लिए संभव नहीं हो पाता।

# जेल में ही मनेगी सिसोदिया और संजय सिंह की होली




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की होली इस बार जेल में ही मनेगी। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष अदालत ने मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत छह अप्रैल तक बढ़ा दी है।

**6 अप्रैल को होगी अगली सुनवाईः** न्यायिक हिरासत की समयावधि समाप्त होने पर ईडी ने सिसोदिया को विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया था। मामले में अगली सुनवाई छह अप्रैल को होगी। पिछली सुनवाई में ईडी ने कहा था कि आरोपित कार्यवाही में देरी करने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने अपने आवेदन में यह भी आरोप लगाया था कि आरोपितों को उपलब्ध कराई गई जानकारी व सीसीटीवी फुटेज का आप नेताओं द्वारा मीडिया में जांच एजेंसी के खिलाफ निराधार अपमानजनक बयानों के माध्यम से दुरुपयोग किया जा रहा है। मामले में सीबीआई ने फरवरी 2023 में सिसोदिया को गिरफ्तार किया और नौ मार्च को ईडी ने उन्हें तिहाड़ जेल से हिरासत में ले लिया था।

# फागुन की 'बयार' में फल व सब्जियों से तैयार हो रहा 'जैविक गुलाल'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** फागुन की बयार में यमुनापार जैविक गुलाल की खुशबू से महकने लगा है। यमुनापार के सात विभिन्न इलाकों में 185 महिलाओं को स्वरोजगार मिला है। इनमें आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा व अशिक्षित महिलाएं शामिल हैं। ये महिलाएं फल, फूल व सब्जियों और उनके छिलकों से जैविक व सुगंधित गुलाल तैयार कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती दे रही हैं। बीते चार महीनों से शुरू हुए काम से अभी तक आठ लाख से अधिक रुपये की बिक्री हो चुकी है। बिक्री से हुए मुनाफे को सभी महिलाओं में बराबर वितरित किया जाता है।



**गुलाल तैयार करने की प्रक्रियाः** अशोक नगर केंद्र में कार्यरत खुशी ने बताया कि हमें जिस रंग का गुलाल तैयार करना होता है, उसी रंग की सब्जी, फल या फूल को मिक्सी में पीसकर उसका पेस्ट तैयार करते हैं। तैयार हुए पेस्ट में सूखापन लाने के लिए अरारोट मिलाते हैं। दो-तीन दिन सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है। सूती कपड़े में छानने के बाद खुशबू के लिए सुगंधित तेल मिलाया जाता है। भगवानपुर खेड़ा की प्रभारी पिंकी ने बताया कि एक केंद्र पर एक दिन में लगभग 70-75 किलो गुलाल तैयार होता है। यमुनापार के शाहदरा, नंद नगरी, अशोक नगर, भगवानपुर खेड़ा, वेलकम, न्यू माडर्न शाहदरा और बलबीर नगर सहित कुल सात केंद्रों में यह जैविक गुलाल तैयार किया जा रहा है।

# 777 करोड़ में बनी दिल्ली की प्रगति मैदान टनल 18 महीने में बदहाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रगति मैदान सुरंग सड़क में पानी के रिसाव पर अपनी रिपोर्ट देने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)ने पांच विशेषज्ञों की समिति बना दी है। समिति इस मामले में 30 दिन के अंदर रिपोर्ट देगी। विशेषज्ञ समिति आइटीपीओ सुरंग में पानी के रिसाव के संबंध में इसकी निर्माणकर्ता कंपनी एलएंडटी द्वारा प्रस्तुत विधि विवरण और प्रस्ताव की जांच करेगी। समिति सुरंग के मूल डिजाइन और उसकी कारीगरी की भी जांच करेगी। समिति में डीएमआरसी, सीपीडब्ल्यूडी तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी शामिल किए गए हैं।

**कंपनी को भेजा था 500 करोड़ का नोटिसः** बता दें कि सुरंग सड़क को लेकर विवाद उस समय बढ़ गया था, जब उपराज्यपाल वी के सक्सेना के निर्देश पर फरवरी में लोक निर्माण विभाग ने घटिया काम का आरोप लगाकर निर्माणकर्ता कंपनी एलएंडटी (लार्सन एंड टूब्रो) को 500 करोड़ रुपये का कानूनी नोटिस भेजा था।

उस समय उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को विभाग के संबंधित अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के खिलाफ कार्रवाई के लिए भी कहा था। लोक निर्माण विभाग ने कंपनी को दिए नोटिस में उन मुद्दों को उठाया था जिनके कारण एक बेहतर परियोजना बदतर हालत में पहुंच गई। जिसमें मुख्य मुद्दा सुरंग सड़क में हो रहे जलभराव को लेकर उठाया गया था।

# 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं में पुरुषों पर भारी महिलाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजधानी का लिंगानुपात भले ही एक हजार पुरुषों की तुलना में 932 हो लेकिन 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं में महिला पुरुषों पर भारी हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में 14718119 मतदाताओं में से 263771 मतदाता ऐसे हैं जो 80 वर्ष से अधिक आयु वाले हैं। खास बात यह है कि यहां पर भी महिला मतदाता पुरुष मतदाताओं से ज्यादा हैं। दिल्ली निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार 263771 मतदाता 80 से अधिक आयु वाले हैं। जिसमें पुरुषों की अपेक्षा में इस आयु श्रेणी में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। इसमें 134705 महिला मतदाता है जबकि 129059 पुरुष मतदाता हैं। दिल्ली सरकार के जन्म और मृत्यु दर की हालिया रिपोर्ट के अनुसार राजधानी में महिलाओं की औसत आयु पुरुषों से ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में महिलाएं 76.2 वर्ष तक जीवित रह रही हैं जबकि पुरुष 73 वर्ष तक की औसत आयु तक ही जीवित रह रहे हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं की संख्या भी पुरुष मतदाता की संख्या 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले मतदाताओं में ज्यादा है। पश्चिमी दिल्ली में 80 साल से अधिक के मतदाता दिल्ली में सात लोकसभा क्षेत्रों में 80 से अधिक आयु वर्ग की श्रेणी में सर्वाधिक मतदाता पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में है। यहां पर इस श्रेणी में 50208 मतदाता हैं।



# निर्दोष हूं' साबित करने में सत्येंद्र जैन पूरी तरह फेल'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आप नेता और दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन 9 महीने बाद सोमवार को एक फिर से तिहाड़ जेल पहुंच गए। वह मेडिकल आधार पर अभी तक अंतरिम जमानत पर बाहर थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका को खारिज करते हुए तुरंत सरेंडर करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने साथ में यह भी कहा कि ईडी द्वारा इकट्ठा किए गए पर्याप्त सबूत दशार्ते हैं कि दो सहयोगी के साथ वह कथित अपराध के लिए पहली नजर में दोषी हैं। जस्टिस त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने अंतरिम जमानत पर बाहर चल रहे सत्येंद्र जैन को तुरंत सरेंडर करने को कहा था। पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आवेदक (सत्येन्द्र जैन) ने कैश के बदले आवास प्रविष्टियों के विचार की कल्पना की थी।

# नफे सिंह हत्याकांड में शामिल दो शूटरों के विदेश भाग जाने की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी हत्याकांड में शामिल दो शूटर नकुल सांगवन व अतुल के विदेश भाग जाने की आशंका जताई जा रही है। स्पेशल सेल का कहना है कि हो सकता है कि दोनों ने नफे सिंह की हत्या से पहले ही किसी अन्य नाम व पते पर फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवा रखा हो, जिसके जरिये वे विदेश भाग जाने में कामयाब हो गए हों।



**तलाश में थी दो राज्यों की पुलिसः** दिल्ली व हरियाणा पुलिस घटना के बाद से लगातार दोनों को ढूंढने में जुटी हुई थी, लेकिन दोनों राज्यों की पुलिस को कोई सुराग न मिलने पर अब उनके विदेश भाग जाने की आशंका होने लगी है। पुलिस का कहना है कि नकुल व अतुल के नहीं पकड़े जाने पर नफे सिंह की हत्या के मकसद का पता लग पाना बहुत मुश्किल हो सकता है। पुलिस को उम्मीद थी कि इन दोनों के पकड़े जाने पर हत्या के मकसद का पता लग जाएगा, क्योंकि दोनों लंदन में छिपे कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के करीबी हैं। नकुल उसका रिश्तेदार भी बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा के एक बड़े शराब कारोबारी से कपिल को नफे सिंह की हत्या की सुपारी मिलने पर ही उसने अपने चार गुर्गे सौरभ, आशीष, नकुल व अतुल के जरिये नफे सिंह की हत्या कराई है।

# कसा तंजः 'तिहाड़ क्लब में स्वागत है कविता बहना'

## ठग सुकेश की सामने आई नई चिट्ठी... केजरीवाल जी आपके झूठ और ड्रामा का क्लाईमेक्स है ये...

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मनी लॉन्ड्रिंग केस मामले में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने शराब नीति घोटाले में बीआरएस नेता के कविता की गिरफ्तारी पर तीन पन्नों का लेटर (पत्र) लिखा है। ठग ने पत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा है। ठग ने पत्र जारी कर कहा कि अरविंद केजरीवाल की अब तिहाड़ जेल आने की बारी है। सच्चाई किसी ने छिप नहीं सकती है। साथ ही सुकेश ने लेटर में लिखा, 'वेलकम टू तिहाड़ क्लब कविता'। यानी कविता तिहाड़ जेल क्लब में आपका स्वागत है।



**सुकेश ने पत्र में लिखाः** डियर के. कविता अक्कैया, सच्चाई की जीत हुई है, फर्जी मामले, फर्जी आरोप, राजनीतिक जादू-टोना कहने का नाटक विफल हो गया है, आपके सभी कर्म वापस आपके पास आ रहे हैं, कविता दीदी, अब तुम्हें सत्य की शक्ति का सामना करना है। आपको लगता था कि आपको कई छू नहीं सकता, लेकिन आप इस नए भारत को भूल गईं, कानून पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और शक्तिशाली है। मैंने अपने प्रेस वक्तव्य में दो बाते कही थीं। पहली ये थी कि विधानसभा चुनाव में बीआरएस तेलंगाना की सत्ता से बाहर हो जाएगी। दूसरी, गिरफ्तारी और तिहाड़ क्लब का हिस्सा बनने के लिए आपकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। अब ऐसा लग रहा है कि ये दोनों काम हो गए हैं। सुकेश ने आगे लिखा कि अब भ्रष्टाचार का एक पैंडोरा बॉक्स (संदूक) खुलने जा रहा है। कविता अक्का (दीदी) की इस गिरफ्तारी से आप और भ्रष्टाचार के किंग (राजा) मेरे प्रिय अरविंद केजरीवाल सहित आपके सभी भ्रष्ट सहयोगी एक और स्तर पर बेनकाब होने जा रहे हैं। आपने और आपकी पार्टी ने सिंगापुर, हांगकांग और जर्मनी में जो हजारों करोड़ रुपये लूटे हैं और जमा किए हैं, वह सब खुले में आ जाएगा, मुझे यकीन है कि आप और संबंधित लोग इसे समझते हैं। अक्का आपकी सभी घी टिन कहानियां, रेंज रोवर इकट्ठ करने की कहानियां, गोवा स्टोरीज, कॉन्ट्रैक्ट स्टोरीज की जांच की जाएगी। इन्हें मैंने पिछले साल व्हॉट्सऐप के स्क्रीनशॉट के शेयर किए थे। अब ये सब सही साबित हो जाएंगी। अब कोई रास्ता नहीं बचा है अक्कैया। मैंने कविता अक्का से पहले भी कहा था कि आप हमेशा मेरी बड़ी बहन रहेंगी। भले ही मैं भ्रष्टाचार में आपकी संलिप्तता को उजागर कर दूं। मैं ईमानदारी से आपको एक सलाह दे रहा हूं, कि अब कुछ भी छिपाने और इस घोटना के सरगना अरविंद केजरीवाल को बचाने की कोशिश करने से कोई फायदा नहीं है। क्योंकि अब इस देश की जनता, कोर्ट, सभी सच्चाई जानते हैं। आपके सारे भ्रष्टाचार को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। वैसे भी आपसे अब जल्दी ही आमने-सामने मुलाकात होगी दीदी। ईडी और सीबीआई के कानून अनुसार, आपसे टकराव होगा। हालांकि मैं आपका सबसे महान तिहाड़ क्लब में स्वागत करता हूं, बहना। मुझे यकीन है कि आपके दूसरे भाई और भ्रष्टाचार के सरगना केजरीवाल जी ने तिहाड़ क्लब में आपके लंबे समय तक रहने के लिए सभी तरह की लग्जरी की व्यवस्था की है। इस प्रेस वक्तव्य को समाप्त करने से पहले एक और आखिरी बात, फिल्म अभी बाकी है।


# तेरहवीं



**स्व. श्रीमति कैलाश खत्री**

(धर्मपत्नी, श्री जगदीश खत्री का स्वर्गवास रविवार दिनांक 17.03.24 को हो गया था। उनकी

**तेरहवीं**

वीरवारः 21.03.24, हवन प्रातः 09:00 बजे

हमारे निवास स्थान जे.के. फार्म हाऊस गौतम कॉलोनी, साफियाबाद रोड़, नरेला, दिल्ली- 40

**शोकाकुल**

कमल खत्री (पुत्र),
गौतम खत्री (पुत्र)
समस्त खत्री परिवार

# जनता के लिए 24 घंटे खुले हैं दरवाजे: सीएम

एक-एक पल प्रदेशवासियों की सेवा में लगाऊंगा : मुख्यमंत्री नायब सैनी, मनोहर लाल को देश में सबसे बड़ी जीत के साथ संसद भेजेंगे : नायब सैनी, पंचकूला से घरौंडा तक रोड़ शो में मुख्यमंत्री नायब सैनी के अभिनंदन में उमड़ी भीड़, मोदी-मनोहर ने देश और प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदली : नायब सैनी

**शंखनाद**

**8 करनाल की जनता देश में सबसे ज्यादा मतों से जीताकर मनोहर लाल को संसद भेजें : सीएम सैनी**





**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस:** लोकसभा चुनाव में विजय के लिए भारतीय जनता पार्टी ने करनाल से शंखनाद किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सिंह सैनी और लोकसभा प्रत्याशी बनाऐ जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहली बार करनाल में पहुंचे। घरौंडा की अनाज मंडी में आयोजित अभिनंदन समारोह में दोनों ने बड़े आत्मविश्वास से करनाल की सीट देश में सबसे बड़े मार्जिन से जीतने की बात कहते हुए प्रदेश की सभी दसों सीटों पर कमल खिलाने का दावा किया।

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि उनका एक - एक पल प्रदेश की सेवा में लगेगा और प्रदेशवासियों के लिए 24 घंटे उनके घर के दरवाजे खुले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल को अपना आदर्श बताते हुए उपस्थित करनाल की जनता से अपील की कि करनाल की जनता देश में सबसे ज्यादा मतों से जीताकर मनोहर लाल को संसद भेजें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी कहा कि उनका जीवन जनसेवा के लिए समर्पित है। मनोहर ने मंच पर बैठे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और करनाल के सांसद संजय भाटिया के जनसेवा के कार्यों और पार्टी के प्रति समर्पण की भावना की तारीफ भी की। मनोहर ने कहा कि भाजपा का हरेक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पण भाव से भरा है। भाजपा के सभी मंचासीन नेता स्वागत समारोह में उमड़ी भीड़ को देखकर गदगद थे। जिसके चलते भाजपा नेताओं ने अनेक बार मंच से भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के उद्घोष किए।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला पहुंचकर नाडा साहेब गुरुद्वारा में माथा टेका और सड़क मार्ग से करनाल के घरौंडा की ओर रवाना हुए। पंचकूला, अंबाला, कुरूक्षेत्र और करनाल में मुख्यमंत्री का जगह-जगह कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। देखते ही देखते मुख्यमंत्री का पंचकूला से घरौंडा तक का सफर एक रोड शो में बदल गया। जब मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री घरौंडा में अभिनंदन समारोह के मंच पर पहुंचे तो उनका जय श्रीराम के उद्घोषों से स्वागत हुआ। उपस्थित जनसमूह ने खड़े होकर नायब सिंह सैनी और मनोहर लाल का स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंच संभालते ही अपने अभिनंदन को जनता का अभिनंदन बताया और कहा कि मेरे घर के दरवाजे जनता के लिए 24 घंटे खुलें है और मैं प्रदेश की सेवा में अपना एक-एक पल लगा दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व सीएम मनोहर लाल की उंगली पकड़कर ही राजनीति में आया हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताते हुए कहा कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री पद तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को संत की उपमा देते हुए कहा कि मनोहर लाल ही मुझे उंगली पकड़कर राजनीति में लेकर आए और आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि मैं प्रदेश की जनता की लगातार सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें और दस की दस सीटें जीताकर मोदी जी के पास भेजें।

## हम सत्ता के माध्यम से सेवा करते रहे : मनोहर लाल

**समारोह** को संबोधित करते हुए करनाल से लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री **मनोहर** लाल ने कहा कि हम सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा करते रहे और कांग्रेस सरकार को गिराने के मंसूबे पालती रही। भाजपा सरकार ने नए-नए काम किए हैं और जनता को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि हमारे काम विपक्ष को कभी समझ नहीं आए। विपक्ष शुरू-शुरू में कहता था हमें सरकार चलाने का अनुभव नहीं है, लेकिन हमने लगातार काम करके दिखाया और लोगों का जीवन सरल बनाने का काम किया। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि विपक्ष के नेता सरकार द्वाराचलाए गए पोर्टलों की लगातार आलोचना करते रहे हैं। परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, मेरा पानी, मेरी विरासत जैसी स्कीमों के बारे में बोलते थे कि हम इनको बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि जनता को ऑनलाइन सिस्टम से घर बैठे ही फायदा पहुंचा है। अब कांग्रेस ने भी विरोध करना कम कर दिया है। कांग्रेस को समझ आ गया है कि अब जनता कांग्रेस को ही खत्म कर देगी। मनोहर लाल ने कहा कि परिवर्तन जीवन का दस्तूर है और परिवर्तन होते रहते हैं। जिस प्रकार परिवार के सदस्य को आगे बढ़ते हुए देखकर घर के बुजुर्ग को खुशी होती है, उसी प्रकार मुझे भी खुशी हो रही है। 12 मार्च को विधायक दल ने सर्वसम्मति से नायब सैनी को हरियाणा का नया मुख्यमंत्री चुना इससे मेरी भी इच्छा पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पार्टियों में यह देखने को नहीं मिलेगा। दो-तीन महीने तो इसी बात को लेकर विपक्ष में झगड़ा रहेगा। कांग्रेस में तो खेमें हैं और वे खेमें अपने परिवार को ही आगे बढ़ाते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी और मैं स्वयं साधारण परिवार से हैं। नायब सैनी के परिवार से मैं मिला हूं। साधारण परिवार है। नायब सैनी 1995 में पार्टी से जुड़े और अपनी मेहनत से विधायक, मंत्री, सांसद, प्रदेश अध्यक्ष और अब मुख्यमंत्री बन गए हैं। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी बधाई दी और उनका यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया। मनोहर लाल ने दयालू स्कीम के बारे में बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 2200 परिवारों को बटन दबाकर योजना के तहत 108 करोड़ रुपये देने का पुण्य का काम किया है। इस योजना के तहत प्रदेश की भाजपा सरकार अब तक 400 करोड़ रुपये दे चुकी है। मनोहर लाल ने कहा कि जनता मेरी आराध्य है और जनता के हित में काम करना ही मेरा लक्ष्य है। हरियाणा में चलाई गई योजनाओं की नकल दूसरे प्रदेश भी करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सांसद संजय भाटिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री भाटिया ने मुझे करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ने की सहमति दी है।

## मनोहर लाल करनाल के लिए हैं अपने मनोहर लाल: संजय

**करनाल** से निवर्तमान सांसद संजय भाटिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल चाहे पूरे हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे हैं, लेकिन वे करनाल के लिए अपने मनोहर लाल हैं। श्री भाटिया ने कहा कि यही कारण रहा है कि एक सूचना के आधार पर आज सैंकड़ों लोग पिछले रिकार्ड को तोड़ने के लिए घरौंडा में एकत्रित हुए हैं। संजय भाटिया ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को मनोहर लाल का लाड़ला बताया और दोनों की जोड़ी को राम-लक्ष्मण जैसी जोड़ी भी कहा। संजय भाटिया ने कहा कि मनोहर लाल सफेद कपड़ों में संत हैं। मनोहर लाल ने संगठनमंत्री होते हुए कार्यकताओं को आगे बढ़ाया है। नायब सैनी का हाथ पकड़कर मुख्यमंत्री के पद पर विराजमान किया है, ऐसा भाजपा में ही संभव है। समारोह में सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, उत्तर प्रदेश से सांसद सतपाल सिंह, विधायक लोकसभा संयोजक हरविन्द्र कल्याण, लोकसभा प्रभारी घनश्याम अरोडा मौजूद रहे।

# नायब सैनी मंत्रिमंडल का विस्तार

### आठ सदस्य और शामिल किए, अनिल विज को नहीं मिला स्थान,निर्दलीय भी नही पा सके जगह, पंद्रह फीसदी की संवैधानिक सीमा भी पूरी हुई



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा के** एक सप्ताह पुराने नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल का मंगलवार को कही खुशी कही गम के माहौल में विस्तार किया गया। विस्तार में आठ मंत्री और राज्यमंत्री ने शपथ ली। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व गृहमंत्री अनिल विज को मंत्रिमंडल से बाहर रखे जाने को लेकर चर्चा बनी रही। अनिल विज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नही हुए थे। मंत्रिमंडल विस्तार के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भी वे शामिल नही हुए। विस्तार में निर्दलीय विधायकों को भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा अटकल ही साबित हुई।

मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही मंत्रिमंडल ने सदन की सदस्य संख्या के अनुपात में 15 प्रतिशत की सीमा पूरी कर ली है। अब मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल चौदह सदस्यों का हो गया है। विस्तार में एक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है,

बाकी सात को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया है। सोहना से विधायक संजय सिंह, विधायक विशंभर वाल्मीकि, सुभाष सुधा, अभय यादव, असीम गोयल, महिपाल ढांडा, बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा,

**विस्तार**

**8 वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व गृहमंत्री अनिल विज को मंत्रिमंडल से बाहर रखे जाने को लेकर चर्चा बनी रही**

डॉक्टर कमल गुप्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली है। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह,: जेपी दलाल,: डॉ. बनवारी लाल ने शपथ ली थी। सैनी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार पहले लोकसभा चुनाव के बाद होना था, लेकिन बाद में तय हुआ कि कैबिनेट में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बैठाने के बाद ही भाजपा लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे। मंत्रिमंडल में पहले चरण में सीएम ओबीसी, दो जाट, एक-एक एससी, गुर्जर और ब्राह्मण मंत्री बनाए गए थे।

पंजाबी, राजपूत, वैश्य और यादव समुदाय से कोई मंत्री नहीं था। इसलिए भाजपा हाईकमान ने चुनाव से पहले ही मंत्रिमंडल विस्तार को हरी झंडी दे दी।

# झज्जर: सौ साल से अधिक उम्र के 509 मतदाता भी देंगे वोट

**टीम एक्शन इंडिया**

झज्जर: लोकसभा चुनाव इस बार भी सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बहुत रोचक होने वाले हैं। चुनाव में न केवल युवा और मध्यम आयु वर्ग वालों को मतदान करने में आनंद आएगा, बल्कि बड़ी संख्या में बहुत अधिक आयु वाले लोग भी अपनी पसंद के उम्मीदवार के पक्ष में बहुत सुविधा के साथ मतदान कर सकेंगे। गर्व की बात ये है कि झज्जर जिले में भी काफी संख्या में बड़ी आयु के मतदाता हैं। इनमें 509 मतदाताओं की आयु 100 साल से अधिक है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने मंगलवार को यहां पत्रकार वार्ता में सांझा की। उन्होंने बताया कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र के झज्जर जिला में कुल 794368 वोटर हैं। इनमें 10574 सर्विस वोटर हैं। ये सभी मतदाता सेना में दूरदराज स्थानों पर तैनात हैं। इन सभी को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) भेजा जाएगा। खास बात ये है कि जिला में 509 मतदाता ऐसे हैं जिनकी आयु 100 साल से अधिक है। जबकि 23180 मतदाता 80 साल से अधिक आयु वाले हैं। यानी अधिक आयु वाले ऐसे मतदाता 50 से भी अधिक चुनाव देख चुके हैं। उन्होंने बताया कि शारीरिक रूप से दिव्यांग 5966 मतदाताओं को भी जिला निर्वाचन विभाग सुविधा के साथ मतदान करने के लिए संसाधन मुहैया करवाएगा।

**मताधिकार**

**8 झज्जर जिले में भी काफी संख्या में बड़ी आयु के मतदाता हैं। इनमें 509 मतदाताओं की आयु 100 साल से अधिक है**

# इग्नू के ऑनलाइन पोर्टल पर 31 मार्च तक भरें परीक्षा फॉर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू), की ओर से जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है जो भी विद्यार्थी जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे बिना लेट फीस के 31 मार्च,2024 तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। लेट फीस के साथ शिक्षार्थी पहली अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जून 2024 सेशन में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी तुरंत ही ऑनलाइन माध्यम से इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# निर्वाचन अधिकारी ने पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के सभी 1 करोड़ 98 लाख 29 हजार 675 मतदाताओं से आह्वान किया है कि 25 मई, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव के आम चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" का हिस्सा बनें क्योंकि राजनीतिक पार्टियों की व मतदाताओं की भागीदारिता लोकतंत्र में जरूरी है। श्री अग्रवाल ने यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में बुलाई गई मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य की राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि 16 मार्च, 2024 को चुनाव आयोग द्वारा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों व राजनीतिक पार्टियों को इसकी पालना करना अनिवार्य है। ज्योंही उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगा त्योंही उसके चुनावी खर्चे की गणना आरंभ हो जाएगी उसके लिए उम्मीदवारों को अलग से बिल खाते का ब्यौरा देना होगा। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 12 हजार 500 रुपये होगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि नामांकन पत्र भरते समय चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को फॉर्म 26 एफिडेविट के रूप में भरकर देना होगा जिसे नोटरी या क्लास वन मजिस्ट्रेट से सत्यापित करवाना होगा। स्टार कंपैनर के लिए वाहन के उपयोग के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से अनुमति प्राप्त करनी होगी। चुनाव के दिन एक वाहन में चालक सहित अधिकतम पाँच व्यक्तियों की अनुमति होगी। चुनाव रैलियों के लिए उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थान निर्धारित किये जायेंगे।



**निर्धारित**

**8 चुनाव रैलियों के लिए उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थान निर्धारित किये जायेंगे।**

# पिटबुल कुत्ते ने ऑटो चालक, महिला व बच्चों पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

यमुनानगर: मंगलवार को यमुनानगर के कांसापुर क्षेत्र में विदेशी नस्ल-पिटबुल, के एक कुत्ते ने एक ऑटो चालक के साथ-साथ दो स्कूल के छात्रों और एक महिला पर भी अचानक से हमला कर दिया। ऑटो चालक और महिला ने बच्चों को बचा लिया, लेकिन दोनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए। पशु पालन विभाग की टीम ने कुत्ते को टीका लगाकर बेहोश कर दिया और अपने साथ ले गए। पुलिस कुत्ते के मालिकों की पहचान करने में जुटी है। गांधी नगर थाना प्रभारी महरूफ अली ने बताया कि मंगलवार दोपहर को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि इस विदेशी नस्ल के पिटबुल कुत्ते ने सड़क पर जा रहे एक ऑटो चालक, एक महिला और दो बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्ते को काबू में करने के लिए लोगों ने डंडे और हथियार निकाल लिए। कुत्ता ऑटो में ही छुप कर बैठ गया। सूचना मिलने पर नगर निगम के अधिकारी व पशुपालन विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंची। पशुपालन विभाग और निगम कर्मियों ने साथ मिलकर पिटबुल को रस्सी से बांध दिया गया और बाद में उसे टीका लगाकर बेहोश किया गया। फिर नगर निगम की गाड़ी में डाल उसे भेज दिया गया।

# 'नेता बदला पर सरकार की नीयत और नीति नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की बीजेपी सरकार ने नेता बदला है अपनी नीयत और नीति नहीं, हालात पहले जैसे है। बेरोजगार चरम पर है, आज भी एक बेरोजगार ने आत्महत्या की है, जो सरकार के लिए शर्मनाक है और सरकार की विफलता का प्रमाण है। इस चुनाव में जनता बीजेपी को सबक सिखा कर रहेगी। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा है कि भाजपा के नए ड्रामे से जनता को क्या मिला? युवाओं को न रोजगार मिला, जनता को सुशासन और न ही अपराध मुक्त प्रदेश मिला। फिर किस बात पर बीजेपी अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के लिए बेरोजगारी शायद कोई मुद्दा ही नहीं है, प्रदेश की जनता पर ध्यान देने की बजाय नायब सरकार तो मंत्रिमंडल के विस्तार की तैयारियों में लगी है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश में बेरोजगारों का कोई हाल भी पूछने वाला नहीं। कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा ने ऊपर का पोस्टर बदला है लेकिन अंदर वही पुराना काम ही चल रहा है। सरकार की न तो नियत बदली है और न ही नीति। बीजेपी सरकार के कार्यकाल में नशा बढ़ा, अपराध, बढ़ा, भ्रष्टाचार बढ़ा। सरकारी संरक्षण में बड़े बड़े घोटाले हुए, जांच के नाम पर सब दफन कर दिए गए। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने का वायदा कर सत्ता हासिल करने वाली बीजेपी आज रोजगार छीनने के साथ रोजगार खत्म कर रही है।



**साधा निशाना**

**8 बेरोजगार चरम पर है, आज भी एक बेरोजगार ने आत्महत्या की है, जो सरकार के लिए शर्मनाक है**

# औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने मेडिकल स्टोर किया सील

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल: पल**वल में औषधि नियंत्रण अधिकारी की टीम ने मंगलवार को उटावड़ चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। वहां से अवैध रुप से बेची जा रही नशीली व अवैध गर्भपात की दवाईयों सहित अन्य प्रतिबंधित दवाईयां जब्त की गई। टीम ने दवाईयों को कब्जे में लेकर मेडिकल स्टोर को शील कर कार्रवाई शुरू कर दी है। औषधि नियंत्रण अधिकारी संदीप गहलान ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उटावड़ चौक पर स्थित अफजल मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाईयां बेची जा रही है। मंगलवार को उनकी टीम ने शिकायत मिलने पर मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने मेडिकल स्टोर के काउंटर की दराज में रखी पांच प्रकार की अंग्रेजी दवायां बरामद की। जो दवाईयां नशा, अवैध गर्भपात करने और जिम जाने वाले युवाओं द्वारा गलत इस्तेमाल में लाई जाती है और जिनके लेने के घातक दुष्परिणाम हो सकते हैं। गहलान ने बताया कि दुकान मालिक इन दवाओं की खरीद-फरोख्त संबंधी कोई रिकार्ड पेश नहीं कर सका। जिसके चलते इन दवाओं को टीम ने अपने कब्जे में ले लिया।

# डा. नरेश त्रेहान के नाम से मोटापे की फर्जी दवा का प्रचार वीडियो वायरल

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम: अभी तक सोशल मीडिया पर फजीर्वाड़ा करके रुपयों की ठगी जैसे मामले सामने आ रहे थे। जिसमें पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में लगी रहती है। अब एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें मेदांता मेडिसिटी अस्पताल के चेयरमैन डा. नरेश त्रेहान मोटापा कम करने की दवा का प्रचार करते दिखाए गए हैं। इस मामले में गुरुग्राम की साइबर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन करती रही। जानकारी के अनुसार मेदांता अस्पताल के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन की फर्जी गवाही के साथ एक दवा का प्रचार करने वाला रील वीडियो सोशल मीडिया पर कथित तौर पर साझा करने के आरोप में साइबर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया है। वीडियो में डॉ. त्रेहन को टीवी चैनल पर दिखाया गया है जिसमें वह मोटापा कम करने के लिए एक दवा की सलाह देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में एक मशहूर टीवी समाचार वाचक टीवी चैनल पर मोटापे की दवा के बारे में जानकारी दे रहा है। इसी वीडियो में आगे मेदांता मेडिसिटी अस्पताल के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहान उस दवा की मदद से दो सप्ताह के भीतर मोटापा कम करने का दावा करते हुए दिखाए जाते हैं। मेदांता अस्पताल के एवीपी मार्केटिंग हरीश असवानी द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार सोशल मीडिया पर एक फर्जी वीडियो सामने आया है, जिसमें एक चिकित्सा उपचार के बारे में भ्रामक जानकारी है। डीपफेक वीडियो में मेदांता के सीएमडी डॉ. नरेश त्रेहान हैं, जिन्हें इस विशेष दवा का समर्थन करते दिखाया जा रहा है। डॉ. नरेश त्रेहान देश के सबसे भरोसेमंद चिकित्सकों में से एक हैं। यह वीडियो डॉ. त्रेहान और मेदांता अस्पताल की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है। इसके अलावा इससे उन रोगियों में अनुचित संदेह और आशंका पैदा हो सकती है जो अपनी चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए सटीक और विश्वसनीय जानकारी पर भरोसा करते हैं।

# डॉ. सुशील गुप्ता ने 'इंडिया' गठबंधन को जिताने की अपील की

### दिल्ली में सुषमा स्वराज की तरह नायब सैनी हरियाणा में बीजेपी के आखिरी मुख्यमंत्री होंगे : डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**


**कैथल: आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के कैथल विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। इस दौरान उनके साथ मास्टर सतबीर गोयत, गज्जन सिंह, अनिल शोरेवाला, प्रो. सतीश गर्ग, पदम लटकानिया, दलबीर पुनिया, जयकिशन मान और मनोज कुर्रा मौजूद रहे। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा कैथल पट्टी खोट से शुरू की। इसके बाद वे गांव मानस में लोगों से मिले। वहां से बाबा लदाना में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद बुढ़ा खेड़ा गांव में पहुंचे। यहां से गांव संगतपुरा, नंदसिंह वाला, सांघन, मालखेड़ी और पाडला पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। गढ़ी पाडला में ग्रामीणों के सामने भाजपा की तानाशाही नीतियों की पोल खोली। यात्रा का समापन देर शाम कैथल के वार्ड 25 में हुआ। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा में 9 विधानसभा, 950 गांव और 150 वार्ड हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से सभी गांव और वार्ड में जाऊंगा और इंडिया गठबंधन को जिताने की अपील करूंगा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, हर घर तक नशा पहुंच चुका है जैसे पहले उड़ता पंजाब होता था लेकिन अब उड़ता हरियाणा हो गया है। इसके अलावा बेरोजगारी में हरियाणा नंबर वन है। हर घर में प्रदेश का निराश बैठा है, भाजपा सरकार के राज में 47 बार पेपर लीक हो चुका है। युवा अपनी जमीनें बेचकर अवैध तरीके हैं विदेशों की ओर पलायन करने लगे हैं। रोजगार न हो के कारण काम के लिए रशिया गए कैथल के मटौर गांव और करनाल के 7-7 बच्चे रूस और युक्रेन युद्ध में रशिया आर्मी में फंसे हैं। जो लगातर बाहर निकालने की गुहार लगा रहे हैं। उन्होंने कहा किसान संगठनों ने अपील की है कि भाजपा और जजपा के किसी भी उम्मीदवार को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा। जिस प्रकार से पीएम मोदी एमएसपी का वादा करके मुकरे और 750 किसानों की शहादत के बाद तीनों कृषि कानून वापस लिए और उस समय जो वादा किया वो प्रधानमंत्री को याद नहीं है। इसके अलावा भाजपा सरकार अवैध तरीके से मंडियों को बंद करने का रास्ता निकाल रहे हैं। करनाल में 150 एकड़ में साइलो अडानी बंधुओं द्वारा लगाए जा रहे हैं।



## न्यूज़ फ्लैश

### क्रोमा पेश कर रहा है गर्मियों की सेल 2024 के तहत शानदार ऑफर!

**नोएडा । क्रोमा ने अपने गर्मियों की सेल अभियान की घोषणा की** है जो मई 2024 तक जारी रहेगा। गर्मी की शुरूआत के साथ, यह बहुप्रतीक्षित गर्मियों की सेल ग्राहकों के लिए अपने घरों को बढ़ते तापमान से बचाने और शानदार डील तथा भुगतान में आसानी के साथ ताजातरीन उपकरणों से लैस करने का सही अवसर प्रदान करती है।



उपभोक्ताओं को स्टोर और क्रोमा.कॉम पर 1.5 टन स्प्लिट एसी की कीमत बस 1,500 रुपये से शुरू होगी। ग्राहक कोई भी इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान ला सकते हैं और नया एसी घर ले जा सकते हैं। ग्राहक आकर्षक एक्सचेंज और अपग्रेड विकल्प, कैशबैक ऑफर और 24 महीने तक की लचीली ईएमआई योजनाओं के साथ 250+ एयर कंडीशनर, 300+ रेफ्रिजरेटर, रूम कूलर और पंखों की व्यापक रेंज पर 45,000 रुपये तक के लाभ और अन्य फायदों का आनंद ले सकते हैं। इस ऑफर में इन्वर्टर स्प्लिट एसी शामिल हैं जिनकी कीमत केवल 24,990 रुपये से शुरू होती है, जो आपके घर को ठंढा और आरामदायक रखने का एक किफायती तरीका प्रदान करते हैं, और एसी पर 6500 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ भी है। रूम कूलर की कीमत 4,500 रुपये से शुरू होती है, जो कम कीमत पर ठंढक पाने की तलाश करने वालों के लिए आदर्श हैं। प्रीमियम कूलिंग में रुचि रखने वालों के लिए, एलजी आईएनवी/एसी 1.5 टन 5-स्टार एसी, जिसकी मूल कीमत 91,990 रुपये थी, अब केवल 53,490 रुपये में उपलब्ध है, जिससे 45,000 रुपये तक की बचत होगी। इसके अतिरिक्त, बजाज पीएमएच 18 डीएलएक्स रूम कूलर अब 4,500 रुपये में मिलेगा है, जो उच्च गुणवत्ता वाली कूलिंग को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और किफायती बनाता है। ग्राहक रेफ्रिजरेटर पर 24 महीने तक की आसान ईएमआई का भी लाभ उठा सकते हैं, जिससे आपके रसोई उपकरणों को अपग्रेड करना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा।

### टोकोट्रिएनॉल्स और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर पाम ऑयल

**नई दिल्ली।** टोकोट्रिएनॉल्स, विटामिन ई का एक रूप, अपने शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए प्रसिद्ध है। एंटीऑक्सिडेंट ऐसे पदार्थ हैं जो ऑक्सीकरण, प्रदूषण और विकिरण जैसे पर्यावरणीय कारकों के कारण शरीर में उत्पन्न होने वाले हानिकारक अणुओं के कारण होने वाली कोशिका क्षति को रोकने या धीमा करने में सक्षम हैं। माना जाता है कि टोकोट्रिएनॉल्स और अन्य एंटीऑक्सिडेंट संभावित स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, जिसमें हृदय रोग और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करना भी शामिल है।शोध से पता चलता है कि पाम ऑयल में पाए जाने वाले टोकोट्रिएनोल विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। वे हृदय की रक्षा करने, शारीरिक बीमारियों को कम करने और कैंसर को रोकने से जुड़े हुए हैं। टोकोट्रिएनॉल्स ऑक्सीकरण से होने वाली क्षति को रोककर काम करते हैं। मलेशियन पाम ऑयल, जो अपनी बहुमुखी प्रतिभा और विभिन्न उद्योगों में व्यापक उपयोग के लिए प्रसिद्ध है, टोकोट्रिएनोल्स और टोकोफेरोल्स का व्यापक स्रोत है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए, मलेशियन पाम ऑयल उन लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प है जो अपने दैनिक पोषण सेवन में टोकोट्रिएनोल्स को शामिल करना चाहते हैं।डॉ. मीना मेहता,एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट ग्रेज्युएट स्टडीज एंड रिसर्च इन होम सायन्स और डिपार्टमेंट ऑफ फूड सायन्स एंड न्यूट्रिशन,एस.एन.डी.टी. वुमन युनिव्हर्सिटी में वर्तमान में विजिटिंग फैकल्टी के पद पर कार्यरत हैं, ने पाम ऑयल में पाए जाने वाले टोकोट्रिएनॉल और एंटीऑक्सिडेंट के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभों पर जोर देते हुए कहा की, ये प्राकृतिक चमत्कार न केवल ऑक्सीडेटिव तनाव से मुकाबला करके स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं बल्कि टिकाऊ पाम ऑयल की पोषण क्षमता को भी रेखांकित करते हैं। जागरूकता और को बढ़ावा देकर, व्यक्तियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले विकल्प चुनने का अधिकार मिलता है।

# होली के रंगों को गीतों के माध्यम से उड़ाया एक-दूसरे पर

## हर उम्र वर्ग के लोगों ने किया अपनी गायन शैली का प्रदर्शन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मनिंदर बब्बू** कैरोके क्लब द्वारा होली से पहले रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीतों के माध्यम से रंग गुलाल उड़ाया गया। कार्यक्रम में हर उम्र वर्ग के लोगों ने अपनी गायन शैली का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का निर्देशन देश और प्रदेश की जानी मानी गायिका मनिंदर बब्बू ने किया। उनके निर्देशन में चले इस कार्यक्रम में सभी ने गुलाल उड?ा। कार्यक्रम के प्रोजक्ट



डायरेक्टर प्रदीप शर्मा, स्वीटी बंसल और नरेश मदान रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय छाबड़ा, केपी अग्रवाल और सुनीता बसंल ने किया। कार्यक्रम में अपनी गायकी का परिचय मनिंदर बब्बू ने दिया। इस अवसर पर युवा गायक सिसोदिया ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली, अनिल गिरधर ने बलम पिचकारी जो तूने ऐसी मारी, पूनम ने होली के दिन दिल खिल जाते हैं, विनय छाबड़ा ने होली खेले रघुबीरा अवध में, रंजीत गिल ने जय जय शिव शंकर कांटा लगे ना कंकर, नेहा शर्मा ने होली खेले बरसाने में, स्वीटी गर्ग ने रंग लेके खेलते गुलाल लेके खेलते, सुनीता बंसल ने होली खेले कन्हाई, नरेश मदान ने आज ना छोड़ेंगे बस हमजोली, राम प्रकाश ने आज ब्रिज में होरी है रसिया, अनीता गुप्ता ने श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया, हरीश वधावन ने जख्मी दिलों का बदला चुकाने आए हैं दीवाने, प्रदीप शर्मा ने खाइके पान बनारस वाला प्रदीप शर्मा ने तथा रश्मि थापर ने होलिया में उडे रे गुलाल गीतज प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के अंत में इरविंदर सिंह तथा मनिंदर बब्बू ने कहा कि होली का पर्व खुशियों को लेकर आता है। इस दिन सभी को गिले शिकवे दूर कर सभी को गले लगाना चाहिए।

## शबद गायन प्रतियोगिता में खालसा कॉलेज ने तीसरी बार जीती ट्रॉफी



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरु नानक** खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने गुरु नानक खालसा गर्ल्ज कॉलेज संतपुरा यमुनानगर में आयोजित अंतर महाविद्यालय राज्य स्तरीय शबद गायन प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार ओवरऑल ट्राफी जीती। प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने बताया कि संगीत विभाग के होनहार छात्र-छात्राओं ने लगातार तीसरे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त कर सरदार गुरबचन सिंह मैमोरियल रनिंग ट्राफी जीतकर स्थाई रूप से ट्राफी पर कब्जा किया। उन्होंने बताया कि जीएनजी कॉलेज यमुनानगर की डायरेक्टर वीरेन्द्र गांधी ने ट्राफी, मैडल एवं नकद पुरस्कार देकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कॉलेज पहुंचने पर विद्यार्थियों को कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचला

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निसिंग रोड** स्थित सिंघड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। युवक अपनी पत्नी को उसके मायके छोडकर रात को घर आ रहा था। सुबह शव की सूचना के बाद निसिंग थाना पुलिस को राहगीरों ने सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया। आज दोपहर बाद पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक के परिजन संजीव ने बताया कि 24 वर्षीय रोहित वासी गांव सांभली प्राइवेट जॉब करता था। कल दोपहर को वह अपनी पत्नी का छोड? अपनी ससुराल पानीपत जिले के गांव संभालखा गया था। शाम करीब 4 बजे वह अपनी ससुराल से घर के लिए निकला था, लेकिन वापस घर नहीं लौट पाया। संजीव ने बताया कि देर रात को जब वह अपने गांव सांभली आ रहा था तो निसिग रोड पर स्थित गांव सिंघड़ा के पास किसी अज्ञात वाहन उसे कुचल दिया। रोहित व उसकी बाइक सडक किनारे पडी थी। रोहित का पेट बुरी तरह से कुचला था और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। सुबह पुलिस ने परिवार वालों रोहित की मौत की सूचना दी। संजीव ने बताया कि देर रात जब रोहित घर वापस नहीं आया तो उसकी सभी जगह तलाश की गई। उसका फोन भी बंद पड़ा था। रिश्तेदारियों में पता किया गया, लेकिन रोहित का कुछ पता नहीं लग पाया। सुबह निसिंग पुलिस ने परिवार को सूचना दी। निसिंग थाना के प्रभारी जंगशेर ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। परिजनों की शिकायत के आधार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मंदबुद्धि नाबालिग लडके से किरायेदार ने किया कुकर्म

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। तरावड़ी थाना** क्षेत्र में किरायेदार ने नाबालिग मंदबुद्धि लडके के साथ कुकुर्म किया। लडके के पिता ने आरोपी को मौके पर पकड़ लिया, लेकिन वह धक्का देखकर वहां से फरार हो गया। किशोर का मेडिकल करवाने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को की गई। पुलिस ने आरोपी किराएदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि उसका एक लडका है, जो मंदबुद्धि है। वह शाम के समय घर आ जाता है, लेकिन दिन के समय में इधर-उधर भटकता रहता है। उसी के पड़ोस में एक व्यक्ति किराये के मकान में रहता है।

# शिवालिक स्कूल में घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**गन्नौर।**

**खेडी गुज्जर रोड** गन्नौर के शिवालिक पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा प्री प्राइमरी से आठवीं कक्षा तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में मानवी, रिया, निधि, नितिका, नैन्शी, राधिका, तुषार, विनोद, दिपांशी, यश, खुशी, कीर्ति, काजल ने प्रथम तथा एंजलिन, जानवी, विष्णु, हिमांशी, अनुज, काव्या, हर्षित, रितिका, सिया, पूर्वी, प्राची ने द्वितीय तथा क्रियांशी, अन्नु, जया, माही, दिपेश, युवान, अंशी, रितिका, लावण्य, राधिका, कनिका, ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को



प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश पहल ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शिल्ड, गोल्ड मैडल, सिल्वर मेडल, ब्रोज मैडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा कक्षा के अन्य विद्यार्थियो को उपहार वितरित किए। विद्यालय प्रांगण में उज्ज्वल भविष्य की उपस्थित सभी अभिभावको का भी विद्यालय द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# "जगद्गुरु श्री शंकराचार्य व्याख्यान माला" का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

**डॉ. बी. आर. अंबेडकर** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत, हरियाणा, भारतीय भाषा समिति एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में "जगद्गुरु श्री शंकराचार्य व्याख्यान माला" का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश चंद्र शर्मा, मुख्य वक्ता जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली के प्रोफेसर डॉक्टर रजनीश कुमार मिश्रा, मातृभूमि सेवा मिशन, कुरुक्षेत्र संस्थापक डॉ श्रीप्रकाश, कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा, कुलसचिव डॉ रामफूल, विभाग प्रमुख प्रो आशुतोष



मंचासीन रहे। कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया एवं उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपरा में जगद्गुरु श्री शंकराचार्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने अपने जीवन के दौरान धार्मिक और दार्शनिक विचारों के माध्यम से भारतीय समाज को एकता और एकात्मता की महत्वाकांक्षा में प्रेरित किया। उनके द्वारा स्थापित वेदांत और अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों ने भारतीय समाज को एक मानवीय समझ की दिशा में प्रेरित किया। प्रो के सी शर्मा ने कहा कि भारतीय भाषाओं के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा एवं भारतीय मूल्यों को अर्जित करने में सहायक है। प्रो शर्मा ने धर्म, समाज और साहित्य के विकास में जगद्गुरु श्री शंकराचार्य के महत्व पर प्रकाश डाला। विविधताएं तो विश्व के हर देश में है लेकिन हमारे देश में विविधता में एकता है। नारी विदुषी है, सन्यास भी ले सकती है एवं आज नारी हर वह कार्य कर सकती है जो कार्य पहले नही कर पाती थी। प्रो रजनीश मिश्रा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा की कोई राजनीतिक सीमाएं नही होती बल्कि भाषा एवं संस्कृति सदैव निरंतर चलती है। जगद्गुरु शंकराचार्य ने चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की थी। भारत की संस्कृति एवं सभ्यता इतनी उच्च कोटि की रही है कि भारत में कभी अंधकार युग नही रहा। श्रीप्रकाश ने संबोधित करते हुए कहा कि आज विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत की बात हो रही है। जगद्गुरु शंकराचार्य के आदर्शों पर चलकर हम विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा कर सकते है। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य का मानना था कि को कण में है वही ब्रह्मांड में है। हम सभी को उनको अद्वतवाद के सिद्धांत से प्रेरणा लेनी चाहिए एवं जगद्गुरु शंकराचार्य ने गीता को पांचवां वेद बताया।

डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो आशुतोष ने इस अवसर पर अकादमिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि हम सभी को जगद्गुरु शंकराचार्य के आदर्शों को आत्मसात करना है। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डॉ विधि मदान चड्ढा और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया

## निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी।



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाएं जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनैतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाऊडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनैतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री-यमुनानगर स्टेट** हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक करीब 15 फुट हवा में उछला और सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक व गाड़ी को कब्जे में लिया है। बाइक सवार युवक की पहचान बयाना गांव निवासी अंकित सैनी के रूप में हुई। वह करनाल के बसंत बिहार में



अपने परिवार के साथ रहता था। वह देर रात करीब साढ़े 9 बजे ड्यूटी खत्म करके घर की तरफ जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसके साथ यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शी संदीप व शुभम ने बताया कि रात करीब साढ़े 9 बजे युवक अपाचे बाइक पर जा रहा था और आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करने वाला था। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार गाड़ी आई और बाइक को टक्कर मार दी।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।**

**बजाना खुर्द गांव में** भैया वाली चौपाल में आयुष विभाग द्वारा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ बलविंद्र के निर्देशन में कार्यरत एएमओ मनीष शर्मा के साथ कार्यरत फार्मासिस्ट धर्मेंद्र ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। डॉ मनीष शर्मा ने उदर रोगी, मधुमेह रोगी, शिरशुल और वात रोगी आदि रोगों की दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया। शिविर में योग सहायक जीत राम और प्रवीन ने लोगो को बदलते मौसम में स्वच्छ रहने के लिए भी



जानकारी दी। योग सहायक जीत राम और प्रवीन ने योग के महत्व को बताया। सभी ने नियमित योगाभ्यास करने की ठानी और दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित करने को कहा। योग सहायकों ने बताया कि योग शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाता है। नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों एवं प्राणायामों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। जिनमें भुजंगासन, शलभासन, पवनमुक्तासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन और भस्त्रिका, अनुलोमझविलोम, भ्रामरी आदि प्राणायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। इस अवसर पर सरपंच नीरज शर्मा के साथ आशा कार्यकर्ता कांता, रेनू,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कविता आदि ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

# 'चुनाव के लिए मतदान के समापन के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान शुष्क दिवस घोषित किया जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वें लोकसभा आम चुनाव 2024 का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि हिंसा मुक्त, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए अधिकारियों को गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होगा और 04 जून को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि जिला में लोकसभा चुनाव को लेकर 29 अप्रैल 2024 को नामांकन को लेकर गजट अधिसूचना जारी की जाएगी और 29 अप्रैल से ही नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत होगी। इसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए सभी उम्मीदवार 06 मई तक अपना नामांकन दर्ज करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 07 मई को सभी दर्ज नामांकनों की छटनी की जाएगी और 09 मई तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे। इसके बाद 25 मई को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। इस उपरांत 04 जून को मतगणना होगी और 06 जून को चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है। उन्होंने कहा कि जिला में लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी की गई गाइडलाइन की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में हिंसा मुक्त चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिला में किसी भी उम्मीदवार को पैसों का दुरुपयोग नहीं करने दिया जाएगा और लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों अथवा उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले हर खर्च की पूरी मॉनिटरिंग की जाएगी। उम्मीदवार जाति और धर्म के आधार पर वोट डालने की अपील न करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने पत्र के द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिछले कम से कम दो चुनावों के दौरान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक पुलिस स्टेशन में बूथ कैप्चरिंग, धमकी, प्रतिरूपण जैसे चुनावी अपराधों में शामिल होने वाले ऐसे व्यक्तियों की सूची संकलित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया जाने के लिए निर्देश दिए है। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक पुलिस स्टेशन में हिस्ट्रीशीटर, घोषित भगोड़े, भगोड़े अपराधियों की सूचियों, प्रत्येक पुलिस स्टेशन में सभी लंबित वारंटों और चालानों तथा पिछले चुनावों में दर्ज सभी चुनावी अपराधों की जांच और अभियोजन में तेजी लाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया जाना चाहिए और मांगे जाने पर चुनाव आयोग को एक रिपोर्ट उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

# लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है और तुरंत प्रभाव से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिए कि द हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अनुपालना करें। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल आदर्श आचार चुनाव संहिता कि दृढ़ता से पालना करें। किसी भी ढंग से आदर्श चुनाव संहिता की उलंघना ना करें। लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठानों में दीवार-लेखन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार से सार्वजनिक संपत्ति और सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे, रेलवे पुल, सडक मार्ग, सरकारी बसें, बिजली/टेलीफोन के खंभे, नगरपालिका/स्थानीय निकाय भवन आदि पर प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। इसके साथ-साथ यदि ऐसा कोई करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। इसके साथ-साथ कोई भी राजनैतिक दल मकान या प्रतिष्ठान के मालिक की इजाजत के बिना उस पर अपनी प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सभी राजनैतिक दलों से कहा कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल नहीं कर सकता।

## संपादकीय

# हमारी पर्यावरण दोस्त है चुलबुली गौरैया

**हमारी** सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम प्रकृति और जीव- जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की टेरेस पर पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृतिम घोंसला लगाने लगे हैं। गौरैया धीरे-धीरे हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है। यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु-पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु-पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं, वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती है। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे, लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरुकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को को सोशल मीडिया में खूब सराहा था और कहा था कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिल-ए-तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु- पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरैया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पाई जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है।

# चुनावी बांड पर रोक से राजनीतिक चंदे में बढ़ेगा काला धन

**राजेश माहेश्वरी**

> "बॉण्ड खरीदने के फौरन बाद कुछ लोगों को मिले ठेके एवं अन्य फायदों से इस तरह के अनेकानेक सवाल उठ खड़े हुए हैं जिनका समुचित और सही उत्तर मिलना जरूरी है। जहाँ तक भाजपा को बॉण्ड के जरिये मिले चंदे का सवाल है तो उसमें हैरत की बात नहीं है। जब तृणमूल, बीजद, द्रमुक और बीआरएस जैसे क्षेत्रीय दलों को अरबों रुपये मिले तब केंद्र के साथ ही देश के अनेक राज्यों में सत्तारूढ़ होने से भाजपा को बड़ा हिस्सा मिलना अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता । वैसे भी बॉण्ड से चंदा देने वाले ने या तो फायदे के लिए वैसा किया होगा अथवा नुकसान से बचने। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद चुनाव आयोग ने बीते रविवार को विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा सौंपे गए सैकड़ों सीलबंद लिफाफों का खुलासा किया"

**देश में** इन दिनों चुनावी बॉन्ड को लेकर सियासत तेज है। बीते दिनों चुनावी बॉन्ड को सर्वोच्च अदालत गैर कानूनी करार दे चुकी है। लिहाजा इस मसले पर चर्चा बंद हो जानी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष चुनावी बांड को सबसे बड़ा घोटाला साबित करने में जुटा है। चुनाव का माहौल है। विपक्ष के पास मोदी सरकार को घेरने के लिए कोई बड़ा मुद्दा हाथ में नहीं है। ऐसे में वो चुनावी बांड के जरिये कोई मुद्दा तलाशता दिखाई दे रहा है। जो हास्यास्पद राजनीति है। यदि बॉन्ड के जरिए फरवरी, 2024 तक करीब 7700 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा को मिला है, तो नवम्बर, 2023 तक 1334.35 करोड़ रुपए का चंदा कांग्रेस के हिस्से भी आया है। जैसे जैसे इस मामले में जानकारी सामने आ रही है। उससे सारी स्थिति साफ होती जा रही है। गिनती और गणना कर लें कि फरवरी, 2024 तक कितना पैसा कांग्रेस के खजाने तक पहुंचा होगा! सूची में दूसरा स्थान तृणमूल कांग्रेस का है, जिसे 1397 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। एक क्षेत्रीय दल को इतना चंदा! सूची में बीआरएस, बीजद, द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, टीडीपी, राजद, एनसीपी, सपा, अकाली दल, अन्नाद्रमुक आदि क्षेत्रीय दल भी हैं, जिन्हें उनकी हैसियत के मुताबिक करोड़ों में चंदा दिया गया है। क्या कांग्रेस समेत वे सभी दल घोटालेबाज हैं? चुनावी बॉन्ड पर शीर्ष अदालत के फैसले पर कोई सवाल नहीं, अलबत्ता देश का बौद्धिक और जागरूक वर्ग कमोबेश चिंतन कर सकता है कि ऐसा चुनावी चंदा घोटाला कैसे माना जा सकता है? दुनिया में ऐसा कोई देष नहीं है जहां चुनावी चंदा न लिया जाता हो। हमारे देष में भी यही परंपरा चल आ रही है। चुनावी बांड से चंदा लिया गया तो उसका हिसाब सबको रखना पड़ा। इससे पहले की व्यवस्था में कौन हिसाब रखता था और कौन किसको हिसाब देता था। ये तथ्य किसी से छिपा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट चूंकि इस मामले में निर्णय सुना चुका है। इस पर टिप्पणी करना ठीक नहीं लेकिन एक बात तो पूरी तरह साफ है कि बिना चुनावी चंदे और रसूखदारों की मदद के कोई भी दल चुनाव नहीं लड़ सकता। देष पर सर्वाधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस क्या बिना चंदे के ही चुनाव लड़ लेती थी। ताजा



प्रकरण में चंदे के संदर्भ में काला धन का खूब शोर मचाया जा रहा है, लेकिन जो पैसा देश के बुनियादी ढांचे के विकास और जन-कल्याण की परियोजनाओं में निवेश किया जाता रहा है, उस आर्थिक स्त्रोत को काला धन करार कैसे दिया जा सकता है? दरअसल चुनावी बॉन्ड के तौर पर व्यक्ति, संस्थान, औद्योगिक इकाई और समूह जितना पैसा निवेश करते हैं, वह अनिवार्य रूप से उनके खातों में दिखाया जाता है। जिन राजनीतिक दलों को बॉन्ड के जरिए चंदा मिला है, उसे दलों ने भी अपने अधिकृत खातों में दिखाया होगा। चुनाव आयोग एक निश्चित अंतराल पर इन खातों की जांच करता रहा है। तो फिर बॉन्ड में खर्च किया गया धन काला धन कैसे कहा जा सकता है? दरअसल काला धन वह है, जिसे आरोपित व्यक्ति या कॉरपोरेट घराने अथवा राजनेता विदेशी बैंकों में खाते खुलवा कर जमा कर देते हैं और कर-जांच एजेंसियों को उनके खुलासे भी नहीं किए जाते। ऐसे कई काले रहस्योद्घाटन हो चुके हैं। अभी तक चुनाव आयोग के जरिए जितने चुनावी बॉन्ड सार्वजनिक किए गए हैं, उनमें रिलायंस, अंबानी, टाटा, बिरला सरीखे बड़े औद्योगिक समूहों के नाम नहीं हैं। क्या वे राजनीतिक दलों को चंदा नहीं देते? सबसे अधिक 1368 करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीदने वाले लॉटरी किंग मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग पर प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर आदि सरकारी एजेंसियों के कई बार छापे मारे जा चुके हैं, जेल भी जाना पड़ा है, फिर भी उसने सर्वाधिक चंदा दिया है। चूंकि कंपनी का मुख्यालय अब तमिलनाडु में है, लिहाजा वहां की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया है। ऐसी भी खबरें आई हैं कि किसी ने बंद लिफाफे में 1-1 करोड़ के 10 बॉन्ड जद-यू के दफ्तर में भेज दिए। भाजपा को 8 बार एक ही दिन में 100-100 करोड़ मिले। एक दिन में 200 करोड़ भी मिले। भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल सहित कई दलों ने चंदा देने वालों के नाम के खुलासे नहीं किए हैं। बताया जाता है कि बसपा, इंनेलो, एमआईएम, एनपीपी समेत कई छोटे दलों को बॉन्ड से चंदा नहीं मिला है।

बॉण्ड खरीदने के फौरन बाद कुछ लोगों को मिले ठेके एवं अन्य फायदों से इस तरह के अनेकानेक सवाल उठ खड़े हुए हैं जिनका समुचित और सही उत्तर मिलना जरूरी है। जहाँ तक भाजपा को बॉण्ड के जरिये मिले चंदे का सवाल है तो उसमें हैरत की बात नहीं है। जब तृणमूल, बीजद, द्रमुक और बीआरएस जैसे क्षेत्रीय दलों को अरबों रुपये मिले तब केंद्र के साथ ही देश के अनेक राज्यों में सत्तारूढ़ होने से भाजपा को बड़ा हिस्सा मिलना अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता । वैसे भी बॉण्ड से चंदा देने वाले ने या तो फायदे के लिए वैसा किया होगा अथवा नुकसान से बचने। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद चुनाव आयोग ने बीते रविवार को विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा सौंपे गए सैकड़ों सीलबंद लिफाफों का खुलासा किया। इस खुलासे में चुना आयोग ने बताया कि किस पार्टी ने कितने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं और ये उन्हें किस-कंपनी या व्यक्ति ने दिए थे। हालांकि रविवार को जो जानकारी सामने आई वो भी बड़ी रोचक है।

कई दलों ने बताया कि कोई उनके कार्यालय में बॉन्ड रख गया तो कई दलों ने बताया कि उन्हें डाक द्वारा बिना किसी नाम के चुनावी बॉन्ड मिले। वहीं कई दलों ने तो तमाम कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए चुनावी बॉन्ड देने वालों की जानकारी देने से ही इनकार कर दिया। इस पूरे प्रकरण में एक बात तो पूरी तरह साफ है कि चंदे का धंधा कभी रुकने वाला नहीं है। हवाला कांड में आरोपी बनने के बाद स्व. शरद यादव ने खुलकर कहा था कि उन्होंने पार्टी के लिए पैसे लिए थे और आगे भी कोई देगा तो निःसंकोच लेंगे। उनकी वह स्वीकारोक्ति भारतीय राजनीति का वह सच है जिससे जानते तो सब हैं किंतु स्वीकार करने का साहस नहीं बटोर पाते। चूंकि इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे से आम जनता को कुछ भी लेना द देना नहीं है इसलिए कुछ समय बाद ये हवाला कांड की तरह हवा द हवाई होकर रह जाए तो आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि जैसे ही स्टेट बैंक बची हुई जानकारी देगा त्योंही चन्दा लेने वाली सभी पार्टियां कटघरे में नजर आयेंगी। बॉण्ड खरीदने वाली कुछ कंपनियों के नाम अवश्य चौंकाने वाले हैं जिन्होंने अपने कारोबार के आकार और मुनाफे से कई गुना ज्यादा के बॉण्ड खरीदकर चन्दे में दिये। ये भी कहा जा रहा है कि काले धन को वैध बनाने के लिए फर्जी कंपनियां बनाकर बॉण्ड खरीदे गए। यद्यपि स्टेट बैंक से बाकी जानकारी मिलने के बाद भी पूरा सच सामने आयेगा ये कहना मुश्किल है क्योंकि बॉण्ड का विरोध करने वाली किसी भी पार्टी ने उससे मिला चंदा स्वीकार करने से इंकार नहीं किया। चिंता का विषय तो ये भी है कि अब जो भी चंदा आयेगा उसमें काले धन की हिस्सेदारी सबसे अधिक रहेगी और उसे न चुनाव आयोग रोक सकेगा और न ही सर्वोच्च न्यायालय।

बेहतर होता सरकार, न्यायालय और चुनाव आयोग मिलकर वर्तमान व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में काम करते।

## कविता

**सूखे सरोवर परिंदे छोड़कर जाने लगे है'**

दरख्तो से पुराने घरोंदे वो उठाने लगे
सूखे सरोवर परिंदे छोड़कर जाने लगे है'

नहि अंदेशा है उन्हें अपनी उडान की दूरी का,
कंधे पर रख जीन्दगी का कर्ज.चुकाने लगें हैं'

दरख्तों के ठुठ होने का अफसोस नही है,
नन्हे चूजों के नये घोसले बनाने चले है'

कितने दरख़्त,सरोवर सूख गए संजीव
हौसलों से परिंदे नई ऊंचाई नापने चले है।

चूजे भी पुराने दरख्तों के छोटे तिनके,उठाकर,
आदम को दुनिया का आकाश दिखाने चले है।

भूल जाओ पुराने लम्हों ,पलों ,को चलो साथ साथ,
अब परिन्दें भी दुनिया को नई रौशनी दिखाने चले हैं।

संजीव ठाकुर

# संयुक्त राष्ट्र महासभा का खतरनाक दोहरा रवैया

**मृत्युंजय दीक्षित**

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में जब लोकतंत्र के महापर्व की रणभेरी बजने वाली थी तब सयुंक्तराष्ट्र महासभा में पाकिस्तान और चीन ने अपनी विकृत भारत विरोधी विचारधारा से प्रेरित, इस्लामोफोबिया के नाम पर अयोध्या व सीएए का गलत उल्लेख करते हुए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो इन देशों की मानसिकता को तो दशार्ता ही है साथ ही संयुक्तराष्ट्र महासभा के दोहरे मापदंड को भी बेनकाब करता है। भारत विगत कई वर्षो से संयुक्तराष्ट्र महासभा में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए, वसुधैव कुटुम्बकम की नीति के बल पर अथक प्रयास कर रहा है किंतु चीन हर बार भारत के नेतृत्व में चल रहे सयुंक्तराष्ट्र महासभा के सुधार अभियान और भारत की स्थायी सदस्यत के खिलाफ वीटो कर देता है। संयुक्तराष्ट्र महासभा में अकातंकवाद के खिलाफ लड़ाई को भी अगर कोई देश कमजोर कर रहा है तो वह चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी है जिनके कारण दुनिया के अनेक खतरनाक आतंकी व संगठन अभी तक प्रतिबंधित नही हो पा रहे हैं। संयुक्तराष्ट्र महासभा को इस्लामोफोबिया तो दिखाई पड़ रहा है किंतु उसे पाकिस्तान व बांग्लादेश की धरती पर हिंदू अल्पसंख्यकों पर होने वाले अमानवीय अत्याचार दिखाई नहीं देते हैं । यही नहीं चीन में उइगरों पर भीषण अत्याचार हो रहे हैं किन्तु संयुक्तराष्ट्र महासभा में कभी चीन की निंदा नहीं की गयी। जब इजराइयल पर हमास ने आतंकवादी हमला किया तब महासभा का निंदा प्रस्ताव गहरी निद्रा में चला गया था किंतु जब इजराइल ने हमास के आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए पलटवार कर दिया था तब संयुक्तराष्ट्र अपने विकृत रवैये के साथ सामने आ गया और महासभा के सदस्य राष्ट्र पीड़ित इजहराइल की ही निंदा करने लगे। संयुक्तराष्ट्र महासभा का यही दोहरा रवैया पूरे विश्व में मानवाधिकार हनन का कारण है। संयुक्तराष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में भगवान राम के दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर तथा भारत के नागरिकता संशोधन अधिनियम का गलत अर्थो में उल्लेख करते हुए इस्लामोफोबिया से संबंधित प्रस्तवा पारित करा लिया जिसके समर्थन में 115 सदस्य देशों ने मतदान करके समर्थन किया और भारत सहित 44 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। अपना पक्ष रखते हुए भारत ने संयुक्तराष्ट्र महासभा में एक बार फिर चीन व पाकिस्तान को बेनकाब किया । महासभा को संबोधित करते हुए भारतीय अधिकारी ने कहा कि गलत सूचनाओं और मंतव्यों के आधार पर भारत का भ्रमित करने वाला उउल्लेख किया गया है। विश्व को बुद्धिमता से, गहराई में जाकर और वैश्विक दृष्टिकोण से चीजों को देखने की आवश्यकता है।भारत ने पाकिस्तान के सतही नजरिये को खारिज करने की अपील भी की किंतु उसका कोई असर इन देशों के तथाकथित मंच पर नहीं पड़ा।

## विचार

# घटते वन, बढ़ते प्रदूषण ने अनमोल जिंदगी कर दी

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**मनुष्य** के मूलभूत जीवनावश्यक घटकों से खिलवाड़ करके अन्य भौतिक सुख-सुविधा प्राप्त करना ही अब उद्देश्य बन गया है, तो हम किस आधार पर इस आधुनिक विकास को मनुष्य का सर्वांगीण विकास कहें? मनुष्य को स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ जल और स्वास्थ्यकर आहार सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, जिसके बिना जीवन की कल्पना बेमानी है। दुनिया में आज कितने प्रतिशत लोगो को यह आवश्यक घटक शुद्ध रूप में प्राप्त हो रहे हैं? हम सभी को पता है कि अमीर हो या गरीब सभी प्रदुषित वातावरण में जीने को मजबूर हैं। आज के समय में कोई नहीं बता सकता कि भोजन की थाली में खाद्यपदार्थ कितना शुद्ध है और यही कारण है कि गर्भवती माताओ के पेट में पल रहे शिशु से लेकर हर उम्र के व्यक्ति में जानलेवा बिमारियो में बेतहाशा वृद्धि हुई है, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, कैंसर जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। आज हम जिस तरह के वातावरण में सांस ले रहे हैं, निश्चित ही भविष्य में नई-नई बीमारियों का साम्राज्य बढ़ना तय है। इस स्थिति के लिए केवल मनुष्य ही जिम्मेदार है। प्रकृति के साथ खिलवाड़, नीति-नियमों की अवहेलना और स्वार्थवृत्ति ने आमजन के जीवन की डोर को बेहद कमजोर कर दिया है। पेड़ सजीवों के लिए सबसे बड़ा जीवनदाता है, पेड-पौधो के बिना प्रकृति का अस्तित्व नहीं हो सकता और प्रकृति के बिना मनुष्य का अस्तित्व नहीं हो सकता। पेड़-पौधों के कारण ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन, पानी, आहार प्राप्त होता है। प्रकृति मनुष्य की हर आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन उनकी लालच नहीं। हर साल 21 मार्च को वनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम वन और नवाचार है। हमारे जंगल कम हो रहे हैं, वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड रिपोर्ट अनुसार, 2022 में 6.6 मिलियन हेक्टेयर जंगल नष्ट हो गए। जनसंख्या और शहरीकरण में वृद्धि के कारण, अधिक भूमि की लगातार बढ़ती मांग के कारण, आवश्यकता पूर्ति के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन व अधिक वन क्षेत्रों को खत्म किया जा रहा हैं। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि से भी वनों का क्षरण हो रहा हैं। डाउन टू अर्थ के अनुसार, भारत में वनों की कटाई साल 1990 और 2000 के बीच 384,000 हेक्टेयर से बढ़कर साल 2015 और 2020 के बीच 668,400 हेक्टेयर हो गई। जब जंगल खत्म होते है तो इसका सीधा असर पर्यावरण के हर घटक पर पड़ता है और वह जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। वैश्विक बीमारी के बोझ का 12% कारण पर्यावरणीय जोखिम बनते हैं, जिसमें वायु प्रदूषण पहले स्थान पर है। बीएमजे अनुसार, सूक्ष्म कणों और ओजोन वायु प्रदूषण के कारण हर साल 83.4 लाख लोग जान गवांते है, जबकि प्रदूषण और स्वास्थ्य पर लांसेट कमीशन ने बताया कि 2015 में 90 लाख असामयिक मौतों के लिए प्रदूषण जिम्मेदार था, अर्थात दुनिया भर में छह में से एक मौत प्रदूषण से, और कुल 4♭6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (वैश्विक आर्थिक उत्पादन का 6♭2%) का आर्थिक नुकसान हुआ। जल प्रदूषण 14 लाख असामयिक मौतों के लिए जिम्मेदार था। सीसा और अन्य रसायन वैश्विक स्तर पर हर साल 18 लाख मौतों के लिए ज़िम्मेदार था। विषाक्त व्यावसायिक खतरे 8.7 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार थे। अनुमान है कि मृदा प्रदूषण के प्रति मानव जोखिम हर साल वैश्विक स्तर पर 5 लाख से अधिक असामयिक मौतों का कारण बनता है। विकासशील देशों में खराब प्रबंधन वाले कचरे से जुड़ी बीमारियों और दुर्घटनाओं के कारण हर साल चार से दस लाख लोग मरते हैं। प्रदूषण से संबंधित 90% से अधिक मौतें कम आय और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं। जीबीडी 2019 रिसर्च अनुसार, वायु प्रदूषण, सीसा प्रदूषण और व्यावसायिक प्रदूषकों से पुरुषों की मृत्यु होने की अधिक संभावना है, जबकि जल प्रदूषण से महिलाओं और बच्चों की मृत्यु की संभावना अधिक होती है। ओजोन और पार्टिकुलेट मैटर जैसे वायु प्रदूषक फेफड़ों, हृदय रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की गंभीरता को बढ़ाते हैं। बीएमजे में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि उद्योग, बिजली उत्पादन और परिवहन में जीवाश्म ईंधन के उपयोग से उत्पन्न वायु प्रदूषण दुनिया भर में सालाना 51 लाख टाले जा सकने वाली मौतों के लिए जिम्मेदार है। मिलावट खोरी का देश में ये हाल है कि अपने 1 रुपये के फायदे के लिए स्वार्थी लोग ग्राहकों को स्लो पाइजन के रूप में हानिकारक खाद्यपदार्थ खिलाते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हमारी पर्यावरण दोस्त है चुलबुली गौरैया

**प्रभुनाथ शुक्ल**

हमारी सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम हम प्रकृति और जीव जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की टैरिश पर पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृतिम घोंसला लगाने लगे। गौरैया धीरे हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु -पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे,लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को ट्वीटर पर खूब सराहा था और कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिले तारीफ है।

राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है।

# खरगोन लोकसभा में भाजपा ने रचा इतिहास

**नरेंद्र तिवारी**

**लोकसभा** चुनावों की तारीखों की घोषणा हो चुकी है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित खरगोन लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद गजेंद्र उमराव पटेल को पुनः उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने भी इस सीट पर नए चेहरे पर दांव खेला है। वाणिज्यकर विभाग से वीआरएस लेकर राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र में पदार्पण करने, प्रकृति, संस्कृति, संविधान और लोकतंत्र बचाओ यात्रा के माध्यम से सम्पूर्ण खरगोन लोकसभा क्षेत्र को नापने वाले सुशिक्षित, मिलनसार और जुझारू पोरलाल खरते को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। खरगोन लोकसभा सीट पर बीते तीन लोकसभा में भाजपा ने शानदार सफलता अर्जित की है। इस लिहाज से भाजपा खरगोन लोकसभा को 2024 में भी अपनी झोली में मानकर चल रहीं है। खरगोन लोकसभा में आठ विधानसभा शामिल है। आंकड़ों के लिहाज से आठ में से 5 विधानसभा सीट कांग्रेस के पास है। विधानसभा चुनावों के लिहाज से लोकसभा को देखा जाए तो भाजपा के मुकाबले कांग्रेस इस लोकसभा क्षेत्र में अधिक मजबूत है। आदिवासी बाहुल्य बड़वानी जिले में चार में से तीन सीट कांग्रेस के पास है। खरगोन में दो कांग्रेस दो भाजपा के पास है। खरगोन लोकसभा में खरगोन, कसरावद, महेश्वर, भगवानपुरा, बड़वानी, सेंधवा, पानसेमल, राजपुर विधानसभा सीटें शामिल है। इन आठों सीटों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में मात्र 1554 मतों की कुल बढ़त भाजपा के पास मौजूद है। जो बढ़त भाजपा को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 2 लाख से भी अधिक मतों की थी। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की बढ़त मामूली रह जाना भी खरगोन लोकसभा क्षेत्र में रोचक मुकाबले के संकेत दे रहा है। वर्ष 2024 की 13 मई को होने जा रहे खरगोन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बढ़ते उत्साह का कारण क्या है? वह कौनसे कारण है जो तीन लोकसभा चुनाव में लगातार ऐतिहासिक विजयी हासिल करने वाली भाजपा की राह में रुकावट साबित हो सकते है? बाधाओं और रुकावटों पर नजर दौड़ाई तो पाया की भाजपा ने इससे पूर्व लगातार तीन लोकसभा चुनावों में अपने विजय उम्मीदवारों के टिकिट काटकर नए चेहरे मैदान में उतारकर जीत हासिल की थी।

## न्यूज फ्लैश

### बंसी लाल बने रामनगर मंडल महामंत्री

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा रामनगर मंडल में हाल ही में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें प्रमोद नागपाल का बतौर मंडल महामंत्री का कार्यकाल पूरा होने पर पूर्व सरपंच बंसी लाल को रामनगर मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया है। प्रमोद नागपाल ने कहा कि संगठन की ओर से भविष्य में जो जिम्मेदारी उन्हें दी जाएगी वे उसे बखूबी निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर मंडल कार्यकताओं ने बधाई दी। अपनी नियुक्ति पर बंसी लाल ने जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा व रामनगर मंडल अध्यक्ष अमर टक्कर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है और भविष्य में मिलेगी, वे उसे पूरी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन करेंगे और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है।

### 11 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन - अशोक मान

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव अशोक मान ने बताया कि 11 मई शनिवार को न्यायिक परिसर सोनीपत, गोहाना, गन्नौर व खरखौदा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में सभी प्रकार के केसों का पक्षकारों की आपसी सहमति से मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समझौते, चेक बाउंस केस (धारा 138 एक्ट के मामले), बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों समेत अन्य विभिन्न लंबित वर्गों के मामलों का निपटारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक परिसर सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा में प्री लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है। इसलिए जिन व्यक्तियों के केस न्यायालय में लंबित है वे संबंधित न्यायालय में जाकर अपने केसों को प्री लोक अदालत या राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाकर उनका निपटारा करवाएं और प्री लोक अदालत अथवा राष्ट्रीय लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

### फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स को प्रदेश में मिले ओर बढ़ावा: रोलर फ्लोर मिलर्स ऐसोसियेशन



**संगरूर:** पंजाब के रोलर फ्लोर मिल्स इंडस्ट्री ने कहा कि पंजाब को फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करने के लिये पसंदीदा राज्य होना चाहिए जो कि कच्चे माल के रूप में गेहूं के आटे का उपयोग करते हैं। यह भाव संगरूर में आयोजित रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक के दौरान उभर कर आये। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सरकार को हमेशा उनके सुझावों के लिये उदारतापूर्ण रवैये के लिये आभार व्यक्त किया। ऐसोसियेशन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गिल ने कहा कि ऐसोसियेशन के हालिया अनुरोध में उद्योग ने पंजाब सरकार से पंजाब ऐग्रीकल्चर युनिवर्सिटी (पीएयू) और उद्योग के बीच समन्वय बढ़ाने का अनुरोध किया था ताकि दोनों मिलकर उन तरीकों और साधनों की पहचान कर सकें जिससे गेहूं उत्पादकों और प्रोसेसरों को लाभ होगा। बैठक के दौरान ऐसोसियेशन को इस पहलू से भी अवगत करवा दिया गया है कि पीएयू के संबंधित एचओडी (विभागाध्यक्षों) को इस दिशा में अपने प्रयास तेज करने के लिये सूचित किया जा चुका है। ऐसोसियेशन का मत था कि एक कृषि प्रधान प्रदेश में एक मजबूत प्रोसेसिंग उद्योग का होना बहुत महत्वपूर्ण होना आवश्यक है। उपाध्यक्ष अनिल पोपली ने कहा कि ऐसोसियेशन ने पंजाब सरकार से प्रदेश में और अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करने की दिशा में काम करने की भी अपील की है, जो कच्चे माल के रूप में गेहूं का उपयोग करती है क्योंकि पंजाब में अधिकांश मिलें क्षमता से कम चल रही हैं। ऐसोसियेशन ने सरकार से यह भी अपील की है कि सरकार रोलर फ्लोर मिलिंग उद्योग को उत्साहित करने के लिये आईटीआई और एटीआई में कौशल विकास पाठ्यक्रम स्थापित करें।

ऐसोसियेशन के महासचिव दीनम सूद ने कहा कि फ्लोर मिल्स उद्योग के साथ नियमित रूप से वार्ता करने के लिये मुख्यमंत्री के प्रयासों की वह सराहना करते हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि यह बहुत मददगार साबित होगा यदि सरकारी विभाग अपने मुद्दों को सामूहिक रूप से संबोधित करने के लिये उद्योग संघों के साथ समय समय पर वीडियो कांफ्रेंस की प्रैक्टिस अपनायें। इससे सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के उनके साथी नागरिकों का समय बचेगा। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा किसानों से गेहूं की सीधी खरीद के लिये वार्षिक अनुमति (ऐनुअल परमिशन) के बजाय तीन साल की अनुमति देने के फैसले की भी प्रशंसा करता है।

# 'आजीविका के साधनों को सुनिश्चित कर उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाना'

टीम एक्शन इंडिया

**पानीपत:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत के प्रागण में पांच दिवसीय (15/03/24 से 19/03/24) ह्बेकिंग ऑफ वैल्यू ऐडेड प्रोडक्ट्सह, ह्फ्रूट एंड वेजिटेबल प्रिजर्वेशनह व "मिल्क एंड इट्स प्रोडक्ट्स" विषयों पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जिले की 100 (25/ प्रशिक्षण कार्यक्रम) प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति की महिलाओं को कम लागत मे बकरी के विभिन्न उत्पादों जैसे पिज्जा, पास्ता सैंडविच, बिस्किट, व




केक इत्यादि; फ्रूट एंड वेजिटेबल प्रिजर्वेशन के उत्पाद जैसे आचार, मुरब्बा, कैंडी, व जैम आदि तथा मिल्क एंड इट्स प्रोडक्ट्स मे मसाला पनीर, दही, बरफी आदि बनाने के लिए प्रशिक्षित करना तथा उनके आजीविका के साधनों को सुनिश्चित कर उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉक्टर राजबीर गर्ग जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि "बकरी", "फ्रूट प्रिजर्वेशन" तथा "मिल्क एंड इट्स प्रोडक्ट्स" ऐसे व्यवसाय हैं जिनको की अनुसूचित जाति की महिलाएं कम लागत से भी शुरू कर सकती हैं। आज के आधुनिक डिमांड को देखते हुए इन उत्पादों की तरफ लोगों का रुझान काफी बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए यह व्यवसाय अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित हो सकता है व उनकी आजीविका का मुख्य साधन बन सकता है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, सोनीपत की वरिष्ठ संयोजक डॉ विवेक सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व सभी प्रतिभागियों को बकरी, फ्रूट प्रिजर्वेशन व मिल्क प्रोडक्ट्स के महत्व के बारे में बताया व अलग-अलग तरह के अचार व मुरब्बे भी बनाने सिखाए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न विशेषज्ञों ने भाग लिया जैसे पूरणमल जी ने विभिन्न प्रकार के बिस्कुट बनाने का प्रशिक्षण दिया।

## सबसे जरूरी एक काम, योग करें नित सुबह शाम: दिनेश गुलाटी



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में फव्वारा पार्क सेक्टर 12 योग कक्षा से आज के सत्र की शुरुआत योग शिक्षिका नीलम बटला ने यौगिंग जोगिंग से की। उसके बाद शरीर को लचीला बनाए रखने के लिए आसनों का शानदार अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योगासन हमेशा मन को शांतिपूर्ण में रखकर किए जाने चाहिए। शांत और स्थिरता के विचार के साथ अपने मन को भरें और अपने विचारों को बाहरी दुनिया से दूर करके स्वयं पर केंद्रित करें। योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है, बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ताकत पहुंचाता है, बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है, योग का अंतिम लक्ष्य परमात्मा से मिलन है। अतः हमें योग सदैव, स्वच्छ, शांत व एकांत स्थान पर करना चाहिए। इस अवसर पर योग शिक्षिका नीलम बटला, साधकों में रिंकी जैन, पूजा कथूरिया, रजनी, रितु, रमा चौटानी, अनुज जैन, रमेश चावला, मेहर सिंह, विक्की कक्कड़ और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

### जब महाभारत की धरा पर महिला प्रत्याशी ने भेदा चक्रव्यूह

**हिसार।** महाभारत की धरा कुरुक्षेत्र संसदीय सीट पर ज्यादातर पुरुष उम्मीदवारों का वर्चस्व रहा है। दो लोकसभा चुनाव को छोड़कर इस सीट पर महिला उम्मीदवार नजर नहीं आई। 2024 के आम चुनाव में कोई पार्टी महिला उम्मीदवार को टिकट देती है तो वह इस लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाली अब तक की दूसरी महिला होंगी। 1977 में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में आया। पिछले 12 आम चुनावों पर नजर डालें तो इस सीट पर बाहरी प्रत्याशियों ने चुनावी जंग लड़ी। 1977 में पहली बार बीएलडी से रघबीर सिंह 3,22,164 वोट लेकर सांसद बने।

## खेलकूद प्रतियोगिता में नैन्सी को मिला बेस्ट एथलीट का अवार्ड

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** जीवीएम गर्ल्ज कालेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि अर्जुन अवार्डी प्रीतम सिवाच ने बीएससी कंप्यूटर साइंस की छात्रा नैन्सी को बेस्ट एथलीट के खिताब से सुशोभित किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने नैन्सी सहित विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को बधाई देते हुए खेलों में कैरियर निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। जीवीएम की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय महिला हॉकी की टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम सिवाच ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। कालेज की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने



उनका स्वागत करते हुए परिचय करवाया। इस दौरान विभिन्न स्पर्धाएं करवाई गई, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इनमें 50 मीटर दौड़ में मुस्कान ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय व तिलक्षा ने तृतीय, नींबू रेस में तिलक्षा विजेता बनी तो कीर्ति को उप-विजेता के पुरस्कार से नवाजा गया। थ्री-लेग रेस में ज्योति व अमिषा की जोड़ी ने प्रथम, नितिशा व तमन्ना ने द्वितीय तथा नेहा व अंश की जोड़ी ने तृतीय, सैक रेस में नेहा ने प्रथम, मिताली ने द्वितीय व ज्योति ने तृतीय और स्लो-रेस में नैन्सी ने प्रथम, तनू ने द्वितीय व ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में स्नेहा ने प्रथम, अंशु ने द्वितीय व तिलक्षा ने तृतीय, स्टैंडिंग ब्रोड जंप में अंशु ने प्रथम, नैन्सी ने द्वितीय व प्रीति ने तृतीय, रिले-रेस में तिलक्षा-नेहा-अंशु-नैन्सी की टीम ने प्रथम, ज्योति-सोनम-निक्की-अनुशा की टीम ने द्वितीय तथा संजना-मुस्कान-हिमांशी-खुशबू की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। चाटी रेस में नैन्सी ने प्रथम, कीर्ति ने द्वितीय व उमा ने तृतीय, शॉटपुट में हिमांशी ने प्रथम, शिवानी ने द्वितीय व नैन्सी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। शिक्षण स्टाफ की 50 मीटर दौड़ में प्राध्यापिका डा. पूजा गुलाटी ने प्रथम, डा. पिंकी ने द्वितीय व किरण ने तृतीय तथा गैर-शिक्षण स्टाफ की महिला-पुरुषों की 50 मीटर दौड़ में रेखा व सतपाल ने प्रथम, रीना व सुधीर ने द्वितीय तथा मीना व सुरेंद्र ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### लाइसेंसशुदा धारकों को हथियार जमा करने का आदेश

**पानीपत:** जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत जिला में किसी भी तरह के आग्नेय अस्त्र एवं हथियारों जोकि आर्मस एक्ट 1959 के तहत लाईसेंसशुदा हैं उनके लिए आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार ऐसे सभी लाइसेंसशुदा धारकों को आगामी एक सप्ताह के अन्दर अपने सभी हथियार अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/अधिकृत आर्मस डीलर के पास जमा करवाना सुनिश्चित करना होगा। उक्त सभी लाईसेंसधारक अपने शस्त्रों को चुनाव प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद वापिस ले सकते हैं। ये आदेश पुलिस, बैंकों में लगाए गए अधिकृत सुरक्षागार्ड, एटीएम की सुरक्षा और नकद धनराशि लाने लेजाने के लिए लगाए गए सुरक्षा गार्ड पर लागू नहीं होंगे। उक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। आदेशों में स्पष्ट तौर पर निर्देश जारी किए गए हैं कि जिला के पुलिस अधीक्षक, सम्बधित एसडीएम, उप पुलिस अधीक्षक और एसएचओ बिना लाईसेंस के हथियारों को लेकर भी सख्त कदम उठाना और आवश्यक नियमानुसार जब्त करवाना भी सुनिश्चित करेंगे।

## घरौंडा कार्यक्रम में रामनगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल का घरौंडा में पहली बार आने पर कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। रामनगर मंडल वार्ड नंबर 19 से निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी, पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल राम नगर करनाल द्वारा बसों व कारों



में भाजपा ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकताओं के साथ रवाना हुए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में मनोहर लाल की प्रचंड जीत होगी।

## इग्नू के ऑनलाइन पोर्टल पर 31 मार्च तक भरें परीक्षा फॉर्म

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने बताया कि इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) की ओर से जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। जो भी विद्यार्थी जून 2024 सत्रांत परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे बिना लेट फीस के 31 मार्च, 2024 तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। लेट फीस के साथ शिक्षार्थी पहली अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। डॉ धर्म पाल ने बताया कि इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जून 2024 सेशन में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी तुरंत ही ऑनलाइन माध्यम से इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत कुल 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# पुराने दिनों की यादें ताजा कर आंसू आ गए आंखों में

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** वरिष्ठ नागरिक मंच की साधारण सभा की बैठक सैक्टर-सात में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान ओपी गर्ग ने की। बैठक में तीन विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें सालाना सदस्यता शुल्क 600 से बढ़ाकर 800 रुपए करने, 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाने और संविधान में संशोधन करने पर विचार-विमर्श किया गया। इन सभी विषयों को सभा ने अपनी तरफ से मंजूरी प्रदान कर दी गई। इस अवसर पर सदस्यों ने अपने गीतों



से मनोरंजन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य कुकरेजा ने अपने पुराने अनुभव सांझे किए। उन्होंने कहा कि जिस समय वह पाकिस्तान से पलायन कर यहां आए थे, तब उनकी उम्र 14 साल थी। उन्होंने विभाजन की त्रासदी देखी है।

### होली पर रेलवे ने दी खुशखबरी, 15 ट्रेनों को चलाने का किया एलान

**हिसार।** अगर आप होली पर घर जाना चाहते हैं तो रेलवे ने बड़ी खुशखबरी दी है। होली पर हरियाणा से कई विशेष ट्रेनों का संचालन रेलवे करने जा रहा है। रेलवे के मुताबिक 15 जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे ने यह जानकारी साझा की है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार अजमेर-दौंड स्पेशल रेल सेवा (गाड़ी संख्या 09625) 21 व 28 मार्च और चार अप्रैल को चलेगी। अजमेर-टनकपुर (गाड़ी संख्या 05098) 23, 26, 28 और 30 मार्च को चलेगी।

## होली बुराई पर अच्छाई की जीत और रंगों का त्यौहार: आशा

### आल इंडिया वैश्य फेडरेशन की महिला विंग ने मनाया होली उत्सव

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आल इंडिया वैश्य फेडरेशन की महिला विंग की तरफ से होली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने जमकर नृत्य किया और रंगो व फूलों से होली खेली। आल इंडिया वैश्य फेडरेशन की चेयरपर्सन आशा गोयल ने कहा कि होली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। यह पूरे भारतवर्ष में फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली बुराई पर अच्छाई की जीत और रंगों का त्यौहार है। उन्होंने सभी सदस्यों को होली की बधाई दी। आज की होस्ट मधु गुप्ता, मीनाक्षी गोयल, नीरू गोयल स्माइली गुप्ता एवं मीनू तायल रही। होली को ध्यान में रखकर आज के कार्यक्रम की साज सज्जा की गई। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव राखी गर्ग, केशियर मोनिका गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, नीलिमा बंसल, स्माइली गुप्ता, कृति गुप्ता, शिवानी बंसल, मधु गुप्ता, प्रीति गुप्ता, नीरू गोयल, मंजू गुप्ता, नीतू गर्ग, मीनू तायल, संतोष गुप्ता, कामिनी अग्रवाल, मीनाक्षी गोयल, निशा गुप्ता, सुमन गुप्ता, पूजा गोयल, अंशु गुप्ता, रेनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**होली आई रे...**

8 सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने जमकर नृत्य किया और रंगो व फूलों से होली खेल

## बस समेत अन्य वाहनों में लगी आग, एक गाड़ी से बरामद हुआ जला शव

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम**

आईएमटी मानेसर थाना क्षेत्र के सेक्टर-3 में सोमवार रात प्लॉट नंबर-56 के बाहर ग्रीन बेल्ट में खड़ी बस समेत तीन वाहनों में आग लग गई। आग बुझाने के बाद जब जांच की गई तो एक गाड़ी से एक व्यक्ति का जला हुआ शव भी बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-3 के प्लाट नंबर 56 के पास बसों को मोडिफाई करने की फैक्ट्री है। इसी फैक्ट्री में मोडिफाई के लिए आई बस व अन्य गाड़ियां यहां ग्रीन बेल्ट में खड़ी थीं। बस के ऊपर से 11 हजार केवी



बिजली लाइन के तार गुजर रहे हैं। जांच के दौरान एक तार भी टूटा हुआ मिला।

**तार टूटकर आग लगने की आशंका:** इससे आशंका जताई जा रही है कि तार टूटने के दौरान निकली चिंगारी से बस में आग लगी। इसकी चपेट में अन्य दो वाहन भी आ गए। आईएमटी मानेसर थाना पुलिस ने बताया कि सोमवार रात 11 बजे कंट्रोल रूम में किसी व्यक्ति ने फोन कर सेक्टर तीन के प्लॉट नंबर-3 के बाहर खड़ी बस में आग लगने की सूचना दी।

**पूरी तरह से जला शव:** मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर आग को बुझाया गया। इसके बाद जब गाड़ियों के अंदर तलाशी ली गई तो उसमें से टाटा मैजिक में एक व्यक्ति का शव मिला। शव पूरी तरह से जल चुका था। फौरन ही एफएसएल, फिंगरप्रिंट व अन्य टीमों को बुलाकर जांच कराई गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

**आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं:** इसके साथ ही यहां से सैंपल भी लिए गए। टूटे हुए तार का टुकड़ा जांच के लिए रखा गया है। आईएमटी मानेसर के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर योगेश ने बताया कि शव की पहचान के लिए, आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा न लगा होने से आग लगने का सटीक कारण पता नहीं चल पाया है। लेकिन तार टूटने के कारण आग लगने का अंदेशा है।

## शूटरों ने कई दिनों तक की थी घर के आसपास रेकी, सीसीटीवी फुटेज आया सामने

टीम एक्शन इंडिया

**बहादुरगढ़:** इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। यह रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ। यह हत्या से एक दिन पहले 24 फरवरी का है। इसमें नफे सिंह के घर के पास से एक शख्स पैदल ही फोन पर बात करते हुए गली से गुजरता दिख रहा है। यह शूटरों में से एक बताया जा रहा है।

**आरोपियों पर एक -एक लाख का इनाम**

इससे पहले शूटरों द्वारा इस्तेमाल



की गई कार भी नफे सिंह के घर के पास से गुजरती हुई नजर आई थी। ऐसे में यह माना जा रहा है कि शूटरों ने कई बार नफे सिंह के घर के पास रेकी की थी। इससे पहले नफे सिंह का परिवार भी यह कह चुका है कि उनके घर के पास चार बार शूटर कार से उतरे थे। उन्होंने नफे सिंह के छोटे पुत्र पार्षद जितेंद्र राठी का भी पीछा किया था। शूटर घर के आसपास ही हमले की ताक में थे। इस मामले में पुलिस दो शूटरों के अलावा एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार कर चुकी है।

# सेक्टर सुपरवाईजर अपने-अपने बूथों का बार-बार निरीक्षण के साथ करें विश्लेषण: उपायुक्त

## -बूथों का रूट मैप जांचते हुए मतदाता को प्रभावित कर सकने वाले प्रभावी लोगों की सूची करें तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सेक्टर ऑफिसर्ज को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने बूथों का बार-बार निरीक्षण करते हुए गंभीरता से विश्लेषण करें। बूथों में आवश्यक सुविधाएं व इन्फ्रास्ट्रक्चर सुनिश्चित किया जाए, जिसकी रिपोर्ट उन्हें प्रेषित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए कोई स्थान नहीं है।



लघु सचिवालय में मंगलवार को सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ सेक्टर ऑफिसरों व सेक्टर पुलिस ऑफिसरों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर व सेक्टर पुलिस ऑफिसर आपस में बेहतरीन तालमेल स्थापित कर मिलकर कार्य करें, जिससे कि हर कार्य सरलता के साथ होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सेक्टर ऑफिसर्ज के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों के लिए तैयार बुकलेट का वे अध्ययन जरूर करें, ताकि उन्हें अपनी ड्यूटी व नियमों की जानकारी अवश्य हो। सेक्टर ऑफिसर्ज की ट्रेनिंग भी करवाई जा चुकी है। प्रेजाईडिंग ऑफिसर की समस्याओं का समाधान सेक्टर ऑफिसर करेंगे। किसी भी प्रकार की स्थिति में तुरंत निर्धारित समयावधि में कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।
उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि सेकटर ऑफिसर अपने बूथों पर जाकर पूर्ण जांच करें। सुनिश्चित करें कि बूथों में रैंप, बरामदा, पानी, शौचालय, बिजली इत्यादि की सुविधाएं हैं। रूट मैप जांचें ताकि अपने हर बूथ की भौगोलिक जानकारी हो। मोबाईल नेटवर्क की जांच जरूर करें। उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि सेक्टर ऑफिसर वलनरेबिलिटी बूथों की सूची जरूर तैयार करें। इनमें वे बूथ शामिल करें जो गांव, ढ़ाणी, बस्ती जहां ऐसे लोग हों जो मतदाता को प्रभावित कर सकते हैं। धन बल व मसल्स पावर के दम पर यदि कहीं मतदाताओं से जबरन वोट डलवाने की घटना हुई हो उसकी जानकारी भी दी जाए। इसके लिए गांवों में संपर्क सूत्र तैयार करें जिनमें सरपंच, महिला पंच, चौकीदार, नंबरदार, एससी पंच, आंगनवाड़ी वर्कर को शामिल किया जा सकता है।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कानून एवं व्यवस्था को भंग करने वाले संभावित लोगों की सूची पुलिस तैयार करेगी। यदि कहीं अवैध हथियार मिलते हैं तो जब्त करके तुरंत केस दर्ज करें। लाईसेंसधारकों से उनके हथियार जमा करवायें। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कड़ी निगाह रखें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी पुलिस आयुक्त व सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ बूथों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान सेक्टर ऑफिसर्ज और सेक्टर पुलिस ऑफिसर्ज के कार्यों व नियमों पर आधारित पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भी उन्हें विस्तार से जानकारी दी गई।

**बैठक**

8 जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने ली सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स की बैठक

# खराब हुई फसलों का किसानों को जल्द मिले मुआवजा-जरनैल मोहरी

**मांग**

8 क्षेत्र में 2 मार्च को तेज हवाओं व ओलावृष्टि के साथ आई बारिश ने किसानों की फसलों को तबाह कर दिया था

**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** क्षेत्र में 2 मार्च को तेज हवाओं व ओलावृष्टि के साथ आई बारिश ने किसानों की फसलों को तबाह कर दिया था। जिसके चलते किसानों ने सरकार से मांग रखी थी कि वह जल्द ही उनकी नष्ट हुई फसलों के संबंधित विभाग से गिरदावरी करवा कर उनके खातों में मुआवजा राशि भेजें। इस समस्या को गंभीरता से उठाते हुए जेजेपी पूर्व महासचिव जरनैल सिंह मोहड़ी ने कहा है कि सरकार ने पिछले साल भी गेहूं के सीजन में क्षतिपूर्ति का पोर्टल खोला था, लेकिन किसी भी किसान के खाते में मुआवजा नहीं आया था। इसलिए वह सरकार के द्वारा खोले गए इस बार भी क्षतिपूर्ति पोर्टल बारे




कहना चाहते हैं कि किसानों के हित में यदि सरकार किसी भी पोर्टल को ओपन करती है तो उसके अंतर्गत आने वाली किसानों के लिए सुविधाओं को भी सरकार किसानों तक पहुंचाये। उन्होंने कहा कि इस बार भी अपनी नष्ट हुई फसल को हजारों किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर ऑनलाइन किया है जिसके तहत जिस किसान का जितना भी नुकसान हो सरकार वह मुआवजा उसे जल्द से जल्द प्रदान करें व कृषि प्रधान देश में किसान ही देश की रीढ़ की हड्डी है सरकार को चाहिए कि उसे वह हमेशा मजबूत करती रहे।

# आसाराम बापू के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर किया हवन यज्ञ

**हवन यज्ञ**

8 आश्रम पंजोखरा में बापूजी के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर हवन यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया



**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** संत श्री आसाराम जी आश्रम पंजोखरा में बापूजी के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर हवन यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया। सभी साधक आश्रम में एकत्रित होने लगे जिसके चलते उन्होंने धर्मराज मंत्र व स्वास्थ्य मंत्र की आहुतियां डाली हवन के बाद सभी साधकों ने ओम जय जगदीश हरे की आरती गाकर अपने गुरुदेव को रिझाया। इस दौरान आश्रम के संचालक संतोष भाई ने मौजूद लोगों को मंत्र बारे जानकारी देते हुए बताया कि मंत्र में बहुत शक्ति होती है। यदि हम एकाग्रचित होकर अपने गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य के लिए इसका जाप कर यज्ञ में आहुति डालते हैं तो अग्नि देव के माध्यम से यह मंत्र युक्त आहुतियां हमारे गुरुदेव का स्वास्थ्य अवश्य उत्तम करती हैं। एक सच्चे गुरु भक्त का अपने गुरुदेव के प्रति उत्तरदायित्व भी बनता है कि वह उनका वंदन कर उनसे प्रार्थना करे की गुरुदेव आप हमारे अंतिम सांस तक हमें अपने चरणों में रखना एक सत्य निष्ठ गुरु भक्त का उत्तरदायित्व भी बनता है कि वह अपने गुरुदेव के नित्य ही दर्शन करे यदि शारीरिक रूप से दर्शन ना हो पाए तो ध्यान की गहराइयों में जाकर अपने गुरुदेव से बात करें, क्योंकि गुरु और भगवान एक ही तत्व के दो नाम हैं। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो लोगों ने भंडारा ग्रहण किया इस मौके पर हरीश ढींगरा, रामेश्वर, योगेश, मोहित, भूपेश सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली भगवान तिरुपति की सवारी

**हिसार :** श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान श्री तिरुपति जी की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान माता लक्ष्मी व भूदेवी भी पालकी में विराजमान रहे। श्रद्धालुओं ने श्री तिरुपति धाम के पूरे परिसर को जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। भक्तों ने अपने हाथों से भगवान के रथ को खींचकर अपनी आस्था जताई।
श्री तिरुपति धाम में 21 मार्च को होली महोत्सव की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। इस महोत्सव के लिए पूरे धाम को सजाया जा रहा है। इस महोत्सव में हिसार व अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। महोत्सव में बिना पानी की फूलों की होली खेली जाएगी। सायंकाल भजन संध्या का आयोजन होगा। प्रसिद्ध भजन गायिका निशा दीदी व उनकी मंडली भजन संध्या के दौरान भजनों के माध्यम से देवी-देवताओं का गुणगान करते हुए होली का रंग जमाएंगी।

# श्याम ऐसी कृपा बरसा दो... पर झूमे श्याम भक्त



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा 516वां भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा पिपली रोड़ स्तिथ एक निजी पैलेस में आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक भारत वधवा परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। संकीर्तन में बताया गया कि श्री खाटूजी का नाम आज केवल भारत में ही नहीं, अपितु दुनिया में फैले करोड़ों हिन्दुस्तानी लोगों की श्रद्धा और विश्वास का विषय है। अपने नाम के अनुरूप श्री खाटू श्याम जी कलियुग के अवतार तथा अपने भक्तों की सम्पूर्ण मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाले हैं। इस दौरान आमन्त्रित गायक श्वेता अग्रवाल,विशाल शैली और जतिन जिंदल ने मधुर भजन सुनाए। भजनों थाली भरकै लाई रै खीचड़ो, सांवरिया ले चल परली पार..., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी और श्याम ऐसी कृपा बरसा दो...इत्यादि पर श्याम प्रेमी मदमस्त होकर झूमे। श्री श्याम आरती में अनिल मित्तल,अरुण गोयल, मोहित तायल, पियांशु तायल, पंकज सिंगला, गौरव गुप्ता, संजय चौधरी, मनोज गुप्ता, ए.पी.चावला, सुरेन्द्र काठपाल,कविता गोयल,स्वीटी मित्तल,बबीता गुप्ता और टीना तायल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### यज्ञ से प्रसन्न होते हैं देवता: हरिओम महाराज



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** लुखी गांव के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रांगण में महायज्ञ का आयोजन किया गया । यह महायज्ञ 9 मार्च से आरम्भ होकर 19 मार्च तक चला। जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट प्रचारक श्री श्री 1008 हरिओम महाराज के सानिध्य में हुए इस यज्ञ में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से हवन यज्ञ शुरू हुआ और दोपहर बाद श्रीमद्भागवत कथा का सुमिरन करवाया गया। हरिओम जी महाराज ने कहा कि भगवान ब्रह्मा के मन में सृष्टि की रचना का विचार आया तो उन्होंने सर्वप्रथम यज्ञ किया, तब सृष्टि का आरंभ हुआ। उन्होंने बताया कि महायज्ञ में पुण्य करने से फल कई गुना बढ़ जाता है, यज्ञ से देवता प्रसन्न होते हैं । शिव महिमा का गुणगान करते हुए हरिओम महाराज ने शंकर तेरी जटा में बहती है गंगाधार, मन को वश में कर लिया, लिया तेरा नाम, ओम नमः शिवाय, ओम नमः शिवाय: भजन अगर यज्ञ किया जाए तो सबका भला होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि हमें नित्य प्रति हवन यज्ञ जरूर करना चाहिए ।शाम के 7 बजे बाद महाआरती की गई । इस दौरान पूरा लुखी गांव भक्तिमय नजर आया ।भव्य महाआरती में ग्रामवासियों के अतिरिक्त सैकड़ों अन्य ज़िले से आए भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । भंडारे के प्रसाद के साथ यज्ञ कार्य सम्पूर्ण हुआ । मुख्य यजमान राहुल राणा ने आए हुए साधु-सन्तों व अतिथियों का फूल-माला , प्रतिमा देकर मान सम्मान किया । सायंकाल महाआरती आकर्षण का केंद्र रही।

### अंतिम और वंचित का नारा देने वाली बीजेपी का असली चेहरा आया सामने: राय सिंह चौहान

**हिसार :** हेड़ी /नायक समाज, हरियाणा के अध्यक्ष राय सिंह चौहान एडवोकेट ने कहा है कि बीजेपी ने सदा धनाढ्य समाज को आगे बढ़ाया है। इनका असली चेहरा अब आपके सामने है। हरियाणा सरकार में एस.सी और डी.एन.टी समाजों को केवल वोट बैंक और लोगों की भीड़ बढाने का जरिया माना गया है।
मौजूदा हरियाणा सरकार में एस.सी के सभी मुख्य पद एक ही जाति को दिए गए हैं। चाहे एस सी/बीसी विभाग के मंत्री की बात हो या विधानसभा के एस सी/बीसी वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष की बात हो या एससी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष या मौजूदा अध्यक्ष की बात हो या पार्टी में पदों की बात हो। बाकी एस.सी समाजों को केवल लिस्ट में ही वंचित नाम करके डीएससी समाज को मूर्ख बनाया गया है। अब भी दोनों लोकसभा सीटें एक ही जाति को देकर डीएससी समाज को बहुत बड़ा धोखा दिया गया है। अति वंचित विमुक्त घुमंतू समाज के लिए बनाए गए एकमात्र घुमंतू बोर्ड में भी चमार जाति का उपाध्यक्ष बनाया है जो डीएनटी की सूची में शामिल भी नहीं है। ऐसा करके घुमंतू समाज के साथ भी बड़ा विश्वासघात किया है। घुमंतु जातियों को सिर पर छत देने, नौकरी देने आदि अनेकों सपने दिखाकर लगातार 10 वर्ष से बीजेपी सत्ता का सुख भोग रही है जबकि उन लोगों को न ही सिर पर छत दी गई और न ही नौकरियों में भी इस समाज के बच्चों को पांच अंक दिए गए है। केवल कागजी सुविधाओं के बल पर इन्हें अच्छे दिनों के सपने दिखाए गए हैं ।ये लोग उन सपनों को पूरा होने की उम्मीद में आज भी दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। पिछले डीएनटी बोर्ड में भी केवल एक ही जाति को बोर्ड में महत्व दिया गया था जो जाति अभी तक कानूनी तौर पर डीएनटी में शामिल भी नहीं है। अब फिर उन्हीं जातियों को दोनों पद दिए गए हैं, जो डीएनटी में शामिल भी नही है।

# 'पीएम मोदी ने देश को नई दिशा देने का काम किया'



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैन:** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि आज देश की जनता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की भागडौर सौंपने का तैयार बैठी है और लोकसभा चुनावों में होने वाले मतदान का इंतजार कर रही है।भाजपा नेता संदीप गर्ग गांव गुढ़ा के नवजीवन विद्या मंदिर स्कूल में ग्रामीणों के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत देश को नई दिशा देने का काम किया है और जो केन्द्र सरकार द्वारा गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जनकल्याणकारी नीतियां चलाई जा रही है वह एक देश के हर गरीब व्यक्ति तक पहुंची है। जिसका लाभ जनता उठा रही है, इसलिए आज देश की जनता मोदी सरकार को याद करती है। विपक्षी दलों के पास चुनावों में वोट मांगने के लिए कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए जब चार जून को लोकसभा चुनावों के परिणाम आएंगे तो वह भाजपा सरकार के पक्ष में होंगे।

**बागडोर**

8 आज देश की जनता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का तैयार बैठी है

# राजीव जैन से दुकानों की बोली रद्द करके ड्रा के माध्यम से दुकानों को आबंटित करने की मांग की

## -जिला की सभी छः विधानसभाओं में रैली करने के लिए स्थान भी किए निर्धारित

**आक्रोश**

8 अब सभी दुकानों की बोली करवाई जा रही है जिससे पुराने आढ़तियों में आक्रोश है

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** दी सोनीपत फ्रूट एन्ड वेजिटेबल कमीशन एजेंट्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर नई सब्जी मंडी में आगामी 28 मार्च को होने वाली दुकानों की बोली रद्द करके ड्रा के माध्यम से दुकानों को आबंटित करने की मांग की है।
ज्ञापन में एसोसिएशन के महासचिव इंद्र प्रकाश गुप्ता ने लिखा है कि सरकार ने पहले वर्तमान



आढ़तियों को रिजर्व मूल्य पर दुकान देने और बाकी बची दुकानों की बोली करवाने की नीति बनाई थी परन्तु अब सभी दुकानों की बोली करवाई जा रही है जिससे पुराने आढ़तियों में आक्रोश है। आढ़तियों का कहना है कि बोली के लिए जो रिजर्व मूल्य 80 लाख रुपए रखा वह भी अनाज मंडी की दुकानों से ज्यादा है और दुकानें छोटी भी हैं। गौरतलब हो कि रोहतक रोड पर नई अनाज मंडी के साथ सब्जी मंडी का निर्माण हो चूका है और लगभग दो सौ दुकानें आबंटित होनी है। पुरानी सब्जी मंडी के 34 आढ़तियों को लाइसेंस नीति अनुसार रिजर्व मूल्य पर आबंटन का पात्र माना गया था और लगभग 15 आढ़तियों के केस अपील में लगे हुए हैं। राजीव जैन ने आश्वाशन दिया कि वह इस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं कृषि मंत्री जे०पी० दलाल से बातचीत करेंगे तथा समस्या का हल करवाएंगे। इस अवसर पर आढ़ती मनोज शर्मा, राजकुमार खत्री, जय चंद सैनी, मोहन कुच्छल, अमित जैन, विनोद सैनी, विकास चोपड़ा, कुलदीप, नरेंद्र बल्हारा, राजेश कुमार, संजीव जैन आदि दुकानदार उपस्थित रहे।

# हँसना, मुस्कुराना खुशी की बात है: सतपाल सिंह अहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: अंतर्राष्ट्रीय** खुशी दिवस 20 मार्च को मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है, जो दुनिया भर में खुशी, कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। 2024 की थीम, "हैप्पीयर टुगेदर" है।
खुशी छोटी हो या बड़ी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद ही है। हँसना, मुस्कुराना सभी के लिए खुशी की बात है। जिंदगी में अगर खुश रहना है तो सबसे पहले अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य को नजरअंदाज करके हम करियर में सफल हो भी गये तो आगे उस सफलता का सही रूप से आंनद नही ले पाएंगे। सेहत का मतलब सिर्फ शारिरिक ही नही मानसिक स्वास्थ्य से भी है। हंसना एक थैरेपी है। हंसने-मुस्कुराने से ही न केवल इम्युनिटी बढ़ती है बल्कि यह तनाव को कम करने का सबसे अच्छा माध्यम है। इसमें जरूरी नहीं है कि आप किसी के साथ या मदद से ही हंसें। आप खुद भी हंस सकते हैं। कई अध्ययनों में स्पष्ट हो चुका है कि खुशी और सेहत के बीच गहरा संबंध होता है। प्रियजनों के साथ जुड़ें दोस्तों और परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं। ऐसी गतिविधियों में शामिल हों जो आपको खुशी दें और स्थायी यादें बनाएं।
माइंडफुलनेस का अभ्यास करें। ध्यान, योग या गहरी सांस लेने के व्यायाम जैसी माइंडफुलनेस गतिविधियों में संलग्न रहें। ये अभ्यास तनाव को कम करने और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।



दूसरों के साथ जश्न मनाएं समाज में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करें या उनमें शामिल हों जो खुशी और खुशहाली को बढ़ावा दें। इसमें कार्यशालाएँ, सेमिनार या समूह गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं।
सक्रिय रहें। शारीरिक गतिविधि मूड और ऊर्जा के स्तर को बढ़ा सकती है। टहलने जाएं, लंबी पैदल यात्रा करें, या बाइक की सवारी करें, या अपने पसंदीदा व्यायाम में संलग्न हों। सकारात्मकता फैलाएं। दूसरों को प्रेरित करने और उनका उत्थान करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सकारात्मक संदेश, उद्धरण और छवियां साझा करें।
कृतज्ञता का अभ्यास करें। अपने जीवन में जिन चीजों के लिए आप आभारी हैं, उन पर विचार करने के लिए समय निकालें। उन्हें कृतज्ञता डायरी में लिखें या मित्रों और परिवार के साथ साझा करें।
स्वयंसेवक। अपना समय और कौशल स्वेच्छा से देकर अपने समुदाय को वापस लौटाएँ। दूसरों की मदद करने से तृप्ति और खुशी की भावना आ सकती है। अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस केवल एक दिवसीय उत्सव नहीं है, बल्कि हमें प्रतिदीन हँसी खुशी के साथ बिताने का लगातार प्रयास करना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात अपने जीवन का आनंद लेना है - खुश रहना - यही सब मायने रखता है। आपका जीवन अनंत आनंद और खुशियों से भरा रहे।

**जश्न मनाएं**

8 जो दुनिया भर में खुशी, कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है

# सॉन्ग कला हमें पारिवारिक एकता एवं संस्कृति से जोड़कर रखता है: सूरजभान कटारिया

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने कहा है कि हरियाणवी सॉन्ग कला हमें हमारी पारिवारिक एकता, संस्कृति एवं ऐतिहासिक परंपरा से जोड़कर रखता है। कटारिया ने लुप्त होती जा रही इस कला के कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की इस चमक,- धमक के फिल्मी दृश्यों में अपनी संस्कृति एवं इतिहास से जुड़ कर किया जा रहा सॉन्ग कला को सरकार का सहयोग भी दिलाया जाएगा। सूरजभान कटारिया गांव बाहरी में डेरा बाबा संवार नाथ चेला मोहरू नाथ ट्रस्ट संस्था के द्वारा आयोजित चार



दिवसीय सॉन्ग कला कार्यक्रम के अंतिम दिवस का उद्घाटन करने के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा की डेरी की प्राचीनता और सिद्धि की प्रसिद्धि दूर - दराज के गांव तक भी फैली हुई है ।कटारिया ने यहां आयोजित विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के प्रधान मानसिंह बच्चगांव एवं मुकेश नाथ ने सूरजभान कटारिया को स्मृति चिन्ह एवं सरोपा भेंट करके सम्मानित किया। कटारिया ने आयोजन समिति को 21000 हजार रुपए तथा सॉन्ग कला कमेटी को 5100 रुपए भेंट किए ।कार्यक्रम में मनमोहन रूप से प्रसिद्ध सांगी कलाकार सूरजभान बेदी व विष्णु हरियाणवी की टीम ने धार्मिक एवं संस्कृत भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं का एवं गांववासियों का मन मोहा।

# 'अधिकारी सजग व सतर्क रहते हुए करें चुनाव ड्यूटी'

## डीसी एवम जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने चुनाव प्रक्रिया में लगे नोडल अधिकारियों की बैठक कर दिए आवश्यक दिशा



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय में मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों एवं अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। लोकसभा आम चुनाव में सभी कर्मचारी एवं अधिकारी अपने कर्तव्य का पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पालन करें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव करवाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है, इसलिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के लिए

**भूमिका**

**8 स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों एवं अधिकारियों की अहम भूमिका होती है।**

नियुक्त नोडल अधिकारी आपसी तालमेल, योजनाबद्ध व गंभीरता से अपना दायित्व निभाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि समय रहते सभी आवश्यक प्रबंधों को पूरा करें ताकि मौके पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि चुनाव एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अपनी चुनाव ड्यूटी का निर्वहन पूरी तरह से सजग व सतर्क रहते हुए करें। प्रत्येक नोडल अधिकारी को उसकी ड्यूटी को समझाते हुए कहा कि चुनाव कार्य में मतदान से लेकर चुनाव सामग्री देने व जमा करने सहित सभी कार्यों को निष्ठा पूर्वक करें। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी सुविधा सुनिश्चित की जाए। इस मौके एडीसी डॉ. पंकज, एसपी अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम मनदीप सिंह, समालखा एसडीएम अमित कुमार, इसाराना एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम टिनू पोशवाल, तहसीलदार(चुनाव) सुदेश राणा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस की नीतियों से कराया अवगत

## कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार बनाएगी और इस झूठी सरकार को जड़ से उखाड़ फेकेंगी

**नीतियां**

**8 बैठक कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस पार्टी की नीतियों को वार्ड वासी तक पहुंचा**



**कमाल हुसैन**

**पानीपत.** रविवार को तहसील कैंप के फतेहपुरी चौक स्थित शांति मंदिर में राजकुमार पावहा (राजू तेल वाला) के सहयोग से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता वरिंद्र शाह (बुल्ले शाह) ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर वार्ड वासियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस पार्टी की नीतियों को वार्ड वासी तक पहुंचा। वीरेंद्र शाह ने कहा कि इस बार चुनाव मे कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार बनाएगी और इस झूठी सरकार को जड़ से उखाड़ कर वापस अपने घर लौटने का कार्य करेगी।शाह ने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में तेल के दामों में 2 रुपए प्रत्ति लीटर की कमी करने के बहाने देश की जनता को गुमराह करने का काम किया है। पहले तेल के रेट बढ़ाए जाते हैं और फिर उनमें से कुछ कमी करके झूठी वाहवाही लूटने का काम किया जा रहा है। महंगाई आसमान छू रही है गरीब व्यक्ति के लिए दो समय के लिए रोटी कमाना भी मुश्किल हो गया है। प्रॉपर्टी आईडी, फैमिली आईडी व राशन काटने को लेकर लोग दर-दर भटक रहे है कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही अब समय आ गया है इस सरकार को बदलकर ईमानदार सरकार लाने का जनता भी बदलाव मांगती है। इस अवसर पर चाणक्य पंडित, प्रेम मल्होत्रा(पासी भाई), शिंटू आहूजा, राम चावला, अमरजीत गाबा, बाबूराम मित्तल, तरुण सलूजा के साथ तहसील कैंप के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सांझा निशान चुलकाना धाम के शिखर पर चढ़ाया गया



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** वासियों का सांझा निशान चुलकाना धाम के शिखर पर चढ़ाया गया वृंदावन ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष राकेश बंसल महासचिव हरीश बंसल ने कहा इस ध्वज को 25 000 श्याम भक्तों ने स्पर्श किया था। अपनी भावनाएं इस ध्वज के माध्यम से श्याम बाबा को भेजी थी। इस श्याम ध्वजा को वृंदावन ट्रस्ट के ट्रस्टी आशीष गर्ग, यीशु गोयल ,गोरस बंसल, बंसल ने सारे रास्ते में लगभग 25000 श्याम प्रेमियों को स्पर्श करवाया। और उसके बाद बड़े ध्वज के साथ सभी श्याम प्रेमियों ने सेल्फी खिंचवाई वृंदावन ट्रस्ट के संरक्षक विकास गोयल ने कहा की खाटू राजस्थान में सूरजगढ़ का ध्वज लहराया जाता है जबकि चुलकाना धाम में पानीपत का ध्वज लहराया जाता है विकास गोयल ने कहा कि इस परंपरा का निर्वाह मनोज सिंगला नादे वालों ने अपने कर कमलों से किया। वृंदावन ट्रस्ट पानीपत में मनोज सिंगला को यह दायित्व सोप था उन्होंने अपने परिवार की परंपराओं का अनुकरण करते हुए बखूबी से दायित्व निभाया मंदिर समिति के प्रधान रोशन लाल छौककर ने कहा कि सूरजगढ़ और खाटू पानीपत और चुलकाना यह जुड़ा हुआ समीकरण है ज्ञातव्य है कि पानीपत वासीयों ने ही वर्षों पहले चुलकाना के मंदिर का एवं तालाब का नवनिर्माण करवाया था आज पानीपत वासी लाखों की तादाद में चुलकाना धाम से जुड़े हुए हैं वृंदावन ट्रस्ट रजिस्टर्ड के माध्यम से 25000 भक्तों ने गत रविवार को दर्शन भी किए थे और वृंदावन ट्रस्ट 20 तारीख को होने वाले आयोजन के लिए भी आवश्यक प्रयास कर रहा है।

### कला सृष्टि मंच के होली महोत्सव में हुआ धमाल

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हर त्यौहार की भांति इस बार भी कला सृष्टि मंच द्वारा एक होटल में होली उत्सव को बड़े उत्साह से मनाया गया। कला सृष्टि मंच से जुड़े राजेश सिंगला ने बताया कि यह समूह गत 6 वर्षों से विभिन्न प्रकार के उत्सवों को संस्कार और परंपरा को जीवित रखने के लिए मना रहा है। 45 से 70 वर्ष तक की संभ्रांत परिवारों की महिलाएं एवं पुरुष संस्कार को मानने के लिए कटिबद्ध हैं। होली आई रे कार्यक्रम के लेखक और निर्देशक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बेहतरीन कलाकार बृज शर्मा गत 40 वर्षों से कला को समर्पित होकर समाज की सेवा कर रहे हैं। होली उत्सव को फूलों की बरसात से गायन, नृत्य और अभिनय के माध्यम से मनाया गया। बृज शर्मा ने बताया कि होली का मतलब ही है, प्यार से भरी मस्ती। इस कार्यक्रम में युवाओं ने भी खूब धमाल मचाया। कला सृष्टि मंच द्वारा होली आई रे विषय को लेकर आयोजित कार्यक्रम में नगर के कई गणमान्य पुरुषों एवं महिलाओं ने गायन, नृत्य, अभिनय इत्यादि प्रस्तुतियों के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा, मधु मल्होत्रा, स्वाति गुप्ता, मीरा गौतम, लक्ष्मी अरोड़ा, रेणु खुंगर, सरिता दहिया, सपना चावला, रमा शर्मा, नीरज आश्री, डा. स्वरित शर्मा, मंजू सिंगला, भावना शर्मा, रश्मि सीकरी, दमन शर्मा, आशी खेत्रपाल, शालिनी शर्मा, साक्षी गौतम, विभा अग्रवाल, संतोष शर्मा, रीत शर्मा, श्रुति शर्मा, सौरभ चौधरी, डा. दीपक कौशिक, दया सिंह स्वामी, सुरेन्द्र जोशी, संजीव, रिंकू छाबड़ा, शिव कुमार किरमच, दीपक शर्मा, सुशील कुमार, अनिल कपूर, डा. सत्य भूषण, पृथ्वी गौतम, मनीष जिंदल, अवनीश गोयल, कपिल बत्रा, रमेश खुंगर, सहदेव शर्मा, सुनील दत्त शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

### भाजपा की घरोंडा रैली के लिए नूरवाला से कार्यकर्ता हुए रवाना

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** करनाल लोकसभा क्षेत्र के घरौंडा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली में पानीपत ग्रामीण हल्के के विधायक महीपाल ढांडा के मार्ग दर्शन में के नूरवाला क्षेत्र के युवा भाजपा नेता ईसम कुमार पांचाल की अगुवाई में भाजपा कार्यकताओं का जत्था रवाना हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली को लेकर युवा वर्ग में भारी उत्साह देखने को मिला। युवा भाजपा नेता ईसम कुमार पांचाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पर का सपना एक-एक कार्यकर्ता रात दिन मेहनत करके पूरा करेगा। करनाल लोकसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को उम्मीदवार बनाए जाने पर हर वर्ग में भारी उत्साह है। लोग मन बना चुके हैं कि वह रिकॉर्ड मतों से मनोहर लाल जी को जिताकर लोकसभा में भेजेंगे। रैली में भाग लेने वालों में कैलाश पाल, रविंद्र पांचाल, श्याम लाल, जगदीश दुधला, सचिन पाल, राजपाल ,विनोद ,ओमवीर ,तरुण तावड़ा, लखन, बिजेंद्र पांचाल, रमेश, मोहन ,सुरेंद्र ,रतन, सतपाल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# एक दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में एक दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. महाबीर नरवाल ने बताया कि इस तरह के प्रोग्राम का आयोजन विद्यार्थियों को उपलब्ध कॅरियर अवसरों से अवगत कराना है। इस प्रोग्राम में विद्यार्थियों के निर्देशन के लिए कुवि के प्लेसमेंट सेल से डॉ मोहिन्द्र सिंह को आमंत्रित किया गया। डॉ. मोहिन्द्र सिंह ने बताया कि किस तरह एआई मानव कार्य को प्रतिस्थापन कर रहा है। धीरे-धीरे एमकाम के विद्यार्थियों के लिए जॉब लुप्त हो रही है जिसका मुख्य कारण कौशल की कमी है इसलिए



विद्यार्थियों को अपने कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। आपको जिंदगी में एक प्लान पर निर्भर नहीं रहना बल्कि आपके पास हमेशा प्लान बी होना चाहिए। अपने व्यक्तित्व विकास व कौशल विकास पर फोकस करना है। उन्होंने डाटा विश्लेषण के क्षेत्र में उपलब्ध जॉब अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के पास कौशल तो है लेकिन जरूरत है तो जॉब मार्केट के अनुसार खुद को अपडेट करने की। उन्होंने ज्ञान आधारित जॉब जैसे वित्तीय सलाहकार व डाटा विश्लेषण पर भी चर्चा की। उन्होंने जॉब मार्केट में उपलब्ध चुनौतियों व अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हमें स्वयं कर विश्लेषण करके रिज्यूम बनाना चाहिए। हमें अपनी कमियों व खूबियों का पता होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अगर आप इच्छुक हो तो आपके लिए डाटा विश्लेषण पर साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर इस प्रोग्राम का सफल बनाया व अपने संदेहों को दूर किया।

# फिल्म शाकुन्तलम की कराई स्क्रीनिंग

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पानीपत के सुप्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आई बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग ने स्नातक तृतीय व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए महाकवि कालिदास विरचित अभिज्ञान शाकुन्तलम् पर आधारित फि ल्म शाकुन्तलम् की स्क्रीनिंग कराई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस गतिविधि से महान विद्वानों द्वारा लिखित गंभीर विषयों का सरलीकरण होता है व मनोरंजन के साथ साथ ज्ञान में भी वृद्धि होती है। संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ

**स्क्रीनिंग**

**8 इस गतिविधि से महान विद्वानों द्वारा लिखित गंभीर विषयों का सरलीकरण होता है: डॉक्टर अजय कुमार गर्ग**

अंजलि ने कहा कि चलचित्र के माध्यम से विद्यार्थी नाटक के सभी पात्रों का सम्यक व पृथक -पृथक चरित्रावबोध कर पाते हैं।विद्यार्थी पाठ्यक्रम में नियुक्त प्राचीन ग्रंथों की उपादेयता को समझते हैं व तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था व रीति नीति का ज्ञान प्राप्त करते हैं।

# बीजेपी की रैली में सैकड़ों लोगों ने लिया भाग: रफाकत हसन

**पानीपत**

**कमाल हुसैन:** करनाल लोकसभा क्षेत्र के घरौंडा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली में समालखा क्षेत्र के युवा भाजपा ओबीसी नेता रफाकत की अगुवाई में भाजपा कार्यकताओं का जत्था रवाना हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली को लेकर युवा वर्ग में भारी उत्साह देखने को मिला। रफाकत हसन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पर का सपना एक-एक कार्यकर्ता रात दिन मेहनत करके पूरा करेगा। करनाल लोकसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को उम्मीदवार बनाए जाने पर हर वर्ग में भारी उत्साह है। लोग मन बना चुके हैं कि वह रिकॉर्ड मतों से मनोहर लाल को जिताकर लोकसभा में भेजेंगे। जनता मनोहर लाल का मुख्यमंत्री का कार्यकाल देख चुकी है। उन्होंने प्रदेश से पर्ची-खर्ची के बिना नौकरी व भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का काम किया है। ऐसे महान नेता का इस क्षेत्र से चुनाव लडना यहां की जनता के लिए खुशी की बात है। इस मौके पर हाजी शाहनजर, ताहिर, अफसर रावल,मुनीर गुर्जर, इरफान ,यामिनी, तेजपाल, कलीराम आदि मौजूद रहे।

# इनसो ने रोड़वेज टीएम जयवीर सिंह को दिया ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: छात्र संगठन** इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) ने छात्र छात्राओं की रोड़वेज बसों की समस्याओं को लेकर रोड़वेज टीम जयवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने बताया की इनसो लोकल बसों का संचालन पुराने बस स्टैण्ड पानीपत से करवाने की मांग को लेकर लगातार जिला प्रशासन और रोडवेज विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों को ज्ञापन सौप चुकी है लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी का ध्यान इस समस्या पर नहीं गया और समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है और कॉलेज के छात्र छात्राओं को अपने अपने शिक्षण संस्थानों और विभिन्न कॉलेजो में पहुंचने के लिए काफी परेशनीयो का सामना करना पड़ रहा है छात्र समय पर कॉलेजों में नहीं पहुंच पा रहे और सुबह श्याम छुट्टी के समय कई कई घंटे नए बस स्टैण्ड सिवाह और



पुराने बस स्टैण्ड पर छात्र छात्राएं बसों का इंतजार करते रहते है

लेकिन उन्हें बसे नहीं मिलती वो समय पर अपने घर नहीं पहुंच पा रहे और छात्रों को अतिरिक्त पैसे देकर प्राईवेट साधनों में सफर करके कॉलेज तक जाना पड़ रहा है यह फैसला छात्र विरोधी है अब इनसो इसका डटकर विरोध करेगी इनसो छात्र नेताओ ने बताया की अब लोकल बसो की मांग को लेकर इनसो प्रत्येक कॉलेज के प्राचार्य से उन कॉलेज के छात्रों को लेकर मुलाकात करेगी की वो भी इस समस्या को देखते हुए इसका हल करवाए और फिर उसके बाद इनसो प्रत्येक कॉलेज के छात्र छात्राऔ को लेकर विरोध प्रदर्शन की तैयारी करेगा

इस अवसर अमन शर्मा, योगी सिंह , राहूल खर्ब, जितेन्द्र चहल, पंकज भाटिया आदि छात्र मौजूद

# '8 लाख 97 हजार 782 मतदाता मत का प्रयोग करेंगे'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय में पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 25 मई को होने वाले चुनाव में पानीपत की चारों विधानसभाओं के 8 लाख 97 हजार 782 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं की सुविधा के लिए चारों विधानसभाओं में 876 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।चुनावी प्रक्रिया के तहत 6 मई तक नामांकन पत्र



दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल 7 मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून 2024 को मतगणना होगी। आगामी 6 जून 2024 चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है और इसी दिन तक आचार संहिता रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वह बिना भय व बिना लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। कहीं पर भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके लिए फ्लाईंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीम भी एक्टिव रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों के चुनावी खर्चे पर भी कड़ी नजर रहेगी, इतना ही नहीं बैंकों से होने वाले संदिग्ध लेन-देन पर भी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। इस कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 1950 एक्टिव रहेगा। साथ ही सी-विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का भी 100 मिनट की तय समय सीमा के भीतर निपटारा किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने मीडिया के प्रश्न के उत्तर में बताया कि लोकसभा के आम चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए है। 85 वर्ष से ऊपर के वृद्ध और दिव्यांगों को मतदान के लिए बूथ तक लाने व ले जाने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसको लेकर जिला कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# कार चोरी में शामिल दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि आरोपी कृष्ण ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी जयपाल निवासी गन्नौर के साथ मिलकर कार चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी कृष्ण को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। चोरीशुदा कार पहले बरामद की जा चुकी है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि पानीपत सेक्टर 12 में घर के बाहर से चोरी हुई बलेनो कार में सवार होकर घूम रहे आरोपी जयपाल

**जेल भेजा**

**8 पुलिस ने आरोपी कृष्ण को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया**

निवासी गन्नौर को कुरूक्षेत्र सीआईए पुलिस टीम ने बीती 13 फरवरी को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया था। सूचना मिलने पर थाना चांदनी बाग पुलिस टीम गत दिनों आरोपी जयपाल को पूछताछ के लिए कुरूक्षेत्र जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी।

# कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट जनता के अनुसार इंडिया गठबंधन के पक्ष में: सुखबीर सिंह

## खट्टर के कमजोर कार्यक्रम के वजह से लोगों का मन बदला

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: आम** आदमी पार्टी प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक पिछले कई दिनों से आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र लोकसभा मैं मैं लगातार प्रचार करने जा रहे हैं।

जैसे कि इंडिया गठबंधन में आम आदमी पार्टी को एक सीट अंबाला लोकसभा की आई है जिसमें हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार गुप्ता इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार हैं। पिछले 10 दिनों से सुखबीर सिंह मलिक कुरुक्षेत्र लोकसभा की 9 विधानसभा जिस गांव में ड्यूटी लगती है वहां पर जाकर प्रचार करते हैं। इसी क्रम में कल रादौर विधानसभा में रोड शो एवं गांव प्रचार प्रसार करने पहुंचे। जनता से चर्चा करने के बाद उन्होंने पाया इस बार लोगों ने बदलाव का मन बनाया है। उसका में कारण राज्य में खट्टर सरकार को बताया है। हरियाणा राज्य में खट्टर सरकार के कामों से जानता ना खुश है। गठबंधन होने के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर प्रचार प्रसार कर रहे हैं

जिससे जनता बहुत ज्यादा खुश दिख रही है। कुरुक्षेत्र लोकसभा मे जिस किसी किसी से बात करते हैं उसका मत मौजूदा सरकार के विपरीत इंडिया गठबंधन के पक्ष में बताते हैं। सुखबीर मलिक ने कहा अगर जनता की राय माने तो कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन के हिस्से में आएगी। माननीय पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता पूरी मेहनत से प्रचार प्रसार कर रहे है।

# गैस कटर से एटीएम काटकर लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने एटीएम काटकर लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। आरोपियों से पानीपत व करनाल की दो वारदातों को खुलासा हुआ। उप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार ने मंगलवार को सीआईए वन स्टाफ में प्रेसवार्ता कर प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि बीती 8 मार्च की देर रात बदमाशों ने नांगल खेड़ी के पास स्थित यूनियन बैंक के एटीएम को काटकर 3



लाख 69 हजार रुपए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बैंक मैनेजर दिनेश की शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह व उनकी टीम को आरोपियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सीआईए वन टीम ने विभिन्न पहलुओं पर गहनता से जांच करते हुए सोमवार दोपहर मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर मुनक नहर पुल के पास से करेटा सवार आरोपी धीरज व मोहित निवासी राजीव कॉलोनी व रवि निवासी राम कॉलोनी करनाल को काबू कर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपने चार अन्य साथी आरोपी रवि निवासी राम कॉलोनी, शिवा निवासी राजीव कॉलोनी करनाल व तारिक, खुर्शीद व इरफान निवासी अंदरौला पलवल के साथ मिलकर उक्त करेटा कार मे सवार होकर एटीएम लूट की उक्त वारदता को अंजाम देने बारे स्वीकारा। मौके पर करेटा कार से वारदात में प्रयुक्त गैस कटर, एपीजी व ऑक्सीजन गैस का सिलेंडर बरामद कर पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों की निशानदेही पर आरोपी शिवा को करनाल से व तारिक उसके गांव अदरौला पलवल से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त वारदात के अतिरिक्त करीब एक महीना पहले करनाल में माल रोड पर एक्सिस बैंक के एटीएम को काटकर 6लाख 69 हजार 800 रुपए लूट की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। उक्त वारदात बारे करनाल के थाना सिविल लाइन में अभियोग दर्ज है।

**शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए दिया वारदात को अंजाम:** प पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि पूछताछ में खुलासा गिरोह का सरगना आरोपी तारिक है।

# नरेला: धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम जी की निशान पदयात्रा






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नरेला में श्याम मित्र मंडल मेन बाजार के तत्वाधान में खाटू श्याम जी की दसवीं भव्य निशान पदयात्रा निकाली गई। निशान पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। निशान पदयात्रा नरेला के मेन बाजार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर से जीटी करनाल रोड़ अलीपुर स्थित खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर तक निकाली गई। निशान पदयात्रा में सैकड़ो महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर श्याम गुणगान करते, नृत्य करते हुए शामिल हुए। निशान पदयात्रा में बाबा खाटू श्याम जी का श्रृंगारित रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बाहरी दिल्ली के नरेला में रविवार को श्याम भक्तों का जोश देखते ही बनता था। श्याम मित्र मंडल की ओर से मासिक दसवीं खाटू श्याम जी की भव्य निशान पदयात्रा का आयोजन किया। सुबह श्रद्धालुओं ने मेन बाजार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर में ज्योति प्रज्वलित कर निशानों की विधिवत पूजा कर बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया। उसके बाद श्याम बाबा के जयघोष के साथ निशान पद यात्रा का शुभारंभ हुआ। निशान पदयात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज लेकर श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। निशान पदयात्रा मेन बाजार नरेला से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई जीटी करनाल रोड़ होते हुए खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में संपन्न हुई। जहां भक्तों ने अपने हाथों से निशान को बाबा को समर्पित कर पूजा पाठ किया। निशान पदयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। निशान पदयात्रा में सबसे आगे चल रहा बाबा खाटू श्याम जी का श्रृंगारित रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

श्याम मित्र मंडल से राजीव बंसल ने बताया कि हर महीने के शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार को श्याम मित्र मंडल द्वारा खाटू श्याम निशान पदयात्रा का आयोजन किया जाता है। इस बार दसवीं निशान पद यात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में राजीव बंसल, अनिल गर्ग, सुनील जिंदल, रूपेश बंसल, सुनील सिंघल, मनोज सिंघल, राहुल मंगला, साहिल गर्ग, पवन सिंघल, अजय बंसल, अमित गौतम, आकाश खत्री, पंकज खत्री, दीपक पाराशर, नवीन गर्ग, मोहित गौतम, प्रवीन जिंदल, हरिओम अग्निहोत्री, अनिल सोनी, पंडित हेमंत शास्त्री सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने क्या किया, वह बताये भाजपा: लवली




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली में भाजपा के सातों उम्मीदवारों की चुनाव बाद 100 दिनों की कार्य योजना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह दिल्ली की जनता का दुर्भाग्य है कि दिल्ली में पिछले 10 वर्षों में भाजपा के सांसदों ने क्या योगदान किया, यह बताने की बजाय जीतने के बाद अगले 100 दिनों में वे क्या करेंगे उसकी चर्चा करके दिल्ली के लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी संसदीय क्षेत्रों की प्रतिज्ञा रैली में लोगों से लगातार कहा था कि भाजपा सांसदों ने 10 वर्षों में कुछ नहीं किया और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने उम्मीदवार बदल देगी, जो दिल्लीवासियों के सामने है। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि आने वाले समय में दिल्ली कांग्रेस भाजपा के सातों सांसदों की नाकामियों के खिलाफ चार्जशीट निकालेगी। क्योंकि भाजपा सांसदों ने दिल्ली के विकास और लोगों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया जिसको हम जनता के बीच उजागर करेंगे।

# सुजीत ठाकुर ने चलाया अभियान, भाजपा की योजनाओं से कराया अवगत





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी अभियान के तहत चांदनी चौक लोकसभा के शालीमार बाग विधानसभा में रोड़ नम्बर-26, हैदरपुर, नेहरू कैंप, सेवा बस्ती, दुर्गा मंदिर में पूर्वांचली भाईयों-बहनों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 10 सालों में किए हुए गरीब कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचा गया। उक्त जानकारी पूर्व निगम पार्षद व भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी अभियान के सहसंयोजक सुजीत ठाकुर ने दी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी अभियान के सह संयोजक सुजीत ठाकुर के अलावा झुग्गी झोपड़ी अभियान के जिला संयोजक विशाल पांडेय, विधानसभा संयोजक बब्लू राय, सुचिता पंडतानी, शीला, गीता यादव, सीमा, अमर कुमार, चन्दन अन्य सभी कार्यकर्ता एवम सभी सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र : दीपक सिंह बने 'आम आदमी पार्टी' यूथ विंग के उपाध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र सभी राजनीतिक पार्टियां जोरो-शोरों से तैयारियों में जुट गई है। इसी क्रम में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी ने दीपक सिंह को यूथ विंग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिसके बाद दीपक ने क्षेत्रीय विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी सहित पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया।

**कई लोग रहे मौजूद:** कार्यक्रम के दौरान पूर्व निगम पार्षद रिंकू माथुर, कपिल नागर, सचिन गर्ग, सूरज, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष गुप्ता, राजेंद्र कुमार, शाम माथुर, सोनू, मोनू, शंकर, वीरेंद्र माथुरी, सनी, विपिन कुमार, सुनील मनराल, करण, गुरप्रीत सिंह, राजा, रवि, सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। इस मौके पर पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई दी।

**पूरी श्रद्धा से निभाउंगा जिम्मेदारी:** इसके साथ ही दीपक ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर विश्वास दिखाते हुए जो दायित्व सौंपा है, मैं उस दायित्व को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाउंगा जैसे पहले भी लोगों की सेवा करता रहा हूं वैसे ही मैं लोगों की सेवा करता रहूंगा। दीपक ने कहा कि आम आदमी पार्टी में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है, हमारी पार्टी नहीं एक परिवार है जहां सभी मिलजुल कर रहते है व लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते है।

**आप नहीं करती किसी से भी भेदभाव:** दीपक ने कहा है आम आदमी पार्टी की नियत और नीति दोनों ही साफ है। आप ने हमेशा ही लोगों के हितो के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। वहीं दीपक ने बताया कि आप ने दिल्ली में सबसे ज्यादा काम करके दिखाया हैं। आम आदमी पार्टी संयोजक व सीएम अरविंद केजरीवाल अपने किए हुए कामों को लेकर कभी भी अपने मुहं से बखान नहीं करते है। दीपक ने कहा कि भाजपा बस वोट बैंक की राजनीति करने में अव्वल दर्जे की पार्टी है।

# इन्द्रप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति ने मनाया रंगोत्सव










**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में इन्दप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति के द्वारा बड़े ही भव्य रूप में होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर आये हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर मान-सम्मान किया गया। आये हुए विशिष्ट अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे। इसके बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

**समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का किया स्वागत:** कार्यक्रम के दौरान आये हुए गणमान्य लोगों का समिति के पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। सभी को चंदन का टीका लगाया गया।

**हास्य कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन:** होली मंगल मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान आयोजको के द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। जिसमें कवि रसिक गुप्ता और विनय विन्रम ने कविता पाठ किया। जिसमें हास्य और देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं का पाठ किया गया।

**खेली गई फूलों की होली:** होली मंगल मिलन कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने फूलों ही होली खेली और एक-दूसरों को होली की बधाई दी। इस दौरान सभी के चेहरे पर एक अलग सी खुशी देखने को मिली।

**लोगों ने की कार्यक्रम की सराहना:** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने इन्दप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति के कार्यों की सराहना की और कहा कि समिति बड़ा ही अच्छा कार्य कर रही है। समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर संस्था ने वरिष्ठजनों को एक मंच पर लाने का काम किया है।

**किया गया पुस्तक का विमोचन:** इस दौरान संस्था की और से एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। पुस्तक में हिंदू रीति रिवाज से जुड़ी जानकारियों के अलावा व्रत-त्योहारों की विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अलावा संस्था के सदस्यों की सूची और पूरी जानकारी इस पुस्तक में उपलब्ध है।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, विधायक पवन शर्मा, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, पूर्व निगम पार्षद नवीन त्यागी, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**जय प्रकाश यादव, पूर्व विधायक:** इन्दप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति के द्वारा आज बड़े ही भव्य रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, मैं इसके लिए पूरी समिति की सराहना करता हूं और सभी को होली की बधाई देता हूं।



**नवीन त्यागी, मुख्य संरक्षक:** समिति सभी राष्ट्रीय, धार्मिक व सामाजिक पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाती है और किसी भी बुजुर्ग का जन्मदिन हो तो उनके घर पर जाकर संस्था जन्मदिन मनाती है। मैं सभी को होली की बधाई देता हूं।




**ओम प्रकाश कौशिक, प्रधान:** आज प्राचीन शिव मंदिर में इन्दप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है, मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं।



**हरीश भारद्वाज, संरक्षक:** मैं सभी को रंगों के त्योहार होली ही बधाई देता हूं और प्रभु से प्रार्थना करता हूं प्रभु सभी के जीवन में खुशियां लाये। साथ ही समारोह में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का भी धन्यवाद करता हूं।





# दस सालों में जनता का विश्वास भाजपा में बढ़ा है : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**बातचीत**

8 डबल इंजन सरकार द्वारा कराए गए विकास को लेकर जनता के बीच जाएगी भाजपा : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा सरकार में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए कामों के दम पर जनता के बीच जाएंगे। श्री सैनी मंगलवार को पंचकूला में स्थित नाड़ा साहिब गुरुद्वारा में माथा टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि नाडा साहिब गुरुद्वारा से आशीर्वाद लेकर वे करनाल से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा और पूर्व विधायक लतिका शर्मा उपस्थित रहीं।



नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं में जोश है। हरियाणा से 10 के 10 कमल खिलाकर मोदी जी के पास भेजने का काम हरियाणा करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को एक नई दिशा देने का काम किया है। गरीब व्यक्तियों को योजनाबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाया है। सीएम सैनी ने कहा कि इन दस सालों में डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है।



नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती से आगे बढ़ाने के साथ-साथ दुनिया में भारत के मान और सम्मान को उंचा किया है। चार करोड़ गरीब लोगों को पक्का मकान, गरीब महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन और हर घर नल से जल देकर लोगों के जीवन को सरल बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसान हितैषी सरकार है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जोड़कर उनको मजबूत और सशक्त करने का काम 10 सालों में हुआ है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बनाकर मोदी सरकार ने किसानों को फसलों में होने वाले नुकसान से बचाया है। गरीब व्यक्ति को डबल इंजन की सरकार ने पांच लाख रुपये का अधिकार देकर आयुष्मान और चिरायु योजना के तहत देकर सुरक्षित किया है।

नायब सैनी ने कहा कि डबल इंजन सरकार में बिना पर्ची और बिना खर्ची से नौकरियां लगने के कारण युवाओं का विश्वास भाजपा की सरकार पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार प्रदेश के हित में और लोगों की सुरक्षा और सम्मान के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं। मोदी जी के विजन को सशक्त करने के लिए हरियाणा से 10 के 10 कमल खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के पास भेजेंगे।

पंचकूला से करनाल तक जगह-जगह हुआ मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

नाड़ा साहिब गुरुद्वारा से आशीर्वाद लेने के बाद रोड शो करते हुए मुख्यमंत्री का काफिला करनाल की ओर रवाना हुआ। अंबाला पहुंचने पर बलदेव नगर सैदपुर में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। भारी संख्या में उमड़े लोगों ने जयश्रीराम, भारत माता की जय, मोदी-नायब जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला कुरूक्षेत्र पहुंचा जहां पिपली से कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

हजारों की संख्या में उमड़े लोग मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ करनाल पहुंचे जहां पर कार्यकर्ताओं ने श्री सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ घरौंडा पहुंचे जहां पर हजारों कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का अभिनंदन एवं स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### हिसार: डिजिटल युग ने युवाओं के समक्ष संभावनाओं व अवसरों के द्वार खोले: नरसी राम बिश्नोई

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि वर्तमान समय में दुनिया तेजी से बदल रही है। डिजिटल युग ने जहां युवाओं के समक्ष नई संभावनाओं और अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं चुनौतियों को भी जन्म दिया है। इस युग में वही युवा कामयाब है, जो इन चुनौतियों को अवसरों में बदलकर आगे बढ़ेगा। वे मंगलवार को विश्वविद्यालय कैरियर काउंसलिंग सेल विभाग के सौजन्य से 'डिजिटल युग में उद्योग उन्मुख उभरते कैरियर विकल्प' विषय पर चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

पीडब्ल्यूडी विभाग नोएडा के एसोसिएट जनरल मैनेजर आलोक प्रताप सिंह कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर तथा कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यशाला की संयोजिका डा. मोनिका, समन्वयक डा. निधि तुरान, डा. संजय कुमार व डा. जयदेव बिश्नोई उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि हमेशा उसी क्षेत्र में जाएं जिसमें आपकी रूचि हो तथा विश्वास हो कि इस क्षेत्र में आप अच्छा कर सकते हैं। किसी भी क्षेत्र को अपने करियर के रूप में चुनने से पहले उससे संबंधित सभी आवश्यक जानकारी इकट्ठा कर लें। इसके लिए आप पसंदीदा क्षेत्र के सफल लोगों से मिल सकते हैं और उनकी सलाह ले सकते हैं। किसी भी सफल व्यक्ति से प्रभावित हुए बिना अपनी योग्यता और कौशल का अच्छी तरह से विश्लेषण करें तथा फिर संबंधित क्षेत्र में जाने का मन बनाएं।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि वर्तमान बदलते वैश्विक परिदृश्य में यह जरूरी है कि विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता अवश्य हासिल करें। अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ अपने कौशल को बढ़ाने के लिए किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता भी आवश्यक है। विश्वविद्यालय में कौशल विकास को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों के लिए लघु अवधि सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए हैं।

विषय विशेषज्ञ आलोक प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अपने क्षेत्र में सफलता पाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते रहें। सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि अपने कोर्स की पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को वर्तमान समय में अतिरिक्त कौशल भी बढ़ाने की जरूरत है। विद्यार्थियों को यह भी समझना होगा कि किसी विषय की पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के लिए क्या-क्या जरूरी है।

### नारनौल: आदर्श आचार संहिता के दौरान संपत्ति के विरूपण की रोकथाम के लिए आदेश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

लोकसभा चुनाव-2024 के आदर्श आचार संहिता के दौरान संपत्ति के विरूपण की रोकथाम के लिए मंगलवार को जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने आदेश पारित किए हैं। बिना अनुमति के किसी व्यक्ति की भूमि, भवन परिसर व दीवार पर झंडा फहराना, बैनर लगाना, नोटिस चिपकाना तथा नारे लिखना आदि पर पाबंदी रहेगी।

आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार अपने अनुयायियों को किसी व्यक्ति की भूमि एवं भवन परिसर, दीवार आदि का उपयोग करने की अनुमति नहीं देगा। बिना उसकी अनुमति के झंडा फहराना, बैनर लगाना, नोटिस चिपकाना, नारे लिखना आदि पर पाबंदी रहेगी। जहां कहीं भी भवन के मालिक की लिखित अनुमति के बिना संपत्ति का विरूपण किया गया, तो चाहे वह सार्वजनिक हो या निजी, संबंधित पार्टी, संघ व उम्मीदवार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 425, 420, 427, 433 आदि या दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 133 और हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम और नगरपालिका कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

यह भी स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक भवन में सार्वजनिक संपत्तियां शामिल होंगी, लेकिन राजमार्गों पर और सड़कों के महत्वपूर्ण चौराहों पर साइन बोर्ड, सड़क दिशा-निर्देश, राजमार्गों पर मील के पत्थर, रेलवे प्लेटफॉर्म, बस टर्मिनल पर एहतियाती नोटिस बोर्ड या आम जनता की सुविधा के लिए प्रदर्शित कोई अन्य नोटिस या साइन बोर्ड पर पाबंदी रहेगी। उपरोक्त निर्देशों का कोई भी उल्लंघन या उनका अनुपालन नहीं करता तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## क्या नुपूर शर्मा होंगी रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार?

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करनी शुरू कर दी है। यूपी में अब तक 51 सीटों के उम्मीदवार तय किये जा चुके हैं, जबकि 24 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा होनी है। लेकिन इसी बीच कहा जा रहा है कि भाजपा ने नूपुर शर्मा को रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय कर लिया है। हालांकि, भाजपा नेताओं ने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। दरअसल, रायबरेली की लोकसभा सीट गांधी परिवार कीसीट मानी जाती है। सोनिया गांधी ने इस सीट पर पिछले चुनाव में जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से चुनावी राजनीति में उतरने से इनकार कर दिया था।

## चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन ने दिया धरना

**धरना**

8 वीसी डा. रणपाल सिंह ने दोनों पक्षों को बुलाया और मध्यस्थता कर धरने को समाप्त करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में गैर शैक्षणिक कर्मचारी संगठन ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मियों का कहना था कि विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन द्वारा गैर कानूनी तरीके से नॉन टीचिंग स्टाफ प्रमोशन को लेकर भेदभाव कर रही हैं। नॉन टीचिंग स्टाफ के धरने पर बैठने पर वीसी डा. रणपाल सिंह ने दोनों पक्षों को बुलाया और मध्यस्थता कर धरने को समाप्त करवाया।




विश्वविद्यालय में गैर शैक्षणिक कर्मचारी संगठन के प्रधान निर्भय सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी नियमों के अनुसार कैडर से बाहर व्यक्ति को प्रमोशन नहीं दिया जा सकता है। परंतु इन आदेशों की अवहेलना करते हुए रजिस्ट्रार ने सतिंदर कौर जो कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के स्टेनो टाइपिस्ट के पद पर कार्यरत थी, उन्हें गैरकानूनी ढंग से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में असिस्टेंट के पद पर नियुक्त कर दिया गया है। निर्भय सिंह का कहना है कि सतिंदर कौर असिस्टेंट पद के लिए न्यूनतम योग्यता भी नही रखती हैं। उन्हें बिना टाइपिंग टेस्ट के जो कि असिस्टेंट पद के लिए बेहद जरूरी होता है, बिना टेस्ट लिए नियुक्ति प्रदान कर दी गई। इस कारण विश्वविद्यालय द्वारा सतिंदर कौर को अतिरिक्त वेतन दिया जा रहा है, जिससे सरकार को लाखों रुपये का निरंतर चूना लग रहा है। नॉन टीचिंग एसोसिएशन के उपप्रधान प्रवीण कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में जो लंबे समय से कार्यरत कर्मचारी हैं, उन्हें प्रमोशन नहीं दी जा रही है। परंतु भ्रष्टाचार व चाटुकारिता करने वाले कर्मचारियों की पदोन्नति निरंतर की जा रही है। उनका कहना था कि जब कोई कर्मचारी अपना हक मांगता है तो रजिस्ट्रार द्वारा नौकरी से सस्पेंड करने की धमकी दी जाती है। वहीं नॉन टीचिंग कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। यूनिवर्सिटी के लैब असिस्टेंट रामकुमार व सोनू शर्मा जोकि गार्ड के पद पर कार्यरत थे, रजिस्ट्रार द्वारा धमकी दिए जाने से उनकी मृत्यु तक हो चुकी है। कुलसचिव लवलीन मोहन द्वारा प्रमोशन की फाइल अनुचित तरीके से रोकी जा रही है, जिसमें कंप्यूटर विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रो. डा. अनुपम भाटिया की फाइल 2022 में पांच महीने से रोकी गई थी।

## हिसार: युवा इनेलो कार्यकारिणी में की गई नई नियुक्तियां

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

युवा इनेलो के जिला प्रधान विकास श्योराण ने युवा कार्यकारिणी में नई नियुक्तियां की हैं। मंगलवार को पार्टी के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के आदेशानुसार युवा राष्ट्रीय प्रधान महासचिव करण चौटाला एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष उदयवीर राणा से विचार-विमर्श करके ये नियुक्तियां की गई हैं।



युवा इनेलो के जिला अध्यक्ष विकास श्योराण ने मंगलवार को बताया कि कार्यकारिणी में मेहनती व निष्ठावान कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसके तहत राहुल बेनीवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुनील किरमारा, उज्ज्वल सोनी, राजेश श्योराण, सोनू कालीरमन मिजार्पुर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा रजनीश डांगी भैणी अमीरपुर को प्रधान महासचिव, अनिल घनघस को संगठन सचिव, दीपक जांगड़ा, अमरपाल चाहर, संदीप सहारण, नरेश श्योराण हैबतपुर, अजीत खटकड़ खेदड़, मानसिंह चौहान को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि राहुल सिंधड, सचिन कुंडू किनाला, अजय कोथ, अंकित चहल, मनदीप दलाल, सुरेश लोहरा, सुमित किरमारा, हरदीप सिहाग, प्रदीप सेहरावत, संदीप रेढ़ू, दिनेश भकलाना को जिला सचिव तथा सतीश राव को प्रचार सचिव नियुक्त किया है।

## किशोरी का फंदे से लटकता शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/जलपाईगुड़ी**

फूलबाड़ी-2 नंबर ग्राम पंचायत अंतर्गत युगिभिटा इलाके से मंगलवार देर शाम एक किशोरी का फंदे से लटकता शव बरामद किया गया है। किशोरी का नाम मुस्कान परवीन (16) था। वह कक्षा नौवीं की छात्रा थी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मुस्कान रोजाना की तरह शाम को भी घर पर ही थी। अचानक उसकी मां घर के कमरे में मुस्कान को फंदे से लटकता देखा। इसके बाद घटना की जानकारी एनजेपी थाने की पुलिस को दी। खबर मिलते ही एनजेपी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया।

## वोट डालने में दिलचस्पी लें मतदाता: अनुराग अग्रवाल



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से आह्वान किया है कि 25 मई, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने में दिलचस्पी लें। लोकतंत्र में राजनीतिक पार्टियों और मतदाताओं की भागीदारिता जरूरी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को चुनाव कार्यालय पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य की राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक करोड़ 98 लाख 29 हजार 675 मतदाता आम चुनाव के दिन मतदान कर "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" का हिस्सा बनें। अग्रवाल ने कहा कि 16 मार्च, 2024 को लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी प्रत्याशियों व राजनीतिक पार्टियों को इसका पालना करना अनिवार्य है। उम्मीदवार जैसे अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगा, तभी से उसके चुनावी खर्चे की गणना आरंभ हो जाएगी। उम्मीदवारों को अलग से बिल खाते का ब्यौरा देना होगा। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 12 हजार 500 रुपये होगी।

अग्रवाल ने कहा कि नामांकन पत्र भरते समय उम्मीदवारों को फॉर्म 26 एफिडेविट के रूप में भरकर देना होगा, जिसे नोटरी या क्लास वन मजिस्ट्रेट से सत्यापित करवाना होगा। स्टार कंपैनर के लिए वाहन के उपयोग के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से अनुमति लेनी होगी। चुनाव के दिन एक वाहन में चालक सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों की अनुमति होगी। चुनाव रैलियों के लिए उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी स्थान निर्धारित करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कुछ मोबाइल एप्लीकेशन तैयार किए हैं, जिनमें वोटर हेल्पलाइन, सक्षम ईसीआई, सी विजिल, वोटर टर्न आउट, अपने प्रत्याशी के बारे में जाने शामिल है। इन एप्लीकेशन से मतदाताओं को घर बैठे तमाम जानकारियां उपलब्ध करवाने की सुविधा दी गई है। प्रदेश में कुल 19 हजार 812 मतदान केन्द्र स्थापित होंगे, जिनमें सभी मूलरूप जन सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## दहेज के लोभियों ने विवाहिता की हत्या, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

पलवल में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने आरोप लगाया कि उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। बेटी को जन्म देने पर व दहेज में 5 लाख नकद व बुलेट बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने पति सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला नूंह के निवाना गांव निवासी चिरंजी लाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी बेटी गजना की शादी 16 फरवरी 2020




को सहनोली गांव निवासी सोनू के साथ की थी। शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के बाद से ससुराल जन पति सोनू, सास बवीता, ननद पूजा, देवर पवन व ससुर राकेश दहेज के लिए उसकी बेटी के साथ मारपीट करने लगे।

शादी के बाद उसकी बेटी ने एक कन्या को जन्म दिया, जो कि अब तीन वर्ष की है। आरोपियों ने उसकी बेटी से कहा कि अब तूने बेटी को जन्म दिया है, तो मायके से 5 लाख रुपए नकद व बुलेट बाइक लाकर दे। उसका आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बेटी गजना की रविवार देर शाम इन सभी आरोपियों ने मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी।

हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि पिता चिरंजीलाल की शिकायत पर इन सभी आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## किसान नेता अक्षय नरवाल की रिहाई नहीं हुई तो होगा बडा आंदोलन: प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

किसान नेत्री प्रियंका खरकरामजी, अक्षय के भाई अजय और एडवोकेट रणबीर नरवाल ने कहा कि दातासिंहवाला बार्डर से 13 फरवरी को गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं की सोमवार को भी रिहाई टलवा दी गई। अब इस मामले में बुधवार को अदालत में सुनवाई होनी है। उन्होंने मंगलवार को प्रशासन को चेताया है कि अगर बुधवार को अक्षय नरवाल और उसके साथियों को रिहा नहीं किया गया तो वह बड़ा कदम उठा सकते हैं।



किसान नेत्री प्रियंका खरकरामजी, अक्षय के भाई अजय और एडवोकेट रणबीर नरवाल मंगलवार को जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिजनों के अनुसार अक्षय नरवाल ने कहा है कि जब तक उन्हें रिहा नहीं किया जाता, तब तक वह जेल के अंदर अन्न का एक दाना भी ग्रहण नहीं करेंगे। अक्षय का कहना है कि वह निर्दोष हैं, उसके खिलाफ बॉर्डर पर कोई सबूत नहीं मिले है। इसके बावजूद भी उसे रिहा नहीं किया जा रहा। प्रियंका खरकरामजी ने कहा कि अगर 20 मार्च को अक्षय की रिहाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वह जेल के बाहर अनशन भी शुरू कर सकते हैं।

अक्षय नरवाल के भाई सुशील नरवाल ने कहा कि अक्षय नरवाल के साथ बात नहीं करने दी जा रही। सरकार ने मौलिक अधिकारों का हनन किया है। सरकार को बता देना चाहते हैं कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। संदीप चहल ने कहा कि अगर 20 मार्च तक अक्षय को रिहा नहीं किया गया तो प्रशासन आगामी रणनीति का अंजाम भुगतने को तैयार रहे। इस दौरान जाट धर्मशाला में पत्रकारों से भी बातचीत की और उन्होंने अक्षय की रिकार्डिंग सुनाई। जिसमें किसान नेता अक्षय नरवाल ने जेल के अंदर अनशन शुरू करते हुए कहा है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता, उनका संघर्ष और अनशन जारी रहेगा। जेल प्रशासन द्वारा अनशन की बात को नकारने के बाद प्रियंका खरकरामजी, अजय नरवाल और एडवोकेट रणबीर ने बताया कि अक्षय नरवाल ने जेल के अंदर भगत सिंह और दीनबंधु छोटूराम की फोटो, पेन और डायरी मांगी थी लेकिन प्रशासन ने उसे उपलब्ध नहीं करवाई।

## दो दिवसीय चौथी खेलो इंडिया एनटीपीसी रैंकिंग महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

रोमांचक मुकाबलों के साथ चौथी खेलो इंडिया एनटीपीसी रैंकिंग महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को मेडलों की बारिश के साथ शानदार समापन हुआ। चौथी खेलो इंडिया एनटीपीसी रैंकिंग महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने खिलाडि?ों को आशीर्वाद देकर किया।

जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव मुनीत बेरवाल ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के वरिष्ठ कंपाउंड राऊंड में महाराष्ट्र की पठान महक पहला स्थान, झारखंड की अनीता कुमारी दूसरा स्थान, आरएसपीबी की निधि शर्मा तीसरे स्थान पर रही। कनिष्ठ कंपांड राऊंड में दिल्ली की अक्षिता पहला स्थान, आरएसपीबी की रिया डागर दूसरा स्थान, दिल्ली से प्रगति तीसरे स्थान पर रही।

उप कनिष्ठ कंपांड राऊंड में उत्तर प्रदेश की वरेण्य राणा पहला स्थान, राजस्थान की कुमकुम दूसरा स्थान, उत्तर प्रदेश से निष्ठा गुप्ता तीसरे स्थान पर रही। वरिष्ठ रिकर्व कंपांड राऊंड में राजस्थान की अमनदीप कौर पहला स्थान, राजस्थान की वर्षा सोना दूसरा स्थान, उत्तर प्रदेश से इशिता तीसरे स्थान, कनिष्ठ रिकर्व कंपांड राऊंड में महाराष्ट्र की मानसी विजय पहला स्थान, हरियाणा की आयुषी कादयान दूसरा स्थान, महाराष्ट्र से शिरवरी सोमनाथ शिंदे तीसरे स्थान पर रही। उप कनिष्ठ रिकर्व कंपांड राऊंड में हरियाणा की अनुरंजिनी अहलावत पहला स्थान, उत्तर प्रदेश की किसना दूसरा स्थान, गुजरात से पाधिर मूर्ति तीसरे स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि इंडस पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर रचना श्योराण ने खिलाडि?ों को मेडल वितरित किए।

**फास्ट न्यूज**

## एसआई बनने से पहले ही गिरोह से जुड़कर लगवा रहे थे नौकरियां

**जयपुर:** एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में पेपर लीक कर और डमी कैंडिडेट बैठाकर पास करने वाले 14 ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों के घरों की जांच में कई दस्तावेज मिले है। इन दस्तावेज से कई चौकाने वाली बातें सामने आई हैं। सब इंस्पेक्टरों ने स्वयं ही पेपर लीक या डमी कडिडेट बैठाकर परीक्षा पास ही नहीं की बल्कि कई लोगों से रुपये लेकर अलग-अलग परीक्षाओं में पेपर के माध्यम से सरकारी नौकरी लगवा दी। सब इंस्पेक्टरों के घरों में मिले दस्तावेज से सामने आया कि सब इंस्पेक्टर दलाल बन कर काम कर रहे थे। पिछले कई सालों में इन्होंने एलडीसी, यूडीसी, थर्ड ग्रेड शिक्षक, सेकंड ग्रेड, लाइब्रेरियन, वनरक्षक, कृषि और लेक्चरर की परीक्षाओं में पैसे लेकर कई रिश्तेदारों और मिलने वालों को नौकरी लगवा चुके है। अब पुलिस इन दस्तावेज के आधार पर उन लोगों की तलाश कर रही है जो कि इनकी मदद से वर्तमान में सरकारी सेवा में है। सब इंस्पेक्टरों के पास से बड़ी संख्या में खाली चैक, ओएमआर सीट, पेपर सहित अन्य कई दस्तावेज मिले है। सब इंस्पेक्टर की नौकरी लगने के पहले से ये लोग पेपर लीक सहित अन्य माध्यमों से नौकरी लगवाने के काम में जुट हुए थे। एसओजी की राडार में 14 ट्रेनी एसआई के अलावा करीब 200 सब इंस्पेक्टर राडार पर है। एसओजी ने 14 में से 13 सब इंस्पेक्टरों के घर पर छापामारी की थी। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि जयपुर वापस लौटने के बाद रात को एसओजी की टीम ने जब्त दस्तावज को आरोपितों के सामने रखा। इन लोगों ने दस्तावेज के बारे में जानकारी दी। जब्त दस्तावेज में एसओजी को इन ट्रेनी एसआई से अन्य गैंग की भी जानकारी मिली है, जो की पेपर लीक में काफी समय से एक्टिव हैं। जयपुर के जगतपुर में एसकेआईटी रोड पर श्याम रेजीडेंसी स्थित डिप्टी एसपी ओमप्रकाश गोदारा के आवास पर छापा मारा गया था। ओमप्रकाश गोदारा का बेटा करणपाल भी गिरफ्तार एसआई में शामिल है। रेड के दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। पूरी रेड की मॉनिटरिंग डीआईजी परिस देशमुख व योगेश दाधीच ने की। जोधपुर, बाड़मेर, चूरू में भी रेड की गई थी। सभी जगह से देर रात जयपुर पहुंची।

## अगले सप्ताह तक उत्तर-पश्चिम राजस्थान में पारा पहुंच जाएगा 40 पार

**जयपुर:** प्रदेश में अब गर्मी धीरे-धीरे अपने रंग में आने लगी है। सवाईमाधोपुर को छोड़कर बाकी शहरों का पारा 30 पार दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश के 6 शहरों का पारा 35 पार रहा। 38 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन सबसे गर्म रहा। इसके अलावा जैसलमेर, जोधपुर, डूंगरपुर, फलोदी और जालौर का दिन का पारा 35 पार रहा।

मौसम विभाग के अनुसार 26-27 मार्च तक उत्तर-पश्चिम राजस्थान के शहरों का पारा 40 पार पहुंचने की संभावना है।

# अंबेडकरनगर सीट: बसपा को 'योद्धा' की तलाश

### जीत के क्रम को बरकरार रखने के लिए बसपा योद्धा तलाश रही है, जिससे गढ़ की एक दीवार को फिर से मजबूत किया जा सके

**चुनावी समर**

**बसपा के पास एक मात्र सांसद की सीट थी, जो अब रितेश पांडेय के भाजपा में चले जाने के बाद हाथों से फिसल गई**



**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबेडकरनगर:** कभी बसपा का गढ़ रहा अंबेडकरनगर अब सपा के दुर्ग में बदल चुका है। यहां की पांचों विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है। बसपा के पास एक मात्र सांसद की सीट थी, जो अब रितेश पांडेय के भाजपा में चले जाने के बाद हाथों से फिसल गई है। लोकसभा सीट को बचाने और जीत के क्रम को बरकरार रखने के लिए बसपा योद्धा तलाश रही है, जिससे गढ़ की एक दीवार को फिर से मजबूत किया जा सके। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। यहां छठवें चरण में 25 मई को मतदान होना है। बसपा छोड़कर आए सांसद रितेश पांडेय को भाजपा ने यहां अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। सपा ने भी कांग्रेस संग इंडिया गठबंधन की ओर से कटेहरी विधायक लालजी वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया है। दोनों दलों के प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार में दम-खम के साथ जुट गए हैं।

**बसपा अब तक नहीं कर सकी प्रत्याशी का चयन :** वहीं, बसपा अभी तक यहां प्रत्याशी का चयन नहीं कर सकी है। भाजपा व सपा के घोषित प्रत्याशी पहले हाथी की सवारी कर चुके हैं ऐसे में बसपा यहां ऐसा योद्धा तलाश रही है जो दोनों का मुकाबला कर जीत के क्रम को बनाएं रखे। पार्टी की ओर से जरूर कुछ दावेदार सामने आए हैं और उन्होंने दावेदारी भी पेश की है, लेकिन बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती अभी किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच सकी हैं। बसपा यहां वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव दौरान सबसे अधिक कमजोर हुई थी, जब उसके कद्दावर नेता सपा में चले गए। वर्तमान में बसपा छोड़ सपा में जाने वाले रामअचल राजभर अकबरपुर, लालजी वर्मा कटेहरी, त्रिभुवन दत्त आलापुर और राकेश पांडेय जलालपुर से विधायक हैं। हालांकि, अपनी नींव को दोबारा मजबूत करने के लिए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, जोनल कोआर्डिनेटर घनश्याम चंद्र खरवार लगातार कैंप किए हैं। कैडर सम्मेलन कर सभी को वापस पार्टी से जोड़ने की कवायद चल रही है। बसपा के जिलाध्यक्ष सुनील सांवत ने बताया कि होली त्योहार के आसपास पार्टी अपना प्रत्याशी घोषित करेगी।

### पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा को मिला था सपा गठबंधन से फायदा

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा को यहां सपा के साथ गठबंधन का फायदा मिला था। इसी की बदौलत बसपा के प्रत्याशी रितेश पांडेय को 95 हजार वोटों से जीत मिली थी। वहीं भाजपा के प्रत्याशी मुकुट बिहारी उपविजेता बने थे। उस चुनाव में बसपा कैडर के साथ ही सपा के वोट भी शामिल थे, लेकिन इस बार सपा-कांग्रेस सहित अन्य दलों का गठबंधन है। वहीं बसपा अलग-थलग चुनाव मैदान में उतरी है। ऐसे में यहां रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

**बसपा के थे तीन विधायक:** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान तीन विधानसभा सीटों पर बसपा का कब्जा था। कटेहरी से लालजी वर्मा, अकबरपुर से रामअचल राजभर व जलालपुर से रितेश विधायक थे। वहीं टांडा व आलापुर सीट भाजपा के पास थी। टांडा से भाजपा की संजू देवी व आलापुर अनीता कमल विधायक थी। लोकसभा चुनाव में इसी का फायदा बसपा को मिला था।

## 'बीजेपी ने पशुपति पारस को अवसर दिए'




**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। पशुपति पारस ने कहा कि उनको एनडीए में उचित सम्मान नहीं मिला, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया। पशुपति पारस के इस्तीफे पर अब बीजेपी की प्रतिक्रिया आ गई है। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा, "बीजेपी-एनडीए सभी का सम्मान करती है और सभी को अवसर देती है। बीजेपी पुराने सदस्यों का सम्मान करती है और नए सदस्यों का स्वागत करती है और हमने उन्हें भी अवसर दिया है।"

**'हमने पशुपति पारस को अवसर दिए':** विजय सिन्हा ने कहा कि चिराग पासवान उनके परिवार के सदस्य हैं और चिराग को रामविलास पासवान के निधन के बाद अवसर मिलना चाहिए था, लेकिन फिर भी पार्टी (बीजेपी) ने उन्हें (पशुपति कुमार पारस) अवसर दिए, इसलिए वो कैबिनेट मंत्री बने।

## अखिलेश यादव को लगा करारा झटका



**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुर:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं आजीवन प्रदेश अध्यक्ष रहे स्व. चौ. रामशरण दास के पुत्र चौ. जगपाल दास गुर्जर के साइकिल से नाता तोड़कर रालोद का हैंडपंप चलाने के निर्णय से सपा में खलबली मची है। चौ. जगपाल दास ने सोमवार को रालोद सुप्रीमो के समक्ष पार्टी में शामिल होने की घोषणा कर दी है।

**जगपाल दास का राजनीतिक सफर:** चौ. जगपाल दास का राजनीतिक सफर स्व. चौ. रामशरण दास के जीवनकाल से ही शुरू हो गया था। इसके बावजूद समाजवादी चिंतक होने के नाते चौ. रामशरण दास ने परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देते हुए जगपाल दास को राजनीति में कभी सक्रिय भूमिका नहीं निभाने दी थी वैसे चौ. जगपाल दास ने सरसावा विधायक निर्भयपाल शर्मा की हत्या के बाद सरसावा विधान सभा क्षेत्र (वर्तमान में नकुड़) से उपचुनाव सपा के सिंबल पर लड़ा, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। यही नहीं चौ. रामशरण दास के निधन के बाद जगपाल दास को सपा सरकार के दौरान जिलाध्यक्ष और बाद में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा प्रदेश सचिव जैसे पदों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बावजूद जिले में सपा कोई खास कमाल नहीं कर पाई।

**घोषणा**

**चौ. जगपाल दास ने रालोद सुप्रीमो के समक्ष पार्टी में शामिल होने की घोषणा कर दी**

**पार्टी छोड़ने पर सभी हैरान:** समाजवादी पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बाद भी जगपाल दास के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के परिवार से करीबी रिश्ते जगजाहिर हैं।

## यूपी के 51 शिक्षकों पर गिरी गाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**औरैया:** जनपद में तीन केंद्रों में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। पिछले दो दिनों से बड़ी संख्या में शिक्षक अनुपस्थित हो रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने मूल्यांकन कार्य में अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई शुरू कर दी। 51 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए। सभी से जवाब मांगा गया है। इनमें सहायता प्राप्त विद्यालयों के 50 शिक्षक व एक सरकारी विद्यालय का शिक्षक शामिल है। साथ ही जितने दिन ये गैरहाजिर रहे, उतने दिनों के वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। जिले में गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज बिधूना, वैदिक एवं औद्योगिक इंटर कालेज दिबियापुर और नगर पालिका इंटर कालेज औरैया में मूल्यांकन कार्य चल रहा है।

## चुनाव में 900 सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी नजर

**टीम एक्शन इंडिया**

**रुद्रपुर:** अराजक तत्वों और संदिग्धों पर नजर रखने के लिए पड़ोसी देश नेपाल और उत्तर प्रदेश से सटे ऊधम सिंह नगर के बॉर्डर पर 900 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से नजर रहेगी। जिसकी मॉनिटरिंग एसएसपी कार्यालय से की जाएगी। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा ने अपना प्रत्याशी का नाम तय कर दिया है। जबकि कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दल भी जल्द ही अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा जल्द कर सकते है। ऐसे में जिला और पुलिस प्रशासन ने भी चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है।



**पुलिस, पीएसी के साथ पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात:** लोकसभा चुनाव के लिए हो रही तैयारी के तहत जहां पुलिस, पीएसी के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स की ड्यूटी पड़ोसी राज्य नेपाल की सीमा और जिले से सटे उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद और बिजनौर जिले के बॉर्डर पर लगाई गई है। जो चौबीस घंटे बॉर्डर पर चेकिंग कर रही है।

**अराजक तत्वों पर है नजर:** चुनाव में माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों पर जसपुर, काशीपुर, कुंडा, आईटीआई, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, पुलभट्टा, सितारगंज, नानकमत्ता, खटीमा और झनकइया थाना क्षेत्र में लगे 900 सीसीटीवी कैमरों से नजर रहेगी।

**तैयारियां**

**जिला और पुलिस प्रशासन ने भी चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है**

**लगाए गए 900 से अधिक कैमरे:** एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि जिले में 900 से अधिक कैमरे जगह- जगह लगाए गए है। जिनकी मदद से लोकसभा चुनाव में पुलिस अराजक तत्वों के साथ ही संदिग्धों की हर हलचल पर नजर रखेगी।

## एक-एक लोकसभा के कार्यकर्ताओं से मिल रहे अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस से गठबंधन में आने के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने उम्मीदवार उतारने से पहले पूरी तसल्ली करना चाहते हैं। इसके लिए अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के कार्यालय में एक-एक लोकसभा के कार्यकर्ताओं से मिल रहे है। जौनपुर लोकसभा सीट के कार्यकताओं को लखनऊ बुलाये जाने के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा के नेताओं व कार्यकर्ताओं से मंगलवार को मुलाकात की। अखिलेश ने पार्टी कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार के साथ मतगणना तक ताकत लगाकर रहने को कहा है। साथ ही अखिलेश ने यह भी स्पष्ट किया है कि समाजवादी पार्टी जिसे भी उम्मीदवार बनाकर भेजे, उसे लड़ाने के लिए अपने कार्यकर्ता तैयार रहे।



**तसल्ली**

**समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने उम्मीदवार उतारने से पहले पूरी तसल्ली करना चाहते हैं**

## 'यूसीसी लागू करना उत्तराखंड सरकार की बड़ी राजनीतिक पहल'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने यूसीसी लागू करने पर उत्तराखंड सरकार का आभार व्यक्त किया है। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार ने इच्छा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए यूसीसी लागू कर बड़ी राजनीतिक पहल की है। अवैध मतांतरण पर भी रोक लगे इसके लिए यूसीसी को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।

## दरभंगा एम्स के लिए कौन सी जमीन सही?

**टीम एक्शन इंडिया**

**दरभंगा:** दरभंगा एम्स के निर्माण को लेकर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर पांच सदस्यीय केंद्रीय तकनीकी टीम पहुंची। टीम ने डीएमसीएच के मेडिकल परिसर एवं एकमी शोभन बाईपास स्थित जमीन का मुआयना किया। टीम में शामिल पीएमएसएसवाइ (प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना) के निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार ओझा ने कहा कि दोनों स्थलों के बारे में टीम तीन सप्ताह में रिपोर्ट सौंप देगी।

## अल्मोड़ा: 15 गांवों ने किया लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**अल्मोड़ा:** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में इस बार अल्मोड़ा जिले से 15 गांवों से चुनाव बहिष्कार के स्वर सुनाई दे रहे हैं। पेयजल, सड़क जैसे मुद्दों को लेकर ग्रामीण पूर्व में चुनाव बहिष्कार का एलान कर चुके हैं। चुनाव आयोग इन गांवों के ग्रामीणों को मनाने में जुटा हुआ है। अधिकारी ग्रामीणों से वार्ता भी कर चुके हैं। चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व माना गया है। महापर्व में चुनाव आयोग व प्रशासन हर व्यक्ति को मताधिकार के लिए प्रेरित कर रहा है। वहीं इसी तरह के पर्वों पर ही मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे लोगों को अपनी परेशानी दूर करवाने का एक मौका मिलता है।




**नाराज ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी:** अल्मोड़ा जिले के कई गांव आज भी सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत विभिन्न समस्याओं का दंश झेल रहे हैं। इस चुनाव से पहले जिले के 15 गांवों के ग्रामीणों ने मूलभूत समस्याओं को लेकर लोकसभा चुनाव बहिष्कार का एलान किया है। इसमें अधिकतर सड़क और पेयजल की समस्याओं से ग्रसित गांव हैं। ग्रामीणों ने पूर्व में जिला प्रशासन को चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी थी। अब चुनाव आयोग इन ग्रामीणों को मताधिकार का प्रयोग करने को मनाएगा। जिला प्रशासन ने 15 गांवों की सूची तैयार कर ली है।

**नैनी और बासुलीसेरा के ग्रामीण करेंगे मतदान:** 2019 लोकसभा चुनाव में भी चुनाव बहिष्कार के स्वर तेजी से सुनाई दे रहे थे। कुछ गांवों के ग्रामीणों को तो प्रशासन मनाने में कामयाब रही। लेकिन जागेश्वर विधानसभा के नैणी, द्वाराहाट के बासुलीसेरा और कलोटा के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार कर दिया था।

## चुनावी सीजन में ज्योतिषाचार्यों की चौखट पर पहुंचने लगे राजनीतिक दल

**टीम एक्शन इंडिया**

**ऋषिकेश:** लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ राजनीतिक दल व प्रत्याशी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में वह ज्योतिषियों की चौखट पर भी दस्तक दे रहे हैं। चुनाव से जुड़ी हर महत्वपूर्ण गतिविधि के लिए वह शुभ मुहूर्त खोजा जा रहा है। यहां तक कि किस रंग के कपड़े पहनना ज्योतिषीय दृष्टि से लाभकारी होगा, यह भी पूछा जा रहा है। ताकि मन में किसी तरह का संदेह न रहे। उत्तराखंड विद्वत सभा के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य विजेंद्र प्रसाद ममगाईं बताते हैं कि ज्योतिष शास्त्र में किसी भी कार्य के लिए शुभ लग्न का विशेष महत्व है। इससे शुभ फल की प्राप्ति होती है। चुनाव में भी महत्वपूर्ण कार्य के लिए शुभ लग्न को महत्व दिया जाता है। इसी कड़ी में विभिन्न दलों के तीन घोषित प्रत्याशियों ने सभा के सदस्यों से संपर्क किया है।

## होली पर्व को लेकर प्रशासन ने कसी कमर, शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**ललितपुर:** रंगों के पर्व होली को शान्ति व सौहार्द से मनाने को लेकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। तय किया गया है कि आगामी 24 से 27 मार्च तक विशेष सतर्कता बरती जाये। पर्व पर शराब की दुकानें बन्द रखने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशों में कहा कि सभी उप जिलाधिकारी थाना स्तर व तहसील स्तर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ होलिका दहन समिति व शान्ति समिति की बैठक कर लें। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर होली पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी कर लें। ग्रामीण क्षेत्रों में लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों की तैनाती भी कर लें। होलिका दहन स्थलों को चिह्नित कर लें, अगर यहां कोई विवाद है, तो पर्व से पूर्व उसका समाधान कर लें।

**होलिका दहन स्थलों पर चाक-चौबंद के निर्देश:** नये स्थानों पर होलिका दहन की अनुमति न दी जाये, होलिका दहन स्थलों पर चाक-चौबन्द सफाई व्यवस्था रख कर चूना डलवा दिया जाये। साथ ही इन स्थलों पर अग्नि शमन यन्त्रों की व्यवस्था भी की जाये। होली पर्व पर किसी भी प्रकार के जुलूस प्रशासन से अनुमति लेकर ही निकाले जायें। अवैध शराब के नियंत्रण को आबकारी अधिकारी टीम गठित कर कार्यवाही करें। होली के दिन देशी व विदेशी शराब की दुकानें बन्द रखने जिला आबकारी अधिकारी आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें।

परम्परागत आयोजन से अलग किसी भी कार्यक्रम की अनुमति न दी जाये। होली के जुलूस के समय तेज आवाज वाले वाद्य यंत्रों, आतिशबाजी, उत्तेजित नारे न लगाये जायें, डीजे की ध्वनि सीमा नियमानुसार ही रखी जाये।

**लट्ठमार होली**

### नंदगांव में उमड़ा लोगों का हुजूम, मथुरा और वृंदावन में होली के रंग अभी से उड़ने लगे है

## लट्ठमार होली खेलने पहुंचने लगे बरसाना के हुरियारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**वृंदावन:** होली में अब मात्र चंद दिनों का समय रह गया है। वहीं मथुरा और वृंदावन में होली के रंग अभी से उड़ने लगे हैं। यहां तरह-तरह की होली होती है और सबसे खास है लट्ठमार होली। नंदगांव में लट्ठमार होली को देखने के लिए दूर-दराज से लोग आ रहे हैं। न सिर्फ भारत, बल्कि विदेशों से भी होली के रंग में रंगने के लिए लोग मथुरा और वृंदावन पहुंच रहे हैं। नंदगांव में लट्ठमार होली देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा। नंदगांव की हुरियारिन से होली खेलने के लिए बरसाना के हुरियारे भी पहुंचने लगे हैं। लगातार बढ़ती भीड़ के बीच हवा में सिर्फ रंग ही रंग देखने को मिल रहा है। वहीं, प्रशासन ने भी होली को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी है।



**प्रसादी गुलाल में सराबोर हुए भक्त:** मंदिर में होली को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ गया है। मंदिरों में गुलाल उड़ रहा है। आराध्य के प्रतिनिधि के रूप में सेवायत मंदिर में गुलाल उड़ा रहे हैं। राधावल्लभ मंदिर में सोमवार की सुबह श्रृंगार आरती के दौरान जब गोस्वामी समाज के लोगों ने वाणी के पदों का गायन किया तो ठाकुर जी के प्रसादी गुलाल में सराबोर भक्तों के कदम थिरकने लगे।

**आई होली रे...**

**होली के उल्लास में डूबे भक्तों की खुशी का ठिकाना न रहा और एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाया**

**मंदिर में होली की बहार देखने को मिल रही है:** होली के पदों का गायन सुनकर देशभर से आए श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। तो मंदिर में होली की मदमस्त बहार नजर आने लगी।

होली के उल्लास में डूबे भक्तों की खुशी का ठिकाना न रहा और एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाया तो मंदिर में गुलाल के गुबार ही नजर आने लगे।